नई दिल्ली
नई दिल्ली, शनिवार 31 अगस्त 2019
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 23, अंक : 164
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00 *

मौसम
अधि. 34.2
न्यून. 25.9

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13
त्वेसा ने जीता हीरो महिला पीजीटी में तीसरा खिताब



विचार पेज
08 रोजगारोन्मुखी हो शिक्षा




## खबर संक्षेप

### पीके सिन्हा पीएमओ में हो सकते हैं ओएसडी नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा ने अपने दायित्वों से स्वयं को मुक्त किए जाने की इच्छा जताई है। सरकार के प्रधान प्रवक्ता सीतांशु कार ने कहा कि पीएम मोदी ने मिश्रा से दो हफ्ते तक पद पर बने रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व कैबिनेट सचिव पी. के. सिन्हा को प्रधानमंत्री ने विशेष दायित्व अधिकारी (ओएसडी) के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। नृपेन्द्र मिश्रा 2014 से प्रधानमंत्री कार्यालय में मोदी के साथ रहे हैं।

### आयकर रिटर्न दाखिल करने का अंतिम दिन आज

**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि अंतिम तिथि 31 अगस्त ही है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को आयकर विभाग ने शुक्रवार को खारिज किया। विभाग ने कहा कि 31 अगस्त तक अपने रिटर्न दाखिल कर लें। आयकर विभाग ने ट्वीट किया, सीबीडीटी के संज्ञान में यह बात आयी है कि सोशल मीडिया पर आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने को लेकर एक आदेश प्रसारित हो रहा है।

### चंद्रमा की चौथी कक्षा में पहुंचा चन्द्रयान-2

**बेंगलुरु।** चन्द्रयान-2 ने शुक्रवार को एक और अहम पड़ाव तय कर लिया। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने शुक्रवार को बताया कि चंद्रयान-2 ने आज (30 अगस्त 2019) शाम 6 बजकर 18 मिनट पर चंद्रमा की चौथी कक्षा में सफलतापूर्ण प्रवेश कर गया। अब 1 सितंबर को चंद्रयान चंद्रमा की अगली कक्षा में प्रवेश करेगा। बता दें कि चांद के नजदीक के पास पहुंच रहे चंद्रयान ने तस्वीरें भेजना शुरू कर दिया है।

## नजरिया




## सुस्त होती अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सरकार का बड़ा ऐलान

# कई बैंकों का आपस में होगा विलय अब 27 की जगह 12 सरकारी बैंक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> सुस्त होती अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकारी बैंकों के मेगा कंसॉलिडेशन प्लान की घोषणा की। उन्होंने हुए कहा कि आने वाले समय में सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों को मर्ज करके चार बड़े बैंक बनाए जाएंगे। पंजाब नेशनल बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स तथा यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का आपस में विलय किया जाएगा, जिससे देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक तैयार होगा और जिनका बिजनस 17.95 लाख करोड़ का होगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के दस बैंकों का आपस में विलय कर चार बड़े बैंक अस्तित्व में आयेंगे। इसी प्रकार सिंडिकेट बैंक का केनरा बैंक में जबकि इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में विलय किया जायेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 2017 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या 27 थी लेकिन इस विलय के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या घटकर केवल 12 रह जाएगी। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि बैंकों को पर्याप्त पूंजी उपलब्ध करायी जाएगी। पिछले सप्ताह उन्होंने चालू वित्त वर्ष के लिये सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 70,000 करोड़ रुपये की पूंजी देने की घोषणा की थी। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद वित्तीय सेवा सचिव राजीव कुमार ने कहा कि पूर्व में एसबीआई समेत जो भी विलय हुए, उसके कारण कोई छंटनी नहीं हुई और सेवा स्थिति पहले से बेहतर हुई है। उन्होंने कहा, इस विलय से कर्मचारियों को लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि इस साल देना बैंक और विजया बैंक का बैंक आफ बड़ोदा में विलय किया गया। इससे भी पहले, सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक में उसके पांच सहयोगी बैंकों और भारतीय महिला बैंक का विलय किया। इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्र तथा पंजाब एंड सिंध बैंक पूर्व की तरह काम करते रहेंगे। इन बैंकों की अपनी क्षेत्रीय स्थिति मजबूत है।



### यह बैंक होंगे मर्ज

- पीएनबी, ओबीसी और यूनाइटेड बैंक
- इंडियन बैंक और इलाहाबाद बैंक
- यूनियन बैंक आफ इंडिया, आंध्रा बैंक और कारपोरेशन बैंक
- केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक

### मर्जर का फैसला क्यों?

सरकार को लगता है कि मर्जर से बैंकों के कर्ज देने की क्षमता बढ़ेगी और उनकी बैलेंस शीट मजबूत होगी। सरकार का कहना है कि बैंकों को अंतरराष्ट्रीय आकार का बनाने के लिए यह फैसला लिया गया। यह सही वक्त है कि बैंकों को इस लायक बनाया जाए कि वे 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य में भागीदार बन सकें। वित्त सचिव राजीव कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि बैंक के कर्मचारियों को किसी भी चरण में कोई नुकसान नहीं होगा। कोई छंटनी नहीं की जाएगी। मर्जर से कर्मचारियों की सुविधाएं बेहतर होंगी।

### सरकार भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने को प्रतिबद्ध

सुधारों की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने को प्रतिबद्ध है और इसके लिए रोडमैप तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एनबीएफसी को समर्थन के लिए कई उपाय किए हैं। सरकार का फोकस बैंकिंग सेक्टर को मजबूत करने पर है। उन्होंने कहा कि 8 सरकारी बैंकों ने रीपो रेट लिंक्ड लोन लॉन्च किया है।

### मंदी का ऐसा असर, जीडीपी 5 फीसदी

मंदी के चलते देश की विकास दर में गिरावट देखने को मिली है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी 5.8 फीसदी से घटकर के पांच फीसदी रह गई है। वित्त मंत्रालय के केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने इन आंकड़ों को जारी किया है। पिछले साल यह इसी दौरान आठ फीसदी के पार थी। वहीं पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में यह 5.8 फीसदी थी।

### वित्तीय आपातकाल घोषित करे सरकार: कांग्रेस

कांग्रेस ने शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था की स्थिति पर श्वेत पत्र लाए और वित्तीय आपातकाल घोषित करे। पार्टी प्रवक्ता गौरव बल्लभ और जयवीर शेरगिल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की अर्थव्यवस्था और बैंकिंग प्रणाली को नष्ट कर रही है।

## योग पुरस्कार में बोले पीएम मोदी

# देश में 1.5 लाख हेल्थ और वेलनेस सेंटर खोलने का लक्ष्य



- पीएम मोदी ने 10 आयुष केंद्रों का भी किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में योग पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने 10 आयुष केंद्रों का भी उद्घाटन किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं योग का प्रचार करने वालों का सम्मान करता हूं। योग से सुख और समृद्धि आती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत के अगले ही दिन आयुष और योग से जुड़े कार्यक्रम में आना एक अद्भुत संयोग है। आयुष और योग फिट इंडिया मूवमेंट के 2 महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम और आयुर्वेद इन तीनों का मैं भरपूर उपयोग करता हूं, इन्हीं से मेरी गाड़ी चलती है। आज मुझे योग के साधकों, योग की सेवा करने वालों और दुनिया भरा में योग का प्रचार प्रसार करने वाले साथियों और संगठनों को पुरस्कार देने का मौका मिला है। पुरस्कार पाने वाले साथियों को मैं बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में परंपरा ऐसी बनी है कि बड़े-बड़े नाम जो टीवी पर चमकते हों या जो नेता कहे जाते हों, उन्हीं पर डाक टिकट बनते हैं। आयुर्वेद के लिए खप जाने वाले पर भी डाक टिकट बन सकते हैं क्या? यही तो बदलाव हुआ है हिंदुस्तान में। हमारे पास हजारों वर्षों पुराना लिटरेचर है, वेदों में गंभीर बिमारियों से जुड़ें इलाज की चर्चा है लेकिन दुर्भाग्य से हम अपनी पुरातन रिसर्च को आधुनिकता से जोड़ने में इतने सफल नहीं हो पाए और इसी स्थिति को बीतें पांच वर्षों में हमने इसे लगातार बदलने का प्रयास किया है।

### 12 हस्तियों के सम्मान में डाक टिकट किए जारी

मोदी ने कहा कि आज आयुष पद्धति को समृद्ध करने वाली 12 हस्तियों के सम्मान में डाक टिकट जारी हुए हैं। हमारे देश में परंपरा थी कि बड़े-बड़े नाम हों या जो नेता हों, उन्हीं पर डाक टिकट बनते थे। अब आयुर्वेद के लिए खप जाने वालों पर भी डाक टिकट बन सकते हैं। हिन्दुस्तान में यही तो बदलाव हुआ है।

# चिदंबरम सोमवार तक सीबीआई हिरासत में

**नई दिल्ली।** आईएनएक्स मीडिया मामले में पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम की सीबीआई हिरासत तीन दिन यानी सोमवार तक बढ़ा दी गई है। यह फैसला शुक्रवार को यहां की एक अदालत ने किया। इस दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराजन ने चिदंबरम की पांच और दिनों की हिरासत की मांग की। चिदंबरम की वर्तमान रिमांड शुक्रवार को समाप्त हो गई। नटराजन ने कहा कि आरोपी से व्यापक पूछताछ की गई है और इस जांच-



पड़ताल को आगे जारी रखने के लिए और समय की आवश्यकता है। चिदंबरम के वकील ने रिमांड अर्जी का विरोध किया। लेकिन दोनों पक्षों को अवगत कराया गया कि अगर रिमांड आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी जाती है तो उस पर विचार सोमवार को ही किया जाएगा।

### 55 घंटे में दिए 400 सवालों के जवाब

इधर, कोर्ट में सीबीआई की तरफ से यह कहा गया कि पिछले 55 घंटे के दौरान चिदंबरम ने सीबीआई के 400 सवालों के जवाब दिए। कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि 8 दिन कि पूछताछ के बाद भी वह चिदंबरम क्या खास निकलवा पाई। अदालत के सामने भी थोड़े से दस्तावेज पेश किए गए हैं।

## देशभर में सीबीआई जांच 150 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को देश भर में अचानक 150 जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने कहा कि विशेष अभियान मुख्य रूप से भ्रष्टाचार के उन बिंदुओं को ध्यान रखकर चलाया गया जिनकी वजह से सरकारी




तंत्र में आम आदमी और छोटे कारोबारियों को सबसे ज्यादा चोट पहुंचती है। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान भ्रष्टाचार के संभावित तरीकों और आम आदमी के सामने ऐसे विभागों की सेवाएं लेते समय आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरुक करेगा। बताया जा रहा है कि, सीबीआई की ओर से छापेमारी की कार्रवाई सरकारी विभागों के कई दफ्तरों पर की गई है।

## नई जिम्मेदारी संभालने नए अंदाज में जयपुर से दिल्ली तक का सफर

# साइकिल से दिल्ली आएंगे लेफ्टिनेंट जनरल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेना के लेफ्टिनेंट जनरल आलोक क्लेर अपनी नई जिम्मेदारी संभालने नई दिल्ली आ रहे हैं। वह भी नए अंदाज में आएंगे। सेना के बड़े अफसर नई दिल्ली में चार्ज लेने के लिए जयपुर से करीब 270 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करेंगे। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेल दिवस के दिन फिट इंडिया अभियान शुरू करने और देश के हर घर में फिटनेस को लेकर जागरुकता फैलाने के आह्वान किया था। ऐसे में भारतीय सेना के वरिष्ठतम जनरल में से एक



लेफ्टिनेंट जनरल आलोक क्लेर इस हफ्ते नई दिल्ली में एक प्रतिष्ठित पद पर चार्ज लेने के लिए जयपुर से साइकिल के जरिए आएंगे। हालांकि सेना के कमांडर के रूप में उनके पास हवाई सुविधा का इस्तेमाल करने का अधिकार था, साथ ही सरकारी तौर पर कार की सुविधा मिली हुई, लेकिन उन्होंने साइकिल के जरिए जयपुर से नई दिल्ली आने का फैसला लिया।

### बेहद उत्साहित आलोक

लेफ्टिनेंट जनरल आलोक क्लेर शनिवार को साइकिल से 270 किलोमीटर का सफर तय करते हुए नई दिल्ली आएंगे और उसी दिन रात में सेना के साउथ वेस्टर्न कमांड में चार्ज लेंगे। फिलहाल वह सेना के मिलिट्री ट्रेनिंग डायरेक्टरेट के प्रमुख के तौर पर पदस्थ हैं। 58 साल के लेफ्टिनेंट जनरल आलोक अपने साइकिल को लेकर अपनी पैशन के बारे कहते हैं कि अभ्यास के लिए साइकिल बेहद शानदार विकल्प है और वह इसको लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### 14 घंटे का सफर

जयपुर से नई दिल्ली आने में करीब 14 घंटे लग सकते हैं। अपने सफर के दौरान रास्ते में सिर्फ टी-ब्रेक के लिए रुकेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल आलोक अपने साइकिल पैशन के लिए जाने जाते हैं और पिछले साल अंबाला में पोस्टिंग के दौरान रातभर में 300 किलोमीटर की यात्रा की थी।

### दोनों बेटे भी उनके साथ जाएंगे

लेफ्टिनेंट जनरल जब जयपुर से नई दिल्ली के लिए साइकिल से रवाना होंगे तो वह अकेले नहीं होंगे। उनका साथ उनके दोनों बेटे आईमान और अरमान देंगे जिनकी उम्र 20 के आसपास है।



## समयपुर बादली की घटना

# इमारत का हिस्सा गिरने से महिला की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दो माह पूर्व ही हुई थी महिला की शादी
- हादसे में मृतका का पति व एक किरायेदार गंभीर रूप से घायल

लिवास पुर के जीवनपार्क इलाके में शुक्रवार सुबह तीन मंजिला इमारत का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। इस हिस्से में दो कमरे बने हुए थे। कमरे में सो रहे एक महिला समेत तीन लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, लोकल पुलिस के अलावा आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तीनों लोगों को मलबे के नीचे से निकाला और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने पूनम (19) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल छोटू (22) और प्रवीण (27) का उपचार किया जा रहा है। घायल छोटू मृतका पूनम का पति है। पुलिस ने पूनम के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। समय पुर बादली थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 5:15 बजे पुलिस व दमकल विभाग को गली नंबर 8, जीवन पार्क, शिव मंदिर चौक के पास एक इमारत का कुछ हिस्सा गिरने की सचना मिली। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस, दमकल विभाग व सिविल डिफेंस कर्मी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मलबे के नीचे दबे तीनों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूनम को मृत घोषित कर दिया गया। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। जांच में पुलिस को पता चला कि यह मकान करीब 160 गज में तीन मंजिला बना है। इसकी छतों को गार्डर और टी आयरन से बनाया गया था। मकान पूरी तरह जर्जर हो चुका है। मकान में 31 कमरे और चार दुकानें हैं। इस मकान में करीब 30-35 लोग बतौर किरायेदार रहते है। मकान मालिक का नाम नीटू अग्रवाल है। पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है।





### मकान में घुसने की नहीं मिली अनुमति

किरायेदारों ने बताया कि हादसे के बाद मकान पूरी जर्जर हालत में है। इसी को देखते हुए पुलिस ने उन्हें मकान में घुसने से मना कर दिया है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान मालिक नीटू अग्रवाल के इलाके में कुछ और मकान भी है। उनकी हालत भी इसी की तरह है।

### एक माह पूर्व दिल्ली आई थी पूनम

मृतक पूनम मूलरूप हरदोई, उत्तर-प्रदेश की रहने वाली थी। उसकी शादी दो माह पूर्व छोटू से हुई थी। पिछले माह ही दंपति इस मकान में किराये पर रहने आये थे। छोटू मजदूरी का काम करता है। छोटू अपनी पत्नी के साथ पहली मंजिल पर रहता था, जबकि पूनम के माता-पिता अपने बच्चों के साथ दूसरी मंजिल पर रहते थे।

## कारोबारी को घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के बिंदापुर इलाके में गुरुवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने एक कारोबारी को उसके ही घर के सामने गोली मार दी। वारदात के बाद अज्ञात हमलावर मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ सन्नी कपूर (40) नाम के शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस को घटना स्थल से कारतूस के दो खोल बरामद हुए है। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पुलिस घटना के पीछे आपसी रंजिश मानकर चल रही है। पुलिस आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है। सन्नी कपूर परिवार के साथ उत्तम नगर इलाके में रहते है। उनका अपना कारोबार है। पुलिस को दिए बयान में उसने कहा कि गुरुवार रात को घर पर उनका बेटा मोबाइल में गेम खेल रहा था। कई बार मना करने पर नहीं माना तो उन्होंने मोबाइल लेकर जमीन पर पटक दिया। इस बात को लेकर उसकी पत्नी झगड़ा करने लगी। झगड़े से बचने के लिए सन्नी कुछ ही दूरी पर रहने वाले अपने मामा के घर चला गया। सन्नी ने वहां शराब पी। इसके बाद देर रात करीब 3 बजे वह अपने घर आया। जब वह बाहर के गेट पर लगे ताले को खोल रहा था, तभी बाइक सवार 2 लड़के आए। आते ही उन्होंने पहले हवा में फायरिंग की, फिर दूसरी गोली सन्नी को मार दी। गोली पेट में लगते ही वह गिर गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। शोर सुनकर उसकी पत्नी नीचे आई और तुरंत ही उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# सरपंच की हत्या और ईजी डे स्टोर लूट के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- प्रॉपर्टी विवाद के चलते अपने चाचा की हत्या की योजना बना रहा था अर्जुन
- जेल में हुई थी अर्जुन और ओम प्रकाश की मुलाकात



द्वारका एटीएस ने राजू बसोडी/अनिल करोलिया गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम ओम प्रकाश उर्फ काला और अर्जुन ढिल्लू बताये गये हैं। दोनों दिल्ली और हरियाणा के शूटिंग केस में शामिल पाये गये हैं। इनके पास से तीन लोडेड पिस्टल भी बरामद हुये हैं। पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश को हरियाणा के हत्या के प्रयास केस में सात साल की सजा हो चुकी है। इस केस में वह जमानत पर बाहर था। आरोपी बाबा हरिदास नगर थाने का बीसी है। इसके अलावा बहादुरगढ़ सदर थाने के मर्डर केस में भगौड़ा घोषित भी था। साथ ही आरोपी एक्साइज एक्ट, लूट, आर्म्स एक्ट आदि मामलों में लिप्त रहा है। ओम प्रकाश पर गिरोह में नये सदस्यों को भर्ती करने व उन्हें हथियार मुहैया करवाने का जिम्मा होता था। वहीं अर्जुन भी कुख्यात बदमाश है। चोरी, हमले, धमकी देने और आर्म्स एक्ट केस में शामिल रहा है। आजकल वह प्रॉपर्टी विवाद के चलते अपने चाचा की हत्या की योजना बनाने में जुटा था। ओम प्रकाश झड़ौदा कलां और अर्जुन गुरुग्राम का रहने वाला है। पुलिस ने इन्हें नजफगढ़ एरिया के सूरखपुर से उस समय गिरफ्तार किया जब दोनों बदमाश हथियार के साथ किसी वारदात के इरादे से वहां पहुंचे थे। 2014 की जनवरी 18 को ओम प्रकाश ने बहादुरगढ़ में एक ठेके के सेल्समैन को गोली मारी थी। इस केस में इसे सात साल की सजा हो चुकी है। अगस्त 2017 में इसने अपने अन्य गैंग मेंम्बर्स समेत द्वारका के ईजी डे स्टोर में लूटपाट की थी। इसके साथ ही हरियाणा से दिल्ली अवैध शराब की तस्करी भी करता था। इसी साल मार्च महीने में राजू बसोडी व अनिल करालिया गैंग में शामिल होकर ओम प्रकाश झज्जर जिले के दाबोदा कलां गांव के सरपंच सतबीर की हत्या में भी शामिल रहा है। द्वारका लूट केस में आरोपी पैरोल जंप कर गया था। इसके बाद द्वारका कोर्ट ने इसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। अर्जुन की मुलाकात जेल में ही ओम प्रकाश से हुई थी। बाद में दोनों में दोस्ती हो गई और साथ मिलकर क्राइम करने लगे थे।

## कोर्ट परिसर में सिपाही को धक्का देकर भागा कैदी

- पुलिसकर्मी ने पीछा कर दबोचा

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट में बृहस्पतिवार को पेशी पर आया एक कैदी पुलिसकर्मी को धक्का देकर भाग गया। पुलिसकर्मी ने तुरंत बदमाश का पीछा कर उसे कोर्ट परिसर में ही दबोच लिया। बाद में मामले की जानकारी आला अधिकारी को दी। फिलहाल फर्श बाजार थाना पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, एस के जहांगीर दिल्ली पुलिस में बतौर हेड कांस्टेबल तैनात हैं। उनकी पोस्टिंग कड़कड़डूमा कोर्ट की जेल में है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 10:15 बजे मंडोली जेल में बंद फैजान (27) कड़कड़डूमा कोर्ट में पेशी पर आया था। कोर्ट में पेशी के बाद हेड कांस्टेबल उसे कोर्ट की जेल में वापस लेकर जा रहे थे। इसी दौरान फैजान ने उन्हें धक्का दे दिया और वहां से भागने लगा। हेड कांस्टेबल ने पीछा किया और उसे कोर्ट परिसर में ही दबोच लिया। इसके बाद हेड कांस्टेबल ने जानकारी आला अधिकारियों को दी। आरोपी फैजान भजनपुरा थाने से साल 2017 में बंधक बनकर लूट के मामले में बंद है।




नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर पशुओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने के लिए प्रदर्शन करते एनिमल एक्टिविस्ट के सदस्य।

## आउटर नॉर्थ डीसीपी ऑफिस व मोबाइल पिकेट का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक ने शुक्रवार को नवनिर्मित आउटर नॉर्थ डीसीपी ऑफिस का समयपुर बादली थाने में उद्घाटन किया। यह ऑफिस अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। इस मौके पर अमूल्य पटनायक ने कहा कि इस कार्यालय की स्थापना का उद्देश्य जिले को सुरक्षा की दृष्टिकोण से अधिक शक्तिशाली बनाना है। साथ ही जिला पुलिस की ताकत को बढ़ाना है। इस दौरान डीसीपी गौरव शर्मा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में चल रही पुलिस की गतिविधियों से कमिश्नर को अवगत कराया। इस मौके पर मोबाइल पिकेट वैन को भी लांच किया गया। इस वैन के बेड़े में शामिल होने के बाद दिल्ली पुलिस के कर्मचारी कहीं भी और कभी भी वाहनों की छानबीन कर सकते हैं, ताकि असमाजिक तत्वों पर लगाम लगा सकें। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त, यातायात ताज हसन समेत दिल्ली पुलिस और जिला पुलिस के कई आला अधिकारी मौजूद रहे।




## दिव्यांग के साथ मारपीट व उड़ाया मजाक, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली।** करावल नगर थाना इलाके में एक दिव्यांग के साथ मारपीट के अलावा उसका मजाक उड़ाने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने जगपाल सिंह के बयान पर धमकी देने और द राइट ऑफ पर्सनस विद डिसेबिलिटीज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, जगपाल सिंह सैनी, करावल नगर के अंकुर एंक्लेव में रहते हैं। वह चौधरी ब्रह्म सिंह एजुकेशन सोसाइटी में सचिव है। सोसाइटी का एक स्कूल भी है। स्कूल की देखभाल साधना नाम की एक महिला करती है। महिला व उनके बच्चे जगपाल के मकान में ही रहते है।

## नशे में धुत युवती व महिला ने अस्पताल में किया हंगामा

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली स्थित लालबहादुर शास्त्री अस्पताल में बृहस्पतिवार सुबह एक युवती ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं युवती ने अस्पताल में तोड़फोड़ के अलावा दवाईंयां भी इधर-उधर फेंकी। हंगामे में युवती के साथ एक महिला भी मौजूद थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने किसी तरह युवती व महिला पर काबू पाया। कल्याणपुरी थाना पुलिस ने डॉ. आरती यादव की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मधु विहार थाने की पुलिस गणेश नगर निवासी अंजुमन (33) को शराब पीकर हुडदंग करने के मामले में बृहस्पतिवार सुबह चार बजे मेडिकल जांच कराने के लिए उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लेकर आई थी। इस दौरान अंजुमन के साथ सनाह (26) नामक एक महिला भी मौजूद थी।

## नेताजी सुभाष प्लेस में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस इलाके के एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका का नाम सीमा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। सीमा के मायके वालों ने उसके पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसडीएम को सौंप दी है। पुलिस सीमा के पति मुयीन से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सीमा व उसका पति मुयीन, मूलरूप से हमीरपुर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। अक्टूबर 2018 में दोनों ने प्रेम विवाह किया था।

## बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने गोली मारकर की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में एक 70 साल के कैंसर पीड़ित ने खुद को लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम अमरजीत सिंह बताया गया है। फिलहाल मोती नगर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमरजीत सिंह मोती नगर सी ब्लॉक मकान नंबर 156 में परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने अपने घर पर ही शुक्रवार सुबह करीब सवा नौ बजे खुद की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मृतक पिछले तीन-चार सालों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। इस कारण वह काफी दुखी और डिप्रेशन में रहने लगे थे। उन्होंने पहले भी कई बार आत्महत्या करने की कोशिश की थी । लेकिन उस वक्त घरवालों ने उन्हें संभाल लिया था। मृतक के तीन बेटे हैं जिनमें से एक लंदन में रहता है । जबकि दो बेटे ट्रैक्टर कलपुर्जों के कारोबारी है और बवाना में उनकी कंपनी है।

## एक करोड़ की हेरोइन के साथ नाइजीरियन गिरफ्तार

# जेल से बेल पर आने के बाद करने लगा मादक पदार्थों की तस्करी, फिर चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नंद नगरी थाना पुलिस ने एक ऐसे नाइजीरियन को गिरफ्तार किया है, जोकि 2015 में धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार हुआ था। 2018 में जेल से बेल मिलने के बाद वह मादक पदार्थों की तस्करी करने लगा। गिरफ्तार आरोपी का नाम उचेन्ना इसरायल ओब्ट्ट उर्फ जैकब (37) है। पुलिस ने इसके पास से 600 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मार्केट में इसकी कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस की माने तो आरोपी उत्तर प्रदेश में हेरोइन की आपूर्ति करने के लिए तस्करी करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ ईस्ट) अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि बृहस्पतिवार नंद नगरी थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक विदेशी नागरिक हेरोइन के साथ नंद नगरी फ्लाईओवर के पास आने वाला है। सूचना मिलते ही एक टीम का गठन किया। टीम ने दोपहर करीब दो बजे मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 600 ग्राम हेरोइन मिली। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के अलावा कुछ अन्य राज्यों में हेरोइन की तस्करी करता है। आगे आरोपी ने बताया कि 2015 में क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी के मामले में उसे गिरफ्तार किया था। 2018 में वह बेल पर बाहर आ गया। बेल पर आने के बाद वह मादक पदार्थों की तस्करी करने लगा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके साथ जुड़े अन्य लोगों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## फ्लैट देने के नाम पर 700 लोगों से करोड़ों ठगने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने बख्तावरपुर में को-ऑपरेटिव सोसाइटी में फ्लैट दिलवाने के नाम पर करीब 700 लोगों को सवा सात करोड़ का चूना लगाने वाले जय प्रकाश सैनी उर्फ त्रिलोक सिंह सिंधू (39) को गिरफ्तार किया है। आरोपी तीन साल से फरार चल रहा था। इसे कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नकली पहचान के साथ कोलकाता में छिपकर रह रहा था। अदालत भी उसे भगौड़ा घाषित कर चुकी थी। एडिशनल सीपी डॉ. अजीत कुमार सिंघला के अनुसार पांच मामलों में वांटेड था। इनमें सुभाष पैलेस में चार करोड़ 35 लाख, द्वारका सेक्टर-23 थाने के एक करोड़ 87 लाख, द्वारका साउथ के 75 लाख, द्वारका नॉर्थ के 13 लाख और 11 लाख ठगी के मामले शामिल हैं। इन सभी लोगों को इसने 30 एकड़ में बख्तावरपुर में वेदांता वेलफेयर सोसाइटी बनाकर उसमें फ्लैट देने का झांसा दिया था। करीब 700 लोगों ने सोसाइटी में मेंबरशिप लेने के लिये खुद को रजिस्टर्ड करवाया था। 47 लोगों ने इनके भाग जाने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। बाद में केस आर्थिक अपराध शाखा को ट्रांसफर किया गया था। कई मामलों में इसने खुद को द्वारका में फ्लैट का मालिक बता उसे बेचने के नाम पर चूना लगाया था।

## गोली से घायल हुए युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** फर्श बाजार थाना इलाके में बाइक पर बैठने से मना करने पर बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी थी। युवक को घायल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम पवन है। घटना गत 26 अगस्त की है। पुलिस ने एफआईआर में हत्या की धारा भी जोड़ ली है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पवन जनता कॉलोनी, शाहदरा में सपरिवार रहता था। वह पेशे से इलैक्ट्रिशियन था। गत 26 अगस्त करीब 10:30 बजे वह घर के पास खड़ा था। इसी दौरान तीन युवक उसे बाइक पर बैठाने लगे। बाइक पर बैठने से मना करने पर आरोपियों ने उसे गोली मार दी थी।

## लोकांटो मोबाइल ऐप को लेकर डीसीडब्ल्यू ने दूरसंचार मंत्रालय और दिल्ली पुलिस को जारी किया नोटिस

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने एक मोबाइल एप्लीकेशन द्वारा खुलेआम वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देने के मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए दूरसंचार मंत्रालय, भारत सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग ने नोटिस के द्वारा अधिकारियों का ध्यान लोकांटों नामक एक मोबाइल एप्लीकेशन की ओर आकर्षित किया, जो इंटरनेट के साथ-साथ गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर्स पर भी उपलब्ध है। यह मोबाइल एप्लीकेशन खुले आम वेश्यावृत्ति को बढ़ावा दे रहा है। यह मोबाइल एप्लीकेशन एस्कॉर्ट्स सर्विसेज, स्ट्रिपर्स, कॉल गर्ल्स, वेश्याओं आदि की सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह कार्य अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक आपराधिक कृत्य है। दिल्ली पुलिस को भेजे गए एक नोटिस में आयोग ने पुलिस से मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज करने को कहा है। इसके अलावा, आयोग ने जांच रिपोर्ट के साथ-साथ मामले में गिरफ्तारी की जानकारी मांगी है। आयोग ने पुलिस से पूछा है कि क्या वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देने वाले ऐसे अन्य मोबाइल और वेब एप्लीकेशन की पहचान की गई है और साथ ही उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। स्वाति ने दूरसंचार मंत्रालय से इस मोबाइल एप्लीकेशन को तुरंत ब्लॉक करने के लिए कहा है। इसके अलावा आयोग ने मंत्रालय से ऐसे सभी वेब एप्लीकेशन और मोबाइल एप्लीकेशन को ब्लॉक करने के लिए कहा है जो वेश्यावृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सिडनी के शिष्टमंडल ने वेस्ट टू वंडर पार्क को सराहा

**नई दिल्ली।** ब्लैकटाउन सिटी, सिडनी के एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल ने महापौर स्टीफन बाली के नेतृत्व में शुक्रवार को दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर सुनीता कांगड़ा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर कई संबंधित मामलों पर चर्चा की। बैठक के बाद शिष्टमंडल के सदस्यों ने वेस्ट टू वंडर पार्क देखा। यहां वे निगम के भंडार में वर्षों तक बेकार पड़े धातु के कचरे और स्क्रैप से विश्व के सात अजूबों जैसा हूबहू अजूबे तैयार करने पर आश्चर्यचकित हुए। उन्होंने पार्क में की गई रोशनी की सराहना की। यह पार्क देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों का सर्वाधिक लोकप्रिय केंद्र बन गया है।

### सोनिया गांधी से मिले लवली और वालिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर चल रही कवायद के बीच पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं अरविंदर सिंह लवली और अशोक वालिया ने शुक्रवार को पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लवली और वालिया से सोनिया ने नए अध्यक्ष को लेकर विचार-विमर्श किया और उनकी राय जानी। सूत्रों का यह भी कहना है कि सोनिया जल्द दिल्ली कांग्रेस के दूसरे वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात कर उनकी राय ले सकती हैं। पूर्व सीएम शीला दीक्षित का गत माह निधन हो गया था जिसके बाद से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का पद रिक्त है।

### लैंड पूलिंग योजना: मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने लैंड पूलिंग योजना को लेकर कवायद तेज कर दी है। इस योजना को लेकर शिक्षण एवं जागरूक कार्यक्रमों को फैलाने के लिए एक्सटेंसिव पब्लिक आउटरीच प्रोग्राम शुरू किया है। जबकि फील्ड कैंप, विज्ञापन, एफएम रेडियो, सार्वजनिक सूचना और ब्रोशर के माध्यम से एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया गया, जिन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और पॉलिसी के अन्तर्गत पंजीकरण की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। डीडीए का कहना है कि लैंड पूलिंग पॉलिसी की शुरूआत दिल्ली के शहरी विकास के लिए एक नया प्रतिमान है।

### बच्ची के इलाज पर सीएम ने डॉक्टरों को किया सलाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) में पैर में लगी चोट का इलाज कराने को भर्ती हुई एक बच्ची के इलाज करने में डॉक्टरों ने जो बच्ची के साथ मधुर व्यवहार किया है उसके लिए सीएम अरविंद केजरीवाल ने अस्पताल के डॉक्टरों को सलाम किया है। सीएम ने ट्वीट कर बच्ची को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी हैं। अपने ट्वीट में आगे उन्होंने कहा कि डॉक्टर हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ हैं।

# डूसू चुनाव

## 4 सितंबर तक नामांकन कर सकेंगे उम्मीदवार

# मैदान में उतरे छात्र संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली




दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक होने के चलते इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ (डूसू) चुनाव काफी दिलचस्प होने जा रहा हैं। बताया जाता है कि इस बार भाजपा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और कांग्रेस की एनएसयूआई डूसू चुनाव मैदान है लेकिन आम आदमी पार्टी (आप) से जुड़ी छात्र इकाई सीवाईएसएस ने चुनाव मैदान में उतरने के लिए अंतिम निर्णय नहीं ले पा रही है। जिसके चलते एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच कड़ा मुकाबला बताया जा रहा है। इस चुनाव को राजनैतिक दल भाजपा और कांग्रेस विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। बताया जाता है कि भाजपा और कांग्रेस के नेता अंदरूनी रूप से कार्य कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि डूसू चुनाव के नतीजों का असर विधानसभा चुनाव पर देखने को मिलता है। एबीवीपी ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की आर्ट्स फैकल्टी तथा साउथ कैंपस मेन गेट पर एक साथ दो छात्र गर्जना रैलियां आयोजित की। इसमें डीयू के अलग-अलग कॉलेजों के बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। इन रैलियों में एबीवीपी ने पिछले वर्ष किये गए अपने संघर्षों को सभी छात्रों के समक्ष रखा और अब तक पूरी नहीं हुई मांगों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की।

### एबीवीपी ने रखीं मांगे

एबीवीपी ने शुक्रवार को इन रैलियों में मेट्रो में छात्रों के लिए रियायती पास देने, सभी छात्रों के लिए एक छात्र-एक कार्ड, कॉलेज स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्त्री रोग विशेषज्ञ उपलब्धता, यूजी में छात्रों के लिए पूरक परीक्षा विकल्प, ट्रांसजेंडरों के लिए निःशुल्क शिक्षा, स्नातकोत्तर छात्रावासों के लिए केंद्रीकृत प्रवेश फार्म, खेल और ईसीए छात्रों के लिए अभ्यास सत्र के लिए उपस्थिति लाभ, नए छात्रावासों का निर्माण, कॉलेजों और हॉस्टलों में फीस वृद्धि की वापसी, अकादमिक परिषद में छात्र प्रतिनिधित्व आदि मांगों को रखा है। छात्रों को संबोधित करते हुए एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा कि पिछले कई वर्षों से विद्यार्थी परिषद छात्र हितों में इन मांगों को पूरा कराने की लड़ाई कैंपस में लड़ रही है। हॉस्टल की बड़ी कमी की वजह से छात्रों को बहुत ज्यादा परेशानियां झेलनी पड़ती हैं, नए हॉस्टलों का निर्माण तेजी से किया जाना चाहिए। साथ ही ट्रांसजेंडर छात्र भी शिक्षा पा सकें इसलिए उनकी फीस माफी का मुद्दा हमने आज की रैली के माध्यम से उठाया है। हमें आशा है कि छात्रों की आवाज को विश्वविद्यालय प्रशासन सुनेगा और शीघ्र हमारी मांगों को पूरा किया जाएगा। एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्रीनिवास ने कहा कि डीयू के कॉलेजों तथा यूनिवर्सिटी कैंपस को हर छात्रों के लिए एक्सेसिबल बनाना है, जिससे हर छात्र अपने आशाओं को, सपनों को वास्तविकता के पंख दे सके। इन रैलियों में एबीवीपी के प्रदेश सह-मंत्री नितिन कुमार, पार्थ राणा, हिमानिश राणा तथा छात्र नेताओं में प्रमुखता से शिवांगी खरवाल, अक्षित दहिया, योगित राठी, जयदीप मान, तुषार डेढ़ा, प्रदीप तंवर, मानसी आदि मौजूद रहें।

### एनएसयूआई के मुद्दे

कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई के डूसू चुनावी मुद्दे हैं एक कोर्स, एक फीस, सभी के लिए हॉस्टल, सभी को यात्रा की सुविधा, 24 घंटे लाइब्रेरी की सुविधा, किसी विद्यार्थी से कोई भेदभाव नहीं, प्लेसमेंट सेल- जो सभी कॉलेज, सभी छात्रों के लिए काम करें, सभी के लिए खेल की सुविधाएं, सभी की सुरक्षा, सभी का सम्मान, सरकार से डीयू को दिलाएंगे 1 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त और सभी को बराबर मौका देने के लिए पैसा खर्च करें।

### कल अंतिम फैसला लेगी सीवाईएसएस

डूसू चुनाव लड़ने पर आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई छात्र युवा संघर्ष समिति (सीवाईएसएस) अंतिम निर्णय 1 सितंबर को लेगी। इस बात की जानकारी शुक्रवार को सीवाईएसएस के महासचिव हरिओम प्रभाकर ने दी। हरिओम ने बताया कि सीवाईएसएस बैलेट पेपर से डूसू चुनाव कराने और अन्य छात्र समस्यों जैसे होस्टल सुविधा देने का प्रावधान, सभी कॉलेजों में यूनिफॉर्म फीस, यूनिवर्सिटी में शिक्षकों की कमी को दूर किए जाने आदि की मांगों को लेकर पिछले 4 दिनों से भूख हड़ताल पर है। और आगे भी रहेगी। हरिओम ने कहा कि सीवाईएसएस डूसू चुनावों को लेकर 1 सितम्बर को अपना अंतिम निर्णय लेगी। अगर चुनाव बैलेट पेपर के जरिए नहीं कराए गए तो सीवाईएसएस चुनावों का बहिष्कार करेगा साथ ही एनएसयूआई और आइसा से आगामी डूसू चुनाव का बहिष्कार करने की अपील करेगा।

### 12 सितंबर को मतदान

डीयू की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार डूसू चुनाव के लिए उम्मीदवार 4 सितंबर तक नामांकन कर सकते हैं। शपथ पत्र के संग 500 रुपये देने होंगे। नाम वापसी की आखिरी तारीख 5 सितंबर है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 5 सितंबर शाम 5 बजे जारी की जाएगी। 12 सितंबर को मतदान हैं। इसमें मॉर्निंग कॉलेज के छात्र सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और ईवनिंग कॉलेज के छात्र दोपहर 3 बजे से शाम 7:30 तक मतदान कर सकेंगे। अगले दिन 13 सितंबर को वोटों की गिनती होगी।

## लगातार दूसरी बार 'डूटा' के अध्यक्ष चुने गए राजीव रे



**नई दिल्ली।** राजीव रे शुक्रवार को लगातार दूसरी बार दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के अध्यक्ष चुने गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वाम विचारधारा से संबद्ध 'डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट' (डीटीएफ) के राजीब ने दक्षिपंथी विचारधारा से संबद्ध 'नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट' (एनडीटीएफ) के एके भागी को 269 मतों के अंतर से हराया। अधिकारियों के मुताबिक 518 मतों को अमान्य करार दिया गया। नतीजे की घोषणा शुक्रवार को तड़के की गई। डूटा अध्यक्ष के लिए मतदान गुरुवार को हुआ था व 82.36 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राजीव वर्ष 2017 में डूटा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। वह दूसरी बार यह पद कायम रखने में सफल हुए हैं। डूटा अध्यक्ष का कार्यकाल दो साल का होता है। डीटीएफ ने केंद्र पर शिक्षा का निजीकरण करने का आरोप लगाया है और नई शिक्षा नीति का विरोध किया।

# मेट्रो परिचालन से दक्षिणी दिल्ली के घरों में दरार!

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो के परिचालन की वजह से साउथ दिल्ली के मकानों में दरार आने की बात कही जा रही है। दिल्ली मेट्रो के मजेंटा लाइन के आस-पास के इलाके बेगमपुर, शिवालिक, सर्वप्रिय विहार, सर्वप्रिय अपार्टमेंट, हौजखास में रहनेवाले लोगों ने इसकी शिकायत की है। लोगों का कहना है कि पिछले 1-2 साल से जबसे इनकी कॉलोनी के नीचे से मेट्रो गुजरने लगी है तभी से इनकी घरों में दरार आने लगी है। लोगों का कहना है कि नीचे से जब मेट्रो गुजरती है तो कंपन अधिक होती है। जिसकी वजह से लगातार दरारें बढ़ती जा रही है। इस मामले पर जब स्थानीय विधायक सोमनाथ भारती और डीएमआरसी से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### विजय गोयल और संजय सिंह में आरोप-प्रत्यारोप

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद विजय गोयल ने मुखर्जी नगर में आरडब्ल्यूए की फेडरेशन यूनाइटेड रेजीडेंट ऑफ दिल्ली की सभा में हुए हंगामे के लिए आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के गुंडों ने हमारे उपर हमला कर दिया। इससे साबित होता है कि ईमानदारी से पानी के बिलों व जुर्मानों को भरने वाले उपभोक्ताओं के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल ने अन्याय किया है। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सांसद संजय सिंह शुक्रवार को भाजपा नेता विजय गोयल को पत्र लिखकर पलटवार किया हैं। संजय ने प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली में आप सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों से भाजपा प्रसन्न नहीं है।

# नृपेंद्र मिश्रा को बनाया जा सकता है दिल्ली का उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी नृपेंद्र मिश्रा सितंबर के दूसरे हफ्ते में रिटायर होने वाले हैं। उन्हें दिल्ली का उपराज्यपाल बनाया जा सकता है। बता दें कि पीएम मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट कर जानकारी दी कि नृपेंद्र मिश्रा ने रिटायर होने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि नृपेंद्र मिश्रा ने पांच साल देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वे यूपी कैडर 1967 बैचे के आईएएस हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि 2014 में जब मैंने प्रधानमंत्री के रूप में दायित्व संभाला, तब मेरे लिए दिल्ली भी नई थी और नृपेंद्र मिश्रा जी भी नए थे। लेकिन दिल्ली की शासन-



**सितंबर में पीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी पद से होंगे रिटायर**

व्यवस्था से वे भली-भांति परिचित थे। उस परिस्थिति में उन्होंने प्रिंसिपल सेक्रेटरी के रूप में अपनी बहुमूल्य सेवाएं दीं। उस समय उन्होंने न सिर्फ व्यक्तिगत रूप से मेरी मदद की, बल्कि 5 साल देश को आगे ले जाने में, जनता का विश्वास जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक साथी के रूप में 5 साल तक हमेशा उन्होंने साथ दिया। अपने एक दूसरे ट्वीट में पीएम मोदी ने कहा कि 2019 के चुनाव नतीजे आने के बाद श्री नृपेंद्र मिश्रा जी ने खुद को प्रिंसिपल सेक्रेटरी के पद से सेवामुक्त किए जाने का अनुरोध किया था। तब मैंने उनसे वैकल्पिक व्यवस्था होने तक पद पर बने रहने का आग्रह किया था। अब श्री नृपेंद्र मिश्रा जी के सेवामुक्त होने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है. वे अपनी इच्छा के अनुरूप सितंबर के दूसरे हफ्ते से कार्यमुक्त हो जाएंगे। आगे के लिए उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# शकूरपुर में गंदे पानी से मासूम की मौत का आरोप, विधायक ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली में फ्री पानी देने के दावा करने वाली दिल्ली सरकार का दावा त्रिनगर विधानसभा के लोगों ने फेल बताया, यहाँ के लोगों का आरोप है कि गंदे पानी की वजह से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई है। हालांकि इस मामले को लेकर फिलहाल किसी परिवार ने कहीं कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई। त्रिनगर विधानसभा के शकूरपूर के, ई और एफ ब्लाक के लोगों का कहना है कि यहां लंबे समय से गंदे पानी की आपूर्ति से लोग पेट संबंधित कई बीमारियों से परेशानी झेल रहे है। स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर ने इस बात से इनकार किया है की किसी बच्चे की मौत गंदे पानी से हुई है। यह ठीक है कि लीकेज कहीं भी हो सकती है, गंदा पानी आ सकता है। लेकिन गंदे पानी से किसी की मौत नहीं हुई है। तोमर का कहना है कि जलबोर्ड की जिम्मेदारी घर के बाहर तक लाइन पहुंचाने की होती है। कई बार घर के बाहर स्थित नाली में कनैक्शन लीक होता है, 60 प्रतिशत शिकायत में यही निकलता है कि उनके अपने घरों के पाइप लीक होते है। बावजूद इसके मुझे जो भी शिकायत मिलती है उस पर में तुरंत कार्रवाई करता हुं।

## सीएम ने दिलाई सांसद, विधायकों और पार्षदों को शपथ

# 'डेंगू अभियान को जन आंदोलन बनाएं'

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपने आवास पर बैठक कर पार्टी के सांसदों, विधायकों और पार्षदों को निर्देश दिया है कि हर रविवार अपने घरों का निरीक्षण करें और 1 सितंबर से डेंगू के खिलाफ शुरू होने वाले 10 हफ्ते 10 बाजे 10 मिनट अभियान को एक जन आंदोलन बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2015 में, डेंगू के 15,867 मामले और 60 मौतें हुई थीं। 2018 में हम इसे घटा कर 2,798 मामलों और 4 मौतों पर लाए हैं। इस साल, अब तक हुई मौतों की संख्या शून्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अभियान के माध्यम से हम दिल्ली में डेंगू को हरा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले दस हफ्ते हम लोग अपने घरों की जांच कर यह सुनिश्चित करने कि कोई साफ पानी नहीं है क्योंकि डेंगू के मच्छर को केवल साफ पानी में ही पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि अपने पड़ोसी घरों से भी जांच करने का अनुरोध करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम तभी प्रभावी होगा जब दिल्ली का प्रत्येक नागरिक आंदोलन में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी विधायकों और पार्षदों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों को डेंगू मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्कूलों और आरडब्ल्यूए से कहेंगे।

### मायापुरी डिपो में मिला डेंगू लार्वा, कटा चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम(डीटीसी) के मायापुरी डिपो में एक बार फिर डेंगू का लार्वा मिला है। गत वर्ष भी मायापुरी डिपो में दो बार डेंगू का लार्वा मिलने पर निगम ने चालान काटा था। शुक्रवार को निगम अधिकारियों को डिपो में जांच के दौरान डेंगू का लार्वा मिलने पर 1 हजार रुपये का चालान काट दिया। डिपो में इस समय भी कई जगह पानी खड़ा हुआ है। जिसमें मच्छरों की पैदावार लगातार बढ़ रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि हर साल डिपो में डेंगू मच्छरों की भरमार रहती है। जिसका खमियाजा कर्मचारियों को बुखार व अन्य बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ता है।

### डेंगू के मामलों में 284 फीसदी की वृद्धि : गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर डेंगू मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। गुप्ता ने कहा कि विधानसभा के चुनावों को देखते केजरीवाल झूठा श्रेय ले रहे हैं कि उनके कार्यकाल में डेंगू के मामलों में 80 प्रतिशत गिरावट आई है। जबकि सच्चाई यह है कि केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में डेंगू के केसों में 284 प्रतिशत और डेंगू से मौतों में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2015 में 15867 केस हुये और वर्ष 2018 में 2798 केस हुये। वास्तविकता यह है कि उनके 2015 से 2018 के कार्यकाल में कुल मिलाकर 27822 केस प्रकाश में आये। जबकि उनके कार्यकाल से पहले वर्ष 2011 से 2014 के बीच मात्र 9793 केस प्रकाश में आये थे।

### मच्छरों पर वार करेगी मॉस्किटो टर्मिनेटर रेलगाड़ी

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल तथा दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की सयुंक्त पहल से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 'मॉस्किटो टर्मिनेटर आंन व्हील्स' गाड़ी चलाई गई है, जो करीब 150 किलोमीटर की औसत दूरी दो दिन की अवधि में कवर करेगी। नई दिल्ली में इस विशेष ट्रेन को शुक्रवार का दिल्ली मंडल के रेल प्रबंधक एस.सी. जैन तथा दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर सुनीता कांगड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मॉस्किटो टर्मिनेटर गाड़ी शुक्रवार को हजरत निजामुदीन, लाजपत नगर, सेवा नगर, लोधी कॉलोनी, दिल्ली सफदरजंग, बरार स्क्वायर, इन्द्रपुरी, पटेल नगर, दयाबस्ती, दिल्ली किशनगंज, सदर बाजार और नई दिल्ली से होकर गुजरेगी और एनसीआर के अन्य क्षेत्रों को 04 अक्टूबर तक आगामी दिनों में कवर करेगी।



## हरियाणा सरकार ने दी कई सौगात

# गन्ना किसानों को दिए 60 करोड़, खेल नीति बदली

7000 से ज्यादा सफाईकर्मियों को राहत, अब नगर निगमों और परिषदों के होंगे कर्मचारी

एकल खिलाड़ी को मिलने वाला नकद इनाम अब टीम वाले खिलाड़ियों को भी दिया जाएगा

जूनियर और सब जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर की तुलना में 75 व 50% अवार्ड

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में शुक्रवार देर शाम कई अहम फैसले लिए गए। सीएम मनोहर लाल ने किसानों, खिलाड़ियों और सफाई कर्मियों को कई सौगात दी हैं।

गन्ना किसानों को राहत देते हुए 60 करोड़ अंबाला नारायणगढ़ क्षेत्र की चीनी मिल को ऋण देने का ऐलान किया। इससे किसानों के बकाये का भुगतान जल्द हो सकेगा। वहीं खेल नीति में भी संशोधन को मंत्रिमंडल ने अपनी सहमति दे दी है।

इसके तहत अब एकल खिलाड़ी को मिलने वाले नकद इनाम टीम वाले खिलाड़ियों को भी दिए जाएंगे। एक ही साल में 'दि जेम होम' पर दोनों अवार्ड पूरे दिए जाएंगे। इसके अलावा जूनियर और सब जूनियर को सीनियर खिलाड़ियों की तुलना में 75 और 50 फीसदी अवार्ड मिलेगा।

### कैबिनेट के अहम फैसले

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सफाई कर्मियों के लिए अहम फैसला लिया है। अब 7103 कर्मचारियों को ठेकेदार की बजाए नगरपालिका, नगर परिषद और निगम का कर्मचारी बनाने का फैसला लिया गया है। वहीं, किसानों को भी राहत दी गई है। उनके गन्ने का बकाए का भुगतान जल्द हो सकेगा। सेंट्रल बायो फॉर टेक्नोलॉजी हिसार का केंद्र अब चरण सिंह विवि द्वारा संचालित किया जाएगा।



**पंचकूला।** मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के शुभारंभ अवसर पर सीएम मनोहर लाल एक महिला लाभार्थी को दस्तावेज भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गरीब परिवार को सालाना 6000 रुपये

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के निम्न आय वर्ग के लोगों को एक अनूठी सौगात दी है। सीएम ने शुक्रवार को पंचकूला में 'मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए हर पात्र परिवार को सालाना 6000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस योजना के तहत गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना तथा प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के प्रीमियम के लाभ प्रदान किए जाएंगे और उसके पश्चात जो राशि बचेगी वह परिवार के मुखिया के खाते में डाली जाएगी।

### सीएम ने किया पंचकूला में मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना का शुभारंभ

**ये शर्तें पूरी करनी होंगी :** मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु परिवार के लिए पात्रता मापदंड तय किए हैं। जिस परिवार की मासिक आय 15,000 रुपये या वार्षिक आय 1,80,000 रुपये तक हो, पांच एकड़ यानि दो हैक्टेयर तक कृषि योग्य भूमि हो, वे परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**यह करना होगा :** इस योजना में पंजीकरण के लिए परिवार के मुखिया को एक साधारण फॉर्म भरना होगा और परिवार के सदस्यों के व्यवसाय

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में कहा

# हरियाणा में महिला वोटरों का अनुपात बढ़ाएं

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध किया गया।



- एक जनवरी 2019 तक 18 साल या इससे अधिक उम्र वालों को अपना बहुमुल्य वोट जल्द बनवाने की अपील
- फरीदाबाद, पलवल, मेवात, जींद, सिरसा, यमुनानगर और पंचकूला में महिला वोटरों का अनुपात पुरुषों से बहुत कम

हरिभूम ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि यदि अभी तक किसी नागरिक का वोट नहीं बना है और वह एक जनवरी 2019 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु का हो गया है तो वह जल्द से जल्द अपना वोट बनवाकर लोकतंत्र मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा आम चुनाव 2019 के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध किया गया । मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है और इस विशेष अभियान के तहत मतदाताओं के नाम जोड़ने और काटने की प्रक्रिया के बाद हरियाणा में कुल मतदाताओं की संख्या 1,82,98,714 है । इस मतदाता सूची की कॉपी सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दे दी गई है।

उन्होंने बताया कि 15 जुलाई 2019 को प्रकाशित ड्राफ्ट रॉल के अनुसार राज्य में मतदाताओं कि संख्या 1,79,69,515 थी। इस विशेष अभियान के तहत 2,69,201 नाम जोड़े गए और 47,488 नाम काटे गए। इस प्रकार नेट जोड़ 2,21,713 है। अंतिम प्रकाशन के बाद मतदाताओं की संख्या 1,81,91,228 हैं जिसमें 97,30,169 पुरुष व 84,60,820 महिलाएं और 239 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। सर्विस वोटर की संख्या 107486 है।

बैठक में बताया गया कि फरीदाबाद, मेवात, पलवल, जींद, सिरसा, यमुनानगर और पंचकूला जिलों में महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों की संख्या के अनुपात में कम है, इसे बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से महिलाओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करे।

### 1984 में रेवाड़ी में हुए दंगों पर हाईकार्ट ने सरकार से पूछा, इस मामले में क्या कार्रवाई की जा रही

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद रेवाड़ी के होंद चिल्लर गांव में हुए दंगों व आगजनी में 32 लोगों को घरो में जिंदा जला देने के मामले में आगे क्या कार्रवाई की जा रही है इसकी जानकारी प्रदेश सरकार से मांगी है। सरकार ने बताया कि मामले में जाटूसाना पुलिस थाने में 3 नवंबर 1984 में एफआईआर दर्ज की गई थी। किसी आरोपी की पहचान नहीं की जा सकी तो पुलिस ने 1 अप्रैल 1987 को अनट्रेस रिपोर्ट दाखिल कर दी जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया था। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि अनट्रेस रिपोर्ट के बाद सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की है इसकी जानकारी दी जाए। इस पर हरियाणा के सरकारी वकील ने हाईकोर्ट से कुछ समय दिए जाने की मांग की जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार करते हुए 15 जनवरी तक सुनवाई स्थगित कर दी।

### मुस्लिम से विवाह करने वाली युवती हाईकोर्ट में बोली, मेरे प्यार को न दें लव जेहाद का रंग

**चंडीगढ़।** फिरोजपुर झिरका की एक युवती ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कुछ संगठनों से जान को खतरा बताया है। इस लड़की ने एक मुस्लिम लड़के से प्रेम विवाह किया है। लड़की ने हाईकोर्ट में कहा कि कुछ संगठन उनके प्यार को लव जेहाद का रंग दे रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर लड़की अदालत में पेश हुई। लड़की ने बेंच को बताया कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से विवाह किया है। उसे पुलिसकर्मियों व परिजनों से जान का खतरा है। इस मामले को राजनीतिक रंग देने की कोशिश हो रही है। मुस्लिम युवक से शादी को लव जेहाद बताकर कुछ लोग उसका घर तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। 19 साल की इस लड़की ने हाईकोर्ट को बताया कि उन्हें ट्राईसिटी में कहीं रखा जाए, क्योंकि हरियाणा में उसकी जान को खतरा है। हाईकोर्ट ने लड़का और लड़की दोनों को पंचकूला भेजने के आदेश दिए। भारी सुरक्षा के बीच उन्हें हाईकोर्ट से पंचकूला के सेफ हाउस भेज दिया गया। लड़की का केस लड़ने वाले वकील को परेशान करने पर हाईकोर्ट ने पुलिस को जमकर फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने पूछा कि किस आधार पर वकील के रिश्तेदारों को जेल में डाला। एक बार तो डीजीपी को बुलाने के आदेश जारी कर दिए, लेकिन बाद में उन्हें निजी हलफनामा सौंपने के आदेश दिए। कोर्ट ने कहा कि तुरंत वकील को सुरक्षा मुहैया करवाई जाए।

## पंजाब : आईटीआई में भिड़े दो इंस्ट्रक्टर, वीडियो वायरल

**होशियारपुर।** होशियारपुर की आईटीआई में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उस समय माहौल गर्मा गया, जब विद्यार्थियों को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले दो टीचर आपस भी उलझ गए। बात यहां तक बढ़ गई के दोनों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिसमें एक टीचर घायल भी हो गया। इस सारे हंगामे का वीडियो उनके ही विद्यार्थियों ने बनाकर वायरल भी कर दिया।सिविल अस्पताल में उपचाराधीन परमिंदर सिंह ने बताया कि गुरुवार संस्था में हाजिरी लगाने की मशीन में कोई खराबी आ गई थी, जो बाद में ठीक कर दी गई। इसके चलते विभाग के अधिकारी में सभी को लाइन में लगकर हाजिरी लगाने को कहा। इस दौरान वहां गुरजिंदर सिंह साही, रविंदर सिंह और मनजिंदर सिंह भी मौजूद थे, जो लाइन को तोड़ रहे थे। रोक-टोक व समझाने की रंजिश में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह अपनी क्लास में बच्चों को पढ़ा रहे थे तो गुरजिंदर सिंह साही अपने साथ रविंदर सिंह और मनजिंदर सिंह को लेकर आए। ये सभी ने परमिंदर सिंह कलास से बाहर यह कहकर ले आए कि कुछ बात करनी है और बाहर आते ही गुरजिंदर सिंह साही कहासुनी से मारपीट पर उतर आया।

### दो दौर की वार्ता के बाद सहमति

## प्रदेश में सफाई कर्मियों ने खत्म की हड़ताल

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बीच हुई बातचीत के बाद 27 अगस्त से शहरी स्थानीय निकाय विभाग के करीब 32 हजार कर्मचारियों की चल रही हड़ताल समाप्त हो गई। हड़ताल समाप्त करने का ऐलान संघ राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने किया। इससे पहले कर्मी नेताओं की सरकार के साथ दो दौर की वार्ता हुई। पहले नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण ने बैठक की, लेकिन इसमें कुछ मांगों पर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद खुल्लर के साथ दोबारा बैठक हुई और मांगों पर सहमति बन गई। इसके बाद हड़ताल समाप्त करने का फैसला लिया गया। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों के 11000 सफाईकर्मी हड़ताल पर रहेंगे।

### हिसार में कार्रवाई

## 24.60 लाख के नकली नोटों संग युवक दबोचा

**हिसार।** सेक्टर 14 के गेट नंबर दो के पास पुलिस ने एक युवक को 24 लाख 60 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। नोट 500 और 200 रुपये के हैं। आरोपित 12 मोहल्ला वासी रोहित उर्फ रमन को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस आरोपित के खिलाफ धारा 489ए, 489 बी, 489सी और 420 के तहत केस दर्ज किया है। शहर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सेक्टर-14 के गेट नंबर दो के पास एक स्कूटी सवार युवक की तलाशी ली। इस दौरान स्कूटी के अंदर से एक थैले में रखे हुए नकली नोट बरामद हुए। जांच की तो 500 की 38 गड्डियां मिलीं। एक गड्डी में 100 नोट थे। जिसमें 19 लाख रुपये थे। 200 रुपये वाली 28 गड्डियां थी। जिसकी कीमत 5 लाख 60 हजार थी।

### पंजाबः नहीं पहुंचा कोई कांग्रेसी

## सिद्धू ने किया नाले की सफाई का उद्घाटन

**अमृतसर।** पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ते फोकल प्वाइंट के साथ सटे गंदे नाले की सफाई के काम का उद्घाटन किया। सिद्धू ने पांच करोड़ 75 लाख की जिस कार्ययोजना का उद्घाटन किया, मेयर कर्मजीत सिंह रिंटू व मंत्री ओम प्रकाश सोनी ने 28 अगस्त को ही उसका उद्घाटन कर दिया था। सिद्धू द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में उनके विधानसभा हलके के समर्थक पार्षद व निगम अधिकारी मौजूद थे लेकिन मेयर, नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन दिनेश बस्सी सहित जिला प्रधान जतिंदर सोनिया सहित कोई भी कांग्रेसी नेता मौजूद नहीं था। इस महीने के पहले हफ्ते में भी सिद्धू ने वेरका में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के काम का उद्घाटन किया था तब भी शहरी कांग्रेस का कोई नेता शामिल नहीं हुआ था।


### गुमशुदा / अपहृत की तलाश



ज्योति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **ज्योति** पुत्री **राज प्रकाश पांडेय** पता : गाँव चकरा दिहवा पीएस नागरा पोस्ट दिहवा, जिला, बलिया (यू.पी)। जो 8/9 महिने पहले थाना क्षेत्र पश्चिम विहार वेस्ट से गुम/अपहृत हुई है। इस बाबत वाईड **डीडी सं. 75-ए दिनांक 31.05.2019 थाना-पश्चिम विहार वेस्ट., दिल्ली** में दर्ज है। **ब्यौरा उम्र**-22 वर्ष, **कद**-5'5", **चेहरा**-लम्बा, **रंग**-गोरा, **पहनावा**-सफेद रंग की टॉप और जीन्स पहने हुई है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन.: 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना-पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली
फोन नं. 011-25268394,25280980
7065036130

DP/2592/OD/19


### आप ने हरियाणा विस चुनाव के लिए तय किए तेरह उम्मीदवार, जल्द होगी घोषणा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 13 उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए गए हैं। जिनकी पार्टी जल्द घोषणा करेगी। गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन करने के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पीएससी की बैठक हुई। इस बैठक में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, हरियाणा प्रभारी गोपाल राय, हरियाणा के सह प्रभारी व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, सांसद एनडी गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, आतिशी, दुर्गेश पाठक, हरियाणा प्रदेश संयोजक नवीन जयहिंद मौजूद रहे। इस बैठक में हरियाणा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। आप ने अब तक अलग-अलग चरणों में उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए व जिसकी रिपोर्ट आज पीएसी की बैठक में रखी गई। आप के विधानसभा उम्मीदवार बनने के लिए पूर्व सैनिक,किसान, मजदूर, मास्टर, पत्रकार, व्यापारी व आम कार्यकर्ताओं ने आवेदन किए हुए हैं। बैठक में सभी आवेदकों के फॉर्म देखें व रिपोर्ट देखकर 13 नामों पर सहमति जता दी है।

### पंजाबः कारगिल हीरो जन. वीपी मलिक बोले

## 370 हटाना सही फैसला अब सतर्क रहना होगा

- छटपटाया पाकिस्तान इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकता
- स्पष्ट बहुमत वाली सरकार के कारण लिया जा सका फैसला

एजेंसी ▸▸| लुधियाना (पंजाब)

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाना केंद्र सरकार का एक बेहतरीन फैसला है। इस फैसले से विश्व समुदाय में भारत की छवि मजबूत हुई है। वही देश की उन्नति में भी यह सहायक साबित होगा। यह बात पूर्व सेना प्रमुख वीपी मलिक ने पंजाब के लुधियाना में कही। मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से एक सेमीनार विशेष तौर पर अनुच्छेद 370 हटाने पर आयोजित किया गया था।कारगिल युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे वीपी मलिक ने कहा कि जम्मू कश्मीर के विकास के लिए इस तरह का कड़ा कदम उठाया जाना जरूरी था लेकिन अब सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है। छटपटाया पाकिस्तान इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया दे सकता है। हालांकि सरकार ने फैसला लेने से पहले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस फैसले के लिए केंद्र की मोदी सरकार बधाई की पात्र है। एक स्पष्ट बहुमत वाली सरकार होने के कारण ही यह फैसला लिया जा सका है। इससे केवल देश नहीं बल्कि कश्मीर में भी विकास होगा। जम्मू कश्मीर में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, हैंडलूम, टूरिज्म सहित कई तरह के व्यवसाय भी बढ़ेंगे। इसके साथ ही यहां के विकास के लिए सरकार पहले से अधिक जोर लगाएगी। इस मौके पर एसोसिएशन प्रधान कमल वढेरा, अनिल कुमार, डॉ संदीप कपूर, कैप्टन वीके स्याल, अनिल कुमार और डीपी गुलेरिया मौजूद थे।

## पंजाब : 97 साल के सेनानी गुरदियाल का निधन

**संगरूर।** आजाद हिंद फौज के नेता सुभाष चन्द्र बोस के ड्राईवर रहे 97 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी गुरदियाल सिंह की मौत हो गई है। 20 दिन पहले ही गुरदियाल सिंह जी को दिल्ली में राष्ट्रपति सम्मान दिया गया। हालांकि जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण गुरदियाल सिंह यह सम्मान पिछले वर्ष लेने से चूक गए थे। उनकी यह सम्मान प्राप्त करने की अंतिम इच्छा थी। अंतिम संस्कार शुक्रवार को उभावाल रोड स्थित श्मशान में सरकारी सम्मान से किया गया। पार्थिव शरीर घर पर ही रखा गया है। गुरदियाल सिंह के परिवार में उनका बेटा राजविन्द्र सिंह, पुत्र बधु मनप्रीत कौर और दो पोते हैं। राजविन्द्र सिंह बरनाला के सिविल अस्पताल में सरकारी एंबुलेंस पर ड्राइवर के पद पर तैनात हैं। गुरदियाल सिंह के पिता सज्जन सिंह 1927 में मलेशिया में पीडब्ल्यू की नौकरी करने के लिए चले गए थे। 16 वर्ष की उम्र में गुरदियाल सिंह अपने पिता के पास मलेशिया चले गए थे।

### डाक्टरों ने की दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल

**अंबाला।** जिले भर में सरकारी डाक्टरों ने दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल करते हुए कामकाज पूरी तरह से बंद रखा। इस दौरान जिले के सरकारी अस्पतालों में एमरजेंसी सेवाएं जारी रहीं, लेकिन ओपीडी बंद रही। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस अम्बाला के प्रधान डॉ. मनोज, राज्य उपप्रधान डा. शील ने बताया कि वह इससे पहले भी अपनी मांगों को लेकर कई बार सरकार को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसोएिसएशन रविवार को बैठक कर अगली रणनीति पर विचार करेगी।


### पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम** : मालूम नहीं पुत्र मालूम नहीं, **निवास** : मालूम नहीं, **उम्र** : लगभग 30 वर्ष, **कद** : 5'2", **रंग** : सांवला, **पहनावा** : लाल रंग की टी-शर्ट और ग्रे रंग का पाजामा पहने है जो सेवा आश्रम के निकट, सिंघु बॉर्डर, दिल्ली में पाया गया था जहा से उसे लेडी हार्डिंग अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी थी। इस बाबत **DD No. 68-A दिनांक 07.08.2019 थाना नरेला, दिल्ली** में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी / सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : नरेला, दिल्ली
फोन : 011-27280435

DP/579/ON/19



### बैंक ऑफ बड़ौदा (Bank of Baroda)

जोसार्थ, 13वां तल, बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग, 16 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
Tel : 011- 23441320 / 23441321

### कब्जा सूचना

[अधिनियम-नियम-8(1) के तहत अनुलग्नक-IV देखें]

चूंकि, **बैंक ऑफ बड़ौदा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रत्याभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 12.03.2019 को एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें **कर्जदार/स्योरटी/सम्पत्ति के मालिक, मै. नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क लि., मै. नेहरा कुम्भ प्रा. लि., मै. कड़े मॉल इल्लाम चंद प्राईवेट लि.**, 29.02.2016 के अनुसार सूचना में वर्णित राशि रु. 10,57,40,753/- (**रुपये दस करोड़, सत्तावन लाख चालीस हजार सात सौ तिरपन केवल**) सहित भुगतान की तिथि तक अनुबंधात्मक दर पर उस पर आगे का ब्याज जमा लागत, व्यय और परिव्यय का उक्त सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया।

कर्जदार/स्योरटी/सम्पत्ति के मालिक राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदार/स्योरटी/सम्पत्ति के मालिक और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 26 **अगस्त** 2019 को प्रत्याभूति (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा-13 की उप धारा (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा** ले लिया है।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिये, उपलब्ध समय के सम्बन्ध में, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

कर्जदार/स्योरटी/सम्पत्ति के मालिक को विशेषतः और सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ डील न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन राशि रु. 10,57,40,753/- और उस पर ब्याज, लागत इत्यादि हेतु **बैंक ऑफ बड़ौदा, एआरएमबी ब्रांच, बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग, 13वां तल, 16 संसद मार्ग, नई दिल्ली**-110001 की वसूली के अधीन होगा।

### अचल सम्पत्ति का वर्णन

**1. नेहरा कुम्भ प्राईवेट लिमिटेड के नाम सम्पत्ति सं. एच-31 और एच-31डी (सम्पत्ति सं. एच-31 का भाग) जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली**

सीमाएं :-
उत्तर : रोड — दक्षिण : गली
पूर्व : अन्य सम्पत्ति — पश्चिम : अन्य सम्पत्ति

दिनांक : 26.08.2019
स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
(बैंक ऑफ बड़ौदा)


## सामाजिक कार्य के लिए 227 सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट गतिविधियों के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली जिला रेडक्रास समितियों को क्रमश 20 लाख, 15 लाख व 10 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। ये बात राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने शुक्रवार को राजभवन में भारतीय रेडक्रास समिति और सेंट जान एंबुलेंस की 33वीं वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह में बोलते हुए कही। उन्होनें रेडक्रास समिति व सेंट जान एंबुलेंस



की दर्जन भर गतिविधियों में 227 अधिकारियों, पदाधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

ओवरऑल गतिविधियों में फरीदाबाद जिला प्रथम, झज्जर द्वितीय तथा रोहतक, भिवानी व हिसार जिला तृतीय स्थान पर रहे। युथ रेडक्रास सोसाइटी की गतिविधियों में ओवरऑल ट्रॉफी महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक को मिली।


### Bharat Rasayan Limited

Regd. Office: 1501, Vikram Tower, Rajendra Place, New Delhi-110008
CIN: L24119DL1989PLC036264
Email: investors.brl@bharatgroup.co.in, Website: www.bharatgroup.co.in

**NOTICE OF LOSS OF SHARE CERTIFICATE**

Notice is hereby given that the following share certificate has been reported to be lost/misplaced/stolen and the registered shareholder/claimant therefore has requested the Company for issuance of duplicate share certificate in lieu of lost share certificate:

| Folio No. | Name of the Shareholder | Certificate No. | No. of Shares | Distinctive Nos. (From - To) |
|---|---|---|---|---|
| 0012203 | NARESH KUMAR GOEL | 14540 | 100 | 2780341-2780440 |

Any person(s) who has/have and claim(s) in respect of the aforesaid share certificate should lodge the claim in writing with us at the above mentioned address within 15 days from the publication of this notice. The Company will not thereafter be liable to entertain any claim in respect of the said share certificate and shall proceed to issue the duplicate share certificate pursuance to Rule 6 of the Companies (Share Capital & Debentures) Rules, 2014.

For BHARAT RASAYAN LIMITED
Sd/-
(Nikita Chadha)
Company Secretary
Memb. No. FCS10121

New Delhi,
August 30, 2019



### उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

| क्र. सं. | कार्य का नाम तथा स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (₹) | निविदा इंवाइटिंग अधिकारी के कार्यालय का पता | निविदा-प्रपत्र शुल्क (₹) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र अपलोड रहने तथा निविदा बंद होने की दिनांक तथा समय | वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलटरैसन इन एक्सिसटींग सिग्नलिंग ईंटरलॉकिंग ऐट पैनल, एंड कैबिन / सेंटर कैबिन स्टेशन इन कनेक्शन विद डबल लाइन कनेक्टिविटी ऑफ डि आफ सि सि आयि एल ऐट असावटी यार्ड ऑफ दिल्ली डिविजन | Rs. 40505684.43/- मात्र | वरिष्ठ मंडल सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर / II, दूसरी मंजिल, खंड-1 मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | Rs. 11,800/- मात्र | Rs. 352500.00 मात्र | निविदा खुलने व अपलोड रहने का समय दिनांक 18.09.2019 15:00 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीया तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या : 558 / सिग्नल / 16 / एम / टेंडर / 1298 दिनांक : 27.08.2019 — 2791/2019

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# आर्थिक सुधार पर उठाए गए कदम स्वागतयोग्य

सरकार ने सुस्ती से जूझ रही अर्थवयवस्था को गति देने के लिए स्ट्रक्चरल सुधार के एक और बड़े डोज का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के विलय के चार और प्रारूप की घोषणा की जिसमें दस बैंकों का मर्जर होगा। ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का पंजाब नेशनल बैंक में विलय होगा। इंडियन बैंक का इलाहाबाद बैंक में और आंध्रा बैंक व कॉर्पोरेशन बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में विलय होगा। केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक का भी विलय होगा। बैंकिंग तंत्र में सुधार का यह बड़ कदम है। इससे पहले भी मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में स्टेट बैंक में पांच बैंकों को विलय किया था। इन सारे विलय के बाद पीएसयू बैंकों की संख्या 27 से घटकर 12 रह जाएगी। इससे जहां बैंकों का कैपिटल साइज बढ़ेगा, वहीं परिचालन लागत में कमी आएगी। सरकारी बैंकों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखना भी आसान होगा। अभी एक सप्ताह पहले ही 23 अगस्त को केंद्र ने आर्थिक सुधारों के बड़े डोज की घोषणाएं की थीं। जिसमें बैंकों को 70 हजार करोड़ रुपये के पैकेज, बैंक लोन को रेपो रेट से जोड़ने, बैंक कर्ज की ऑनलाइन ट्रैकिंग, छोटे और मझोले कारोबारियों को 30 दिन के भीतर लंबित जीएसटी रिफंड का भुगतान, नेशनल हाउसिंग बैंक को 30 हजार करोड़ का पैकेज, एनबीएफसी को आधार आधारित केवाईसी के इस्तेमाल की इजाजत, बीएस-4 आधारित वाहन को 2020 तक छूट, एफपीआई और घरेलू निवेशकों के लाभ पर सरचार्ज और एलटीसीजी व एसटीसीजी पर बढ़ाए गए अधिभार की वापसी, सीएसआर को केवल नागरिक दायित्व मानना व इसे आपराधिक मामला नहीं मानना, सभी टैक्स नोटिस सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से जारी करने, टैक्स के नाम पर किसी को परेशान नहीं करने, स्टार्टअप्स के लिए एंजल टैक्स खत्म करने जैसे मेगा कदम उठाए गए थे। पिछली सरकारों के नीतिगत दोष का सबसे अधिक खामियाजा बैंकिंग तंत्र को उठाना पड़ा है, जो एनपीए के बोझ से दबता गया है। यूपीए सरकार के समय कॉरपोरेट लोन वितरण में सरकारी मिलीभगत व लोन की रीस्ट्रक्चरिंग नीति ने बैंकों को अंदर से खोखला किया। 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद राजग सरकार ने बैंकिंग तंत्र में सुधार करना शुरू किया, जिसमें बैंकों के विलय, लोन रिस्ट्रचरिंग पर नकेल, एनपीए की वसूली पर जोर, 3.85 लाख शेल कंपनियों पर कार्रवाई, बेनामी संपत्तियों पर शिकंजा, रिजर्व बैंक पर बैंकिंग रेगुलेशन को सख्त बनाने का दबाव आदि कदम शामिल हैं। सेबी का अधिकार बढ़ा कर शेयर बाजार व म्यूचुअल फंड क्षेत्र को और पारदर्शी बनाया गया। स्वाभाविक है इन कदमों से वित्तीय क्षेत्र के बुलबुले पर असर पड़ना लाजिमी था। जो अर्थव्यवस्था में करेक्शन के चलते सुस्ती के रूप में सामने आया और जीडीपी ग्रोथ पर असर पड़ा। जो 7.5 से गिरकर 5 फीसदी पर आ गया है। यह होना ही था। मोदी सरकार ने केवल आर्थिक तंत्र की नीतिगत गड़बड़ियों को ही दूर नहीं किया है, बल्कि अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए भी अनेक नीतिगत उठाए हैं। बीमा, रक्षा, तकनीक, मीडिया, बैंकिंग, वित्त बाजार, इन्फ्रास्टक्चर, बुनियादी उद्योग समेत 15 से अधिक क्षेत्र में एफडीआई के नियमों को आसान बनाया। इज ऑफ डूइंग बिजनेस व मेक इन इंडिया को बढ़ावा दिया गया। अप्रत्यक्ष कर दरों में कमी की गई। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया, काला धन के सृजन के स्त्रोत पर बेनामी कानून लाकर मट्ठा डाला गया। महंगाई दर, राजकोषीय व वित्तीय घाटा को नियंत्रण में रखा गया। बैंकिंग समेत अन्य सिस्टमैटिक सुधार का असर है कि 18 में से 14 बैंक मुनाफे में आए, एनपीए की रकम 8.65 लाख करोड़ से घटकर 7.90 लाख करोड़ रुपये रह गई व रिटेल लोन ग्रोथ में 25% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब सरकारी बैंक चीफ रिस्क ऑफिसर की नियुक्ति करेंगे, इससे बैंके के कर्ज के जोखिम कम होंगे। हालांकि यही कदम काफी नहीं हैं। वैश्विक सुस्ती से निपटने का सबसे प्रमाणिक तरीका है कि सरकार घरेलू खपत बढ़ाने के उपाय करे। इसके लिए सार्वजनिक व निजी दोनों निवेश देश में बढ़ाना होगा।

व्यंग्य
आलोक पुराणिक

## पाक के दिल ए दर्द की कुछ कथाएं

शब्द किस तरह बदनाम हो जाते हैं। देखिये, पाक का मतलब होता है पवित्र और पाक का नाम आते ही दिमाग में झूठ, आतंक, बंदूक, बम धमाके आने लगते हैं। पाक को पाक किस कदर बदनाम कर सकता है, यह हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। किसी नेता का ध्यान गया नहीं है खासकर शिवसेना के नेताओं का, वरना तो 1972 की हिट फिल्म पाकीजा का नाम बदलवाने की मांग भी रख सकते हैं। इतनी शानदार फिल्म का नाम ऐसा नहीं हो सकता, जिसमें पाक का नाम शामिल हो। खैर कुछ पाक कथाएं देखें।

पाक कथा -1

बिजली चोरी करने दो ना पाक प्रधानमंत्री इमरान खान का दफ्तर।

एक बंदा पाक पीएम से कह रहा है-सर बिजली वाले आए हैं कह रहे है कि 41 लाख का बिल है। दे दो नहीं तो काट देंगे। इमरान खान-ओय मैं पैसे कहां लाऊं। सऊदी वाले दे नहीं रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात वाले दे नहीं रहे हैं। कहां से लाऊं 41 लाख। हर तरफ तो पैसे के लिए हाथ-पैर मार रहा हूं, अगर मिलेंगे तो जल्दी ही दे दूंगा। बिजलीवाला-सर आप तो न्यूक्लियर बम बना रहे हैं, उसके लिए पैसे कहां से आए। उस पर भी तो बहुत खर्च आया होगा। इमरान खान-ओये न्यूक्लियर बम तो चोरी से बनाया है, उसमें पैसे थोड़े ही लगते हैं। एक तार वहां से जोड़ लाए, एक नट वहां से तोड़ लाए। हमारे पैसे होते तो हम इंडस्ट्री भी बना लेते। वो सारे काम हम कर सकते हैं, जिनमें चोरी होती है। बम तो चोरी का है। इसमें हमारे कोई पैसे नहीं लगे हैं, तुम बिजली भी चोरी करने दे। बिजलीवाला-सर कैसी बातें कर रहे हैं पीएम होकर। ऐसे चोरी करके आप मुल्क को क्या संदेश देंगे।

इमरान खान : ओए तुझे लगता है कि यह मुल्क मेरे संदेश से चलता है। मुल्क तो आर्मीवाले चला रहे हैं। आर्मी वाले ही आतंकी चला रहे हैं। आतंकियों को उनका लालच और जुनून चला रहा है। पाकिस्तान ऐसे ही चल रहा है। मैं कोशिश करता हूं कि कुछ झूठ चल जाएं मेरे, बस वो ही नहीं चल रहे हैं। मेरी तो अब तक की सारी कोशिशें बेकार साबित हो रही हैं।

बिजलीवाला-सर बिजली के पैसे दे दें, तो आगे हमें भी अपने कर्मचारियों को सेलरी वगैरह देनी होती हैं। वो कहां से खाना खाएंगे, उनके बच्चे कैसे पलेंगे।

इमरान खान : कुर्बानी दो, मुल्क के लिए कुर्बानी दो ना। खाना नहीं है तो क्या हुआ, हमारे पास बम है, न्यूक्लियर बम। समझे कुछ।

बिजलीवाला : सर बम का फोटू मैं अपने बच्चों को दिखाता हूं, फिर भी वो खाना मांगते हैं। इससे किसी का पेट नहीं भरता है।

इमरान खान : कमाल है न्यूक्लियर बम से पूरी दुनिया डरती है। तेरे बच्चे नहीं डरते। कमाल है। उन्हें बम की ताकत के बारे में बता, बम की शक्ति के बारे में बता।

बिजलीवाला : सर भूख अगर पेट से ऊपर चढ़कर सिर पर चली जाए तो डर खत्म हो जाता है। ये भूखे आपके सिंहासन को खा जाएगी।

इमरान खान ने डरकर जनरल कमर बाजवा को बुला लिया है। अब पाकिस्तानी जनरल इसी काम आएंगे कि हुक्मरानों को जनता से बचा सकें। वैसे पाक सेना का पूरा रिकार्ड यही काम करने का है।

पाक कथा-दो : खाना कर निकल लो

इमरान खान टू जनरल कमर बाजवा-ओए, मैं कहता हूं कि सऊदी अरब वालों से, संयुक्त अरब अमीरात वालों से कि हम और तुम तो एक ही हैं। तुम हमें कुछ पैसे क्यों ना देते।

बाजवा-जिसे पैसे देते हैं, उसकी इज्जत करने का रिवाज नहीं है इस दुनिया में। बहुत जालिम है यह दुनिया। या तो बराबरी से हाथ मिला लो या रकम मांगने के लिए हाथ फैला लो। जिसके आगे हाथ फैला लो, वह फिर हाथ ना मिलाता, मजबूरी में मिला भी ले तो भी दिल से ना मिलाता। यही इस दुनिया का दस्तूर है।

# क्या गांधी और टॉल्स्टॉय अर्बन नक्सल हैं ?



जिरहनामा
कनक तिवारी

साहित्यकारों से ज्यादा टॉल्स्टॉय को भारत में गांधी ने अमर किया है। गांधी टॉल्स्टॉय से उनके 80 वें जन्मदिन पर 1908 में मिले। गांधी को मित्र डॉ. प्राणजीवन मेहता ने टॉल्स्टॉय का पत्र 'लेटर टू ए हिन्दू' शीर्षक का भेजा था। टॉल्स्टॉय ने पत्र तारकनाथ दास नामक अराजकता समर्थक को लिखा था जो भारतीय आजादी के लिए कनाडा के वैंकुअर से 'फ्री हिन्दुस्तान' नाम का अखबार निकालता था। 1 अक्टूबर 1909 के पत्र में गांधी ने टॉल्स्टॉय को दक्षिण अफ्रीकी नस्लीय शासन में अपने हमवतनों की दूभर जिंदगी के बारे में तफसील से लिखा था।

भीमा कोरेगांव के बहुचर्चित लेकिन जबरिया बनाए गए पुलिसिया प्रकरण में जागरूक मानव अधिकार कार्यकर्ता बुद्धिजीवियों की गिरफ्तारी और अब तक जमानत नहीं होने पर भारतीय संविधान को चिंता होनी चाहिए। हाल के वर्षों में ताजी-रात-ए-हिन्द और दंड प्रक्रिया संहिता की धाराएं संविधान के मूल अधिकारों के परिच्छेद पर चढ़कर मनोरंजक लेकिन घातक उछलकूद कर रही हैं। कई बार बंदरिया के बच्चे भी अपने मां बाप और आसपास की इमारतों और पेड़ों पर चढ़कर करतब दिखाते हैं। सत्ता का चरित्र ऐसा ही होता है। उसे तुलसीदास से परहेज होता है। वह सुनिश्चित करती है कि आईने अकबरी में गोस्वामी जी और रामचरित मानस का नाम बिल्कुल नहीं आने दे। इसके बनिस्बत चतुर, चाटुकार, सामंतवादी बीरबल को आसरा देती है। अलबत्ता बीरबल की हाजिरजवाबी इतिहास में ईर्ष्या का विषय है। सरकारी सत्ता के सियासी सूत्रधारों के बगलगीर बनते कई दरबारी बुद्धिजीवी आंदोलन, विचार या बहस खड़ा करने में असमर्थ होते हैं। वे खुद को सामंती नस्ल के शब्दों को गढ़ने की फितरत के महारथी दिखाते अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते रहते हैं। आदिवासी वर्ग सरकारी कानूनों की उपेक्षा और हिंसा से होते दमन के मुकाबिल खड़ा होता है। उन्हें अपनी समझ के अनुसार नक्सलवादी समर्थन देते लगते हैं। नक्सलियों से नाइत्तफाकी रखते हुए कहा जा सकता है। समाज में तटस्थ, सक्रिय, संतुलित, प्रखर, प्रगतिशील और उन्नत विचारों के नागरिक प्रवक्ता मौजूद हैं। उनकी संख्या कम है लेकिन कशिश, सक्रियता और ईमानदारी नहीं। ऐसे चेहरों पर अर्बन नक्सल का पुलिसिया नकाब ओढ़ाया जाता है। अर्बन नक्सल नामकरण कूढ़मगज गिरोह ने किया है। अंगरेजी नस्ल की इन्साफ की मशीनरी कई बार मानव और संवैधानिक अधिकारों का रक्षाकवच बनने के बदले विवादग्रस्त मीडिया के उलाहनों के शोर बाजार में अपनी आवाज को न्यायिक सिम्फनी समझकर भी सरकारी तंत्र के आर्केस्ट्रा में डूबती सुनाई जाती है। जिला न्यायाधीशों और वकीलों को हाईकोर्ट के जज प्रोन्नत करती न्याय प्रणाली जजों को सामाजिक विज्ञान के जरूरी विषयों और समकालीन वैचारिकी से पूरी तौर पर महफूज याने महरूम रखती है। नॉम चॉम्स्की, एडवर्ड सईद, सैमुअल हटिंग्टन, ग्राम्स्की, फूको, जैक देरिदा, बरतोल्त ब्रेख्त जैसे विदेशी धारदार नामों को छोड़ दें। तो भी जज विवेकानन्द, गांधी, ज्योतिबा फुले, नरेन्द्र देव, गोलवलकर, नम्बूदिरिपाद, पेरियार, मौलाना आज़ाद, अम्बेडकर, सरोजिनी नायडू, रमाबाई वगैरह के विचारों से मुठभेड़ करते कहां दिखाई देते है। ऐसे भी हाईकोर्ट जज हैं जो मोर मोरनी के आंसुओं और देश के प्रधानमंत्री को देवता समझने की तिकड़म से संलग्न होकर सुखी पदधारी भविष्य सुनिश्चित करते चलते हैं।

एक ताजातरीन विचारोत्तेजक वाकिया भीमा कोरेगांव मामले में अभियुक्त बनाए गए कथित अर्बन नक्सलों की जमानत कार्यवाही के दौरान बंबई उच्च न्यायालय में जस्टिस सारंग कोतवाल के कारण देश में वादविवाद का हेतु बना हुआ है। उससे गंभीरता को निचोड़ने की जरूरत है। कथित अर्बन नक्सलों के पास से अन्य पुस्तकों के अलावा संसार के महानतम



उपन्यासकार काउंट लियो टॉल्स्टॉय की अमर कृति 'वार एंड पीस' के शीर्षक वाली एक किताब 'वार एंड पीस इन जंगलमहल' दबोचने में पुलिस ने अपनी पीठ ठोंकी। गफलत की ऐसी अद्भुत घटनाएं इसलिए होती हैं कि मूल अधिकारों का हनन करते सरकारी आदेशों के अनुपालन में पुलिस को विशेष अधिनियमों के तहत किसी बौद्धिक सामग्री को विस्फोटक या अन्य परिस्थितियों में अश्लील भी आरोपित कर सकती है। 'वार एंड पीस' नाम सुनते ही विदेशी किताब समझते जज ने शायद कह दिया कि किसी अन्य देश की युद्ध संबंधी किताब को घर में रखने का क्या तुक? 'वार एंड पीस' शब्द सुनकर भी उनकी टॉल्स्टॉय संबंधी अज्ञानता तो सिर चढ़कर बोली।

साहित्यकारों से ज्यादा टॉल्स्टॉय को भारत में गांधी ने अमर किया है। गांधी टॉल्स्टॉय से उनके 80 वें जन्मदिन पर 1908 में मिले। गांधी को मित्र डॉ. प्राणजीवन मेहता ने टॉल्स्टॉय का पत्र 'लेटर टू ए हिन्दू' शीर्षक का भेजा था। टॉल्स्टॉय ने पत्र तारकनाथ दास नामक अराजकता समर्थक को लिखा था जो भारतीय आजादी के लिए कनाडा के वैंकुअर से 'फ्री हिन्दुस्तान' नाम का अखबार निकालता था। 1 अक्टूबर 1909 के पत्र में गांधी ने टॉल्स्टॉय को दक्षिण अफ्रीकी नस्लीय शासन में अपने हमवतनों की दूभर जिंदगी के बारे में तफसील से लिखा था। टॉल्स्टॉय ने 7 अक्टूबर को गांधी के विचारों का समर्थन करते जवाब भेजा। लिखा मैं तुमसे भाईचारा महसूस करता हूं और लगातार संपर्क रखूंगा। गांधी ने अपने अखबार 'इंडियन ओपिनियन' के गुजराती और अंगरेजी संस्करणों में टॉल्स्टॉय के पत्र की बीस हजार प्रतियां छापकर बांटीं।

टॉल्स्टॉय ने अपनी पुश्तैनी अमीरी को खुदमुख्तारी की फकीरी में बदल दिया था। किसान और मजदूर बनकर रोजी कमाते भी वे लेखकीय जद्दोजहद में जुटे रहे। महान टॉल्स्टॉय के साहित्य से परेशान रूसी सरकार ने उनके प्रचार प्रसार सहायक लिपिक को गिरफ्तार कर लिया था। टॉल्स्टॉय विचलित नहीं हुए। उन्होंने चुनौती के स्वर में कहा लेखक तो मैं हूं। सरकार को मुझे गिरफ्तार करना था। गांधी और टॉल्स्टॉय भीमा कोरेगांव प्रकरण के वक्त जीवित होते तो अदालत में अर्बन नक्सल की हैसियत में हो सकते थे। नागरिक की अभिव्यक्ति और कर्तव्य की व्यापक आजादी के अर्थ में संविधान की लचीली व्याख्याएं इंसानियत का फलसफा आंसू, खून और रक्त की स्याही से ही लिख पाती हैं। भारत के कई जज सरकारी विचारों का केवल कानूनी और न्यायिक जुमला बनाते हैं। उससे बहुत मनोरंजक लेकिन मानव विरोधी मुकदमों का अंबार लगते देष देख रहा है। गांधी ने टॉल्स्टॉय को अपनी ताजातरीन पुस्तक 'हिन्द स्वराज' भेजकर आशीर्वाद और समर्थन भी मांगा था। टॉल्स्टॉय का समर्थन गांधी को 'हिन्द स्वराज' के लिए मिला। वह सबसे बड़ा नैतिक प्रमाण पत्र है। गांधी ने अपनी अहिंसा की थ्योरी को टॉल्स्टॉय की थ्योरी से समानांतर और प्रेरित माना है। रूस में टॉल्स्टॉय की थ्योरी और भारत में गांधी की थ्योरी को बाद की पीढ़ियों ने खारिज कर दिया। टॉल्स्टॉय की रचनाओं की गांधी ने ध्यानपूर्वक पढ़ाई की। उसमें उनका उपन्यास 'पुनर्जागरण' भी शामिल था। यह महान लेखक गांधी के ज़ेहन में शिक्षक और गुरु की तरह काबिज होता गया। अपने जीवन के आखिरी दौर में गांधी ने उसका आभार माना। कहाः 'रूस ने मुझे टॉल्स्टॉय के रूप में शिक्षक दिया जिनसे मुझे अपनी अहिंसा के लिए मुनासिब आधार प्राप्त हुआ।' नौजवान गांधी एक साधारण एडवोकेट होकर दक्षिण अफ्रीका में बुनियादी इन्सानी हकों के लिए हिन्दोस्तानियों और अफ्रीकियों की भी जद्दोजहद की अगुआई कर रहे थे। गांधी ने टॉल्स्टॉय को अपनी अंतिम चिट्ठी 15 अगस्त 1910 को लिखी। इस पत्र का भी लेव टॉल्स्टॉय ने दोस्ताना जवाब दिया। जब वह खत गांधी के पास पहुंचा, टॉल्स्टॉय की मौत हो चुकी थी।

## संतुलन में रहना ही धर्म



संकलित
दर्शन

ध्यात्मिक पथ पर तीन कारक होते हैंः बुद्ध- सत्गुरु या ब्रह्मज्ञानी; संघ- सम्प्रदाय या समुदाय और; धर्म- आपकी प्रकृति, आपका सच्चा स्वभाव। आप बुद्ध के जितना निकट जाएंगे, आपको उतना ही अधिक आकर्षण मिलेगा, आप ब्रह्मज्ञानी से कभी ऊबते नहीं। जितना समीप जाएंगे, उतनी ही अधिक नवीनता और प्रेम का अनुभव मिलता है। गुरु एक द्वार है, और द्वार को दुनिया से अधिक आकर्षक होने की आवश्यकता है, ताकि लोग द्वार तक आएं। बाहर बारिश और बिजली कड़क रही है या चिलचिलाती धूप है और कोई सड़क पर है- उन्हें आश्रय की जरूरत है। वे अपने चारों ओर ढूंढ़ते हैं, उन्हें एक द्वार दिखता है। द्वार अपनी ओर आमंत्रित कर रहा है, वह दुनिया की किसी भी चीज से अधिक आकर्षक, आनन्द और हर्षोल्लास से परिपूर्ण दिखता है। इतनी शांति, इतना आनंद और सुख दुनिया में और कुछ भी नहीं दे सकता है। द्वार तक आने पर, आप दरवाजे के अंदर प्रवेश कर जाते हैं और गुरु की आंखों से दुनिया को देखते हैं। यह एक संकेत है कि आप गुरु के पास पहुंच गए हैं। अन्यथा, आप सड़क पर खड़े हुए अभी तक द्वार को देखते रह सकते हैं। एक बार आपने द्वार से अंदर प्रवेश कर लिया तो आप गुरु की आंखों से सारी दुनिया को देखेंगे। इसका क्या अर्थ है? हर स्थिति का सामना करते हुए आप सोचेंगे कि 'यह स्थिति यदि गुरुजी के सामने आती तो वह उसको कैसे संभालते?

## पत्थर के सूप से भर गया पूरे गांव का पेट



संकलित
प्रेरणा

पुरानी बात है, एक यात्री गांव-गांव घूम रहा था। एक बार वह ऐसे गांव में आया, जहां के लोग मंदी और गरीबी की मार झेल रहे थे। वहां लोग भी अपने पास यात्री को रखने से बच रहे थे। उन्हें डर था कि उसे भी अपने में से खिलाना पड़ेगा। जब यात्री को यह पता चला तो उसने बताया कि उसे किसी से खाने-पीने के लिए कुछ नहीं चाहिए। वह ही सबको बेहतरीन सूप बनाकर पिलाएगा। ये बात सुनकर लोग उसे संदेह और उत्सुकता से देखने लगे। उसने गली के बीच में कुछ लकड़ियां रखीं और एक डिब्बे में पानी उबालने लगा। बड़ा रस लेते हुए धीरे-धीरे उसने अपने बैग से पत्थर निकाले और उन्हें पानी में डाल दिया। वह सूप के फायदे गिनाते हुए बोला कि वह सूप लाजवाब बन जाएगा, अगर उसमें थोड़ी सी गोभी मिला दी जाए। यह सुनकर एक व्यक्ति थोड़ी सी गोभी ले आया। वह हर बार सूप का फायदा गिनाता और धीरे-धीरे लोग गाजर, प्याज, चुकंदर आदि लाते रहे। अंत में इतना सूप बन गया कि सभी लोगों ने पिया। जीवन में अकसर यही होता है। संकट और अभाव के समय हम अपने कदम पीछे कर लेते हैं और अपनी सारी ऊर्जा खुद को बचाने में लगा देते हैं। हम ना सिर्फ खुद को अलग-थलग कर लेते हैं, दूसरों के लिए भी दरवाजे बंद कर देते हैं। जो खुशियां हमारी और दूसरों की हो सकती थीं, हम उससे वंचित रह जाते हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

### भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करे सरकार

भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कर उसे उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। भोजपुरी बोलने वालों की संख्या लगभग 25 करोड़ है। देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, राहुल सांकृत्यायन समेत कई राजनेताओं की यह भाषा रही है। फिर भी इसके साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है, आखिर क्यों? यह करोड़ों लोगो की भाषा तो है ही इसका लोक साहित्य भी काफी समृद्ध है। ऐसा नहीं है कि इसे आठवीं अनुसूची में शामिल कराने को लेकर संवाद नहीं हुआ। मगर ओछी राजनीति ने इसकी राह में रोड़ा पैदा की है।

-सरल मिश्रा, बिलासपुर

करंट अफेयर

## इंटरपोल की लंबित रेड कॉर्नर नोटिस पर चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत के दौरे पर आए इंटरपोल के महासचिव जुर्गेन स्टॉक ने केंद्रीय गृह सचिव एकके भल्ला से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस दौरान आतंकवाद फैलाने के आरोपी जाकिर नाईक सहित अन्य के खिलाफ लंबित रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि भल्ला ने स्टॉक के साथ हुई 30 मिनट की बैठक में भारतीय कानून से बच रहे भगोड़ों के खिलाफ लंबित रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करने की जरूरत पर जोर दिया। रेड कॉर्नर नोटिस एक तरह से भगोड़ों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट है जिसमें इंटरपोल सदस्य देशों से आरोपी को गिरफ्तार या हिरासत में लेने का अनुरोध किया जाता है। वर्ष 2016,2017 और 2018 के दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)ने इंटरपोल को क्रमशः 91,94 और 124 रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध किया। वहीं इंटरपोल ने क्रमशः 87,84 और 76 नोटिस जारी किए। इस साल 14 जून तक भारत ने 41 रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध किया और 32 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ इंटरपोल को रेड कॉर्नर नोटिस जारी करना है उनमें विवादित धर्म उपदेशक जाकिर नाईक शामिल है। नाईक पर आतंकवादी हमलों को अंजाम देने वाले युवकों को कट्टरपंथी बनाने का आरोप है।

ऑफ बीट

## 30 साल से खा रहा था मिर्गी की दवाई, मर्ज कुछ और



दरअसल, गुआंगदोंग प्रांत के पहाड़ी गांव में रहने वाले 59 वर्षीय झांग को सबसे पहले साल 1989 में तेज सिर दर्द और चक्कर आने की शिकायत हुई थी। तब वह अपने कुछ दोस्तों के साथ बैठकर गेम खेल रहे थे, उसी समय उनके बाजू और पैरों में सनसनी होने लगी। उनके मुंह से झाग निकलने लगा और वह बेहोश हो गए। बेहोश होने के बाद झांग को ग्वांगझू के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें मिर्गी है। इसके बाद से वो लगातार मिर्गी की दवाई खाते रहे, लेकिन सिर दर्द, चक्कर, बेहोशी और शरीर में सनसनाहट की समस्या खत्म नहीं हुई। चूंकि झांग का सिर दर्द लंबा नहीं रहता था, इसलिए वो हर रोज दवाई नहीं खाते थे। लेकिन साल 2015 में उनकी समस्या और ज्यादा तब बढ़ गई, जब गांव में आग लगी थी। इसके बाद से उन्हें हर महीने तेज सिर दर्द होने लगा और चक्कर खाकर बेहोश होने लगे। जब झांग की परेशानी बढ़ गई तो वो एक बार फिर डॉक्टर के पास पहुंचे, लेकिन उनका साफ कहना था कि ये परेशानी मिर्गी की वजह से ही है। हालांकि झांग को संतुष्टि नहीं मिली और वो दूसरे अस्पताल में पहुंचे, जहां उनका एमआरआई स्कैन किया गया। तब जाकर सिर दर्द की असली और चौंकाने वाली वजह पता चली। दरअसल, झांग के दिमाग में एक 10 सेंटीमीटर लंबा परजीवी था, जिसे सर्जरी के द्वारा निकाल दिया गया।

ट्रेंड

### थाली से गायब हुए जौ,



आज हम देखते हैं कि जिस भोजन को हमने छोड़ दिया, उसे दुनिया ने अपनाना शुरु कर दिया। जौ, ज्वार, रागी, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा ऐसे अनेक अनाज कभी हमारे खान-पान का हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन ये हमारी थालियों से गायब हो गए।

-नरेंद्र मोदी

### मानवीय मूल्यों की जरूरत



जलवायु परिवर्तन हम सभी को प्रभावित करता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था का मतलब है कि हमें परिवार के सदस्यों के रूप में अन्य लोगों के बारे में सोचना। शिक्षा प्रणालियों में सामान्य ज्ञान, सामान्य अनुभव के आधार पर मानवीय मूल्यों की आवश्यकता है।

-दलाई लामा

### कैसा क्रेज चला है



काम से निकले, जनता बोली सेल्फी दे दो सेल्फी। खड़े रहे, बस एक जगह और अपनी फोटो भी ले ली। समझ न आवे, हमको भैया क्यूं यह क्रेज चला है। उनकी हो गई चांदी, हम रह गए अपनी बला से।

-अमिताभ बच्चन

### खुद को फिट बनाएं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री किरण रिजिजु ने फिट इंडिया मूवमेंट लांच किया। मैं तो इसमें सहभागी बनकर अभियान को आगे बढ़ा रही हूं और सभी देशवासियों से अपील करती हूं कि आप भी इस मुहिम का हिस्सा बनें और खुद को फिट बनाएं।

-बबीता फोगाट

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नवोदित अभिनेत्री ने गगनचुंबी इमारत से कूदकर की आत्महत्या

**मुंबई।** अवसाद से जूझ रही नवोदित अभिनेत्री पर्ल पंजाबी (31) ने शुक्रवार को यहां की एक गगनचुंबी इमारत की छत से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पर्ल पंजाबी, तड़के ओशिवाड़ा उपनगर के लोखंडवाला परिसर में केनवुड अपार्टमेंट की छत पर गईं और नीचे छलांग लगा दी। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री को एक समीपवर्ती निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ माह से पर्ल अवसाद में थीं। हो सकता है कि अवसाद की वजह से ही उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया हो।

### ट्रंप ने 'डोरियन' तूफान के मद्देनजर पौलैंड की यात्रा की रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को बताया कि 'डोरियन' तूफान के फ्लोरिडा तट के करीब पहुंचने के मद्देनजर उन्होंने पौलैंड की अपनी इस सप्ताहांत की यात्रा रद्द कर दी है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए इस सप्ताहांत अपनी जगह उप राष्ट्रपति माइक पेंस को पोलैंड भेजने का निर्णय लिया है कि संघीय सरकार के सभी संसाधन तूफान से निपटने के कार्य में लगे हों। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यहां होना बहुत जरूरी है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह तूफान बहुत बड़ा होगा।

### बच्ची से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद

**पालघर।** एक विशेष अदालत ने 2017 में चार साल की बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में 27 साल के एक युवक को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश ए यू कदम ने प्रदेश के वसई इलाके के रहने वाले घनश्याम गुप्ता पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। न्यायाधीश ने हाल ही में भारतीय दंड संहिता के पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत हाल ही में गुप्ता को दोषी ठहराया था।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की बड़ी मुहिम

# देशभर में सीबीआई ने 150 जगहों पर की छापेमारी

**25 से ज्यादा विभागों पर सीबीआई की नजर**

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को देश भर में अचानक 150 जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने कहा कि विशेष अभियान मुख्य रूप से भ्रष्टाचार के उन बिंदुओं को ध्यान रखकर चलाया गया जिनकी वजह से सरकारी तंत्र में आम आदमी और छोटे कारोबारियों को सबसे ज्यादा चोट पहुंचती है। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान भ्रष्टाचार के संभावित तरीकों और आम आदमी के सामने ऐसे विभागों की सेवाएं लेते समय आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरुक करेगा। बताया जा रहा है कि, सीबीआई की ओर से छापेमारी की कार्रवाई सरकारी विभागों के कई दफ्तरों पर की गई है। सीबीआई ने रेलवे, कोयला समेत कई महत्वपूर्ण सरकारी विभागों के दफ्तरों की जांच की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के तहत अब सरकारी विभाग सीबीआई के रडार पर आ गए हैं। सीबीआई की ओर से की गई इस संयुक्त कार्रवाई में उनके साथ विजिलेंस (सतर्कता विभाग) अफसर भी शामिल थे। सीबीआई की भ्रष्टाचार के खिलाफ स्पेशल ड्राइव ऐसी जगहों पर चलाई गई, जहां सराकरी मशीनरी में आम लोगों और छोटे कारोबारियों को सबसे ज्यादा इसका सामना करना पड़ता है। पीएम की ईज ऑफ लिविंग इनिशेटिव के तहत कार्रवाई। ज्वाइंट सरप्राइज चैक इस उन प्वाइंट्स और जगहों को भी हाईलाइट करने के लिए हैं, जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।




### इन शहरों में चलाया गया अभियान

अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान केंद्र सरकार के विभागों, केंद्र शासित प्रदेशों तथा सार्वजनिक उपक्रमों की सतर्कता टीमें भी साथ थीं। सूत्रों ने कहा कि इन छापों का मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन को सुगम बनाने के संदेश को आगे ले जाना था। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई दिल्ली, जयपुर, जोधपुर, गुवाहाटी, श्रीनगर, शिलांग, चंडीगढ़, शिमला, चेन्नई, मदुरै, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, गांधीनगर, गोवा, भोपाल, जबलपुर, नागपुर, पटना, रांची, गाजियाबाद, लखनऊ और देहरादून में की गई। सीबीआई अधिकारियों ने इस पर कि क्या यह यह पांच अगस्त के बाद से क्या श्रीनगर में ऐसी पहली कार्रवाई थी, कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। पांच अगस्त को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान केंद्र सरकार के विभागों, केंद्र शासित प्रदेशों तथा सार्वजनिक उपक्रमों की सतर्कता टीमें भी साथ थीं।

### इन विभागों में अचानक मारे छापे

जिन विभागों पर अचानक छापे मारे गए उनमें रेलवे, कोयला खदानें, कोयला क्षेत्रों, चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य संगठन, सीमा-शुल्क और एफसीआई शामिल थे। अन्य विभागों में ऊर्जा, नगर निगम, ईएसआईसी, परिवहन, सीपीडब्ल्यूडी, संपदा निदेशालय, अग्निशमन सेवाएं,उपरजिस्ट्रार कार्यालय, जीएसटी, बंदरगाह, राष्ट्रीय राजमार्ग, डीएवीपी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां, डीजीएफटी, सार्वजनिक बैंक, एएसआई, जहाजरानी निगम, बीएसएनएल, इस्पात सार्वजनिक उपक्रम, खान एवं खनिज विभाग शामिल थे।

### कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाया आरोप

# केंद्र सरकार ने जबरन पैसे लेकर देश को आर्थिक आपातकाल में धकेला

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा केंद्र सरकार को लाभांश और अधिशेष कोष के मद से 1.76 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के निर्णय को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर 'घोर मंदी' छिपाने के लिए आरबीआई से जबरन पैसे लेकर देश को आर्थिक आपातकाल की ओर धकेल ने का आरोप लगाया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा कि आरबीआई का 'इमरजेंसी फ़ंड' गिर कर 6 साल के निचले स्तर पर पहुंच गया क्योंकि अपनी नाकामियों व घोर आर्थिक मंदी को छिपाने के लिए भाजपा सरकार ने ज़बरन आरबीआई से 1,76,000 करोड़ रुपये लिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने देश को 'आर्थिक आपातकाल' में धकेल दिया है।



### बैंक धोखाधड़ी होने देने वाला 'गारंटर' कौन है: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पिछले वित्त वर्ष में बैंक जालसाजी के मामले बढ़ने से जुड़ी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हवाला देते हुए शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि आखिर वो 'गारंटर' कौन है जो ये धोखाधड़ी होने दे रहा है। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि देश की सबसे बड़ी बैंकिंग संस्था आरबीआई कह रही है कि सरकार की नाक के नीचे बैंक धोखाधड़ी बढ़ते जा रहे हैं। 2018-19 में ये चोरी और बढ़ गयी।

### 'चौकीदार चोर है' बयान को लेकर अब मुंबई की अदालत ने राहुल गांधी को दिया पेशी का आदेश

**मुंबई।** इस साल लोकसभा चुनावों के दौरान एक जनसभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान 'चौकीदार चोर है', उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है। अब मुंबई के एक मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को पेश होने का आदेश दिया है। बीजेपी नेता महेश श्रीश्रीमल ने राहुल गांधी के खिलाफ याचिका दायर की थी।

### बंगाल विधानसभा में लिंचिंग के खिलाफ विधेयक हुआ पारित

# पश्चिम बंगाल में मॉब लिंचिंग के अपराध पर होगी फांसी की सजा

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए राज्य विधानसभा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण विधेयक पास कराया गया है। भीड़ द्वारा हमला करने और लिंचिंग की घटनाओं पर रोकथाम के लिए शुक्रवार को ऐसे मामलों को अपराध की संज्ञा देते हुए विधानसभा ने पश्चिम बंगाल (लिंचिंग रोकथाम) विधेयक पारित किया है। इससे पहले बंगाल सरकार ने शुक्रवार सुबह सदन में इस विधेयक को पेश किया, जिसका विपक्षी दलों सीपीएम और कांग्रेस ने भी समर्थन किया। शुक्रवार को पास विधेयक के लागू होने के बाद मॉब लिंचिंग के अपराध पर तीन साल की जेल से लेकर आजीवन कारावास की सजा हो सकेगी।



### केंद्र को भी लाना चाहिए कानून: ममता

ममता ने कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे अपराधों के विरूद्ध कानून लाना चाहिए। चूंकि उसने अबतक ऐसा किया नहीं है। इसलिए हम इस सामाजिक बुराई के खिलाफ संघर्ष के लिए अपने राज्य में यह कानून ला रहे हैं।

### पांच लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान

विधेयक में कहा गया है कि यदि ऐसी मारपीट में पीड़ित व्यक्ति की जान चली जाती है तो इसके जिम्मेदार व्यक्तियों को मृत्युदंड या आजीवन सश्रम कारावास और पांच लाख तक जुर्माना हो सकता है।

### गुजरात सरकार ने 78 आईएएस अधिकारियों के किए तबादले

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने शुक्रवार को बड़ी फेरबदल करते हुए 78 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये और प्रतिनियुक्ति पर भारतीय विदेश सेवा की एक अधिकारी को औद्योगिक विस्तार ब्यूरो में नियुक्ति दी गयी है। जिन प्रमुख अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें सामान्य प्रशासन विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव संगीता सिंह का नाम शामिल है जिन्हें अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) बनाकर भेजा गया है। वह ए एम तिवारी की जगह लेंगी जो सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संगीता सिंह की जगह सामान्य प्रशासन विभाग में कमल कुमार दयानी को लाया गया है जो इस समय खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलों के विभाग में प्रधान सचिव हैं।

### प्रदर्शन...




मुंबई में शुक्रवार को बलात्कार मामले में न्याय की मांग करने के लिए विरोध प्रदर्शन करतीं एनसीपी की कार्यकर्ता

### बैठक...



नई दिल्ली में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के साथ 15वें वित्त आयोग की बैठक करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### गहलोत ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

# मोदी सरकार ने सीबीआई के माध्यम से पूरे देश में डर बना रखा है

एजेंसी ⏭जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि देश में अघोषित आपातकाल का माहौल है और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और सीबीआई के माध्यम से पूरे देश को डरा रखा है। गहलोत ने यहां कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि जो चुनाव जीत जाते हैं उन्हें बड़ा दिल रखकर काम करना चाहिए। सबको साथ लेकर काम करना चाहिए। क्या मोदी जी की सरकार ऐसा कर रही है? सिर्फ ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के माध्यम से, इनकम टैक्स विभाग, सीबीआई के माध्यम से पूरे देश को डरा रखा है ... चाहे वह उद्योगपति हो, व्यापारी हो या नौकरशाह हो, कोई भी हो।



### गहलोत की सांसद बेनीवाल से अपील: राजस्थान को बख्श दें

राजस्थान के नागौर शहर में बंजारा समुदाय द्वारा किए गए अतिक्रमणों को हटाए जाने के बाद जारी आंदोलन को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को सांसद हनुमान बेनीवाल पर निशाना साधा और उनसे राजस्थान को बख्शने की अपील की। यहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में गहलोत ने कहा कि मैं अपील करूंगा (सांसद) हनुमान बेनीवाल से कि कृपया करके आप बख्श दीजिये राजस्थान को और नागौर को। उठिये धरने से और जान गंवाने वाले के घर जा कर सहानुभूति जताइये।"

### आतंकी साजिश को नाकाम करने के लिये कदम उठाए गए: रुपाणी

**भुज।** पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकवादियों के समुद्र के रास्ते गुजरात में घुसने की आशंका के मद्देनजर खुफिया एजेंसियों द्वारा जारी अलर्ट के बीच मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने शुक्रवार को कहा कि आतंकी हमले को नाकाम बनाने के लिये हर संभव कदम उठाए गए हैं। वह कच्छ जिले का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। रुपाणी ने जिला मुख्यालय भुज में कहा कि कच्छ एक सीमावर्ती जिला है। एक हाईअलर्ट जारी किया है और राज्य सरकार ने इसे गंभीरता से लिया गया है। हमनें सभी जरूरी कदम उठाए हैं। हर कोई हाईअलर्ट पर है कच्छ में आतंकियों के घुसपैठ की आशंका के खुफिया इनपुट के बाद राज्य के तटीय क्षेत्र में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बढ़ाई गई है। कांडला और मुंद्रा जैसे प्रमुख बंदरगाहों समेत महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में चौकसी बढ़ा दी गई है।

### असम के सीएम सोनोवाल ने एनआरसी पर कहा

# लोग घबराएं नहीं, सरकार गरीबों को मुहैया कराएगी कानूनी सहायता

एजेंसी ⏭गुवाहाटी

राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अंतिम सूची के प्रकाशन से पहले असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं राज्य सरकार अपनी नागरिकता साबित करने में उन लोगों को मदद करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी जो वास्तव में भारतीय हैं। सोनोवाल ने इन लोगों को कानूनी सहायता मुहैया कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शनिवार को प्रकाशित होने वाली एनआरसी की अंतिम सूची से यदि किसी का नाम बाहर रह जाता है, तो इसका यह अर्थ नहीं है कि वह विदेशी बन गया है क्योंकि उचित कानूनी प्रक्रिया के बाद विदेशी न्यायाधिकरण (एफटी) ही इस संबंध में निर्णय ले सकता है।



### एनआरसी अद्यतन करने में नागरिक समितियों ने पुलिस की मदद की

असम के पुलिस प्रमुख ने कहा है कि पुलिस, सामुदायिक पुलिस प्रणाली का नवोन्मेषी मॉडल अपनाकर राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अद्यतन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती से प्रभावी तरीके से निपट पायी है। पुलिस महानिदेशक कुलाधर सैकिया ने शुक्रवार को कहा कि "नागरिक समितियों" का उपयोग पुलिस ने यह सुनिश्चित करने के लिए किया है कि एनआरसी सूची को तैयार करने के दौरान शांति बनी रहे।

### शहरी विकास मंत्रालय ने जारी की सूची

# यूपी: कानपुर देश का आठवां सबसे स्मार्ट शहर

एजेंसी ⏭कानपुर

उत्तर प्रदेश के शहर कानपुर को देश के 10 सबसे स्मार्ट शहरों की लिस्ट में जगह दी गई है। केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय की सूची में कानपुर को आठवां स्थान मिला है। बीते वर्ष इसी सूची में कानपुर को 13वां स्थान मिला था। इस साल कानपुर को शीर्ष दस शहरों में जगह मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने सफलता पर खुशी जाहिर की है। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा जारी लिस्ट में कानपुर का नाम शुमार किए जाने के बाद कानपुर के नगर आयुक्त और कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि कानपुर को इस बार इस लिस्ट में आठवां स्थान मिला है। हमें उम्मीद है कि शहर में चल रहे तमाम प्रॉजेक्ट्स के पूरा होने के बाद हमें इस सूची में और भी अच्छा स्थान मिल सकेगा।




### ओपन जिम और सफाई के संसाधनों का होगा विकास

इसके अलावा स्मार्ट सिटी प्रॉजेक्ट की इंचार्ज और अपर नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी ने बताया कि निगम पार्षदों की मांग पर शहर के एक दर्जन पार्कों में ओपन जिम बनाने की तैयारी की जा रही है। वहीं सफाई व्यवस्था के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। बता दें कि कानपुर को जिन शहरों के साथ देश के 10 स्मार्ट शहरों में से एक कहा गया है, उनमें अहमदाबाद, नागपुर, रांची, भोपाल, तिरुप्पूर, सूरत, वडोदरा व वेल्लोर जैसे शहरों के नाम शामिल हैं।

### शहर में 900 करोड़ रुपये की योजनाओं की शुरुआत जल्द

उन्होंने बताया कि कानपुर शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक इंटेलिजेंस सिस्टम के विस्तार और स्मार्ट सुविधाओं की बढ़ोतरी से आम लोगों को काफी मदद मिलने वाली है। इसके अलावा शहर में स्थित निगम मुख्यालय में एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर भी बनाया जा रहा है। इन सब के अलावा शहर में जल्द ही 900 करोड़ रुपये की अन्य योजनाओं की भी शुरुआत की जाने वाली है।

### कर्नाटक के पूर्व सीएम सिद्धरमैया बोले

# राज्य के ध्वज पर भाजपा सरकार का रुख कन्नड़ लोगों के खिलाफ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैय ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के अलग झंडे के लंबित प्रस्ताव केंद्र के समक्ष नहीं उठाने की भाजपा सरकार की मंशा कन्नड़ लोगों की भावनाओं के खिलाफ है। राज्य के अलग झंडे का प्रस्ताव तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मार्च 2018 में केंद्र को मंजूरी के लिए भेजा था। इस सरकार का नेतृत्व स्वयं सिद्धरमैया कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया कि कन्नड़ एवं संस्कृति मंत्री के लिए राज्य ध्वज का विरोध करना गलत है। संविधान और कोई कानून राज्य का अपना झंडा होने से नहीं रोकता। भाजपा सरकार का रुख कन्नड लोगों के खिलाफ है। सिद्धरमैया ने अपने ट्वीट में संस्कृति मंत्री सीटी रवि और भाजपा को टैग किया है। राज्य के कन्नड़ एवं संस्कृति मंत्री सीटी रवि ने गुरुवार को कहा था कि तिरंगा देश का एकमात्र संवैधानिक ध्वज है। उन्होंने कहा था कि ध्वज संहिता में स्पष्ट है कि देश के लिए एक ही झंडा होगा। सांस्कृतिक ध्वज अलग हैं और संवैधानिक ध्वज अलग है। तिरंगा एकमात्र संवैधानिक ध्वज है। सांस्कृतिक झंडा का कोई विरोध नहीं है लेकिन संवैधानिक रूप से एक ही झंडा है और वह तिरंगा है।



### हिरासत में दलित युवक की मौत पर भाजपा ने पुलिसवालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने कोटा में कथित तौर पर पुलिस हिरासत में एक दलित युवक की मौत के मामले में दोषी पुलिस वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक भूपेन्द्र सिंह से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस हिरासत में दलित युवक की मौत पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। कटारिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस संबंध में विधायक मदन दिलावर एवं वासुदेव देवनानी के संयुक्त तत्वाधान में एक जांच समिति गठित की थी।



# रिलीज के कुछ घंटों बाद ही लीक हुई 'साहो'

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'साहो' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। फिल्म में प्रभास और श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं। 'बाहुबली 2' के बाद से प्रभास की पहली फिल्म है और फैन्स इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रह थे। लेकिन प्रभास और फिल्म की टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक साहो ऑनलाइन लीक हो गई है। फिल्म और कहीं नहीं बल्कि तमिल रॉकर्स की वेबसाइट पर लीक हुई है। बता दें कि इस वेबसाइट पर पहले भी कई फिल्में लीक हो चुकी हैं। मेकर्स इस वेबसाइट पर लीक होने से बचने के लिए खूब तैयारी करते हैं, लेकिन फिर भी फिल्में लीक हो जाती हैं।

लाइफ Style

# सोनम
## कॉमेडी फिल्मों में करती हूं सर्वश्रेष्ठ

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री सोनम कपूर आहूजा जल्द ही फिल्म 'द जोया फैक्टर' में दिखाई देंगी। इस फिल्म का पोस्टर और ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। अब इस फिल्म को लेकर सोमन कपूर सामने आई हैं। इस फिल्म लेकर सोनम कहती हैं कि मुझे लगता है कि मैं कॉमेडी फिल्मों में अभिनय करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हूं।

सोनम ने यह बात मुंबई में अपनी फिल्म 'द जोया फैक्टर' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा। इस दौरान फिल्म के लीड एक्टर दुलकर सलमान फिल्म के निर्देशक अभिषेक शर्मा भी सोनम के साथ दिखे है। इस दौरान सोनम ने कहा कि मेरे ख्याल से मुझे हर फिल्म की शैली, उसी फिल्म के साथ छोड़ देना पसंद है। मेरी पिछली कुछ फिल्में 'वीरे दी वेडिंग', 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा', 'पैडमैन', 'संजू', 'खुबसूरत' और 'नीरजा' थीं। मैं काफी खुशकिस्मत हूं कि उन फिल्मों के निर्देशकों ने मुझे उन भूमिकाओं के लिए उपयुक्त माना। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सोनम ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं कॉमेडी फिल्मों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हूं, लेकिन दर्शकों को लगता है कि मैं 'रांझणा' और 'नीरजा' जैसी फिल्मों में बेहतर प्रदर्शन करती हूं। मुझे नहीं पता कि मेरी शैली क्या है, लेकिन मुझे कॉमेडी करने में बहुत मजा आता है। मैं कॉमेडी करते समय बहुत सहज महसूस करती हूं। सोनम कपूर की अपकमिंग फिल्म 'द जोया फैक्टर' का हाल ही में पोस्टर रिलीज हुया था। पोस्टर को फैंस ने काफी पसंद किया और सोशल मीडिया पर सोनम के लुक की काफी तारीफ भी किए।



हॉलीवुड मसाला



# 'टर्मिनेटर डार्क फेट' ट्रेलर लांच

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्म 'टर्मिनेटर डार्क फेट' लंबे समय से चर्चा में है। फिल्म का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में अभिनेत्री लिंडा हैमिल्टन और अभिनेता अर्नोल्ड श्वार्जनेगर मुख्य भूमिका में हैं। 'टर्मिनेटर डार्क फेट' के ट्रेलर को देखकर कहा जा सकता है कि इस फिल्म में शानदार एक्शन देखने को मिल सकता है। अभिनेत्री लिंडा हैमिल्टन के एक्शन सीन उनके फैंस को हैरान कर सकते हैं। वहीं अभिनेत्री मैकेंजी डेविस ने भी



# भारत घूमने आईं गेम्स ऑफ थ्रोन्स की ये एक्ट्रेस

**मुंबई।** गेम्स ऑफ थ्रोन्स की एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क इन दिनों भारत घूमने आई हुई हैं। एक इंस्टाग्राम पोस्ट लिखकर उन्होंने जानकारी दी कि वे भारत में हैं और शांति की तलाश में हैं। हालांकि, इस दौरान उनका सामना बंदरों से भी हुआ, जहां बंदरों ने उनके कमरे से फल भी चुराए। इस ट्रिप में क्लार्क के साथ रोज लेस्ली भी हैं। वे भी गेम्स ऑफ थ्रोन्स में थीं। क्लार्क ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन लिखा कि यह कोई एड नहीं है। हम दो लड़कियां इस समय भारत में हैं। हालांकि, क्लार्क और लेस्ली को भारत में बंदरों का भी सामना करना पड़ा। हिमालय पर छुट्टियां मनाते हुए दिखाई दे रही हैं उन्होंने अपनी पोस्ट में बंदर के बारे में भी लिखा है।



# सोशल मीडिया से गायब हैं परिणीति

**मुंबई।** फिल्म जबरिया जोड़ी में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम करने के बाद परिणीति चोपड़ा ने अपनी नई फिल्म द गर्ल ऑन ट्रेन की शूटिंग लंदन में शुरू कर दी है। इस हॉलीवुड फिल्म के हिंदी रीमेक में परिणीति के साथ अदिति राव हैदरी और मिशन मंगल की एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी भी हैं। फिल्म में परिणीति एक ब्रिटिश पुलिस ऑफिसर आलिया शेरगिल का किरदार निभा रही हैं। फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन की शूटिंग पर जाने के बाद परिणीति ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था कैसे ये रोल उनका अभी तक सबसे मुश्किल रोल है। साथ ही यह भी बताय था कि कैसे उनके पास सोशल मीडिया या किसी और चीज में ध्यान लगाने की शक्ति फिलहाल नहीं है। सोशल मीडिया से ब्रेक लेकर परिणीति अपना सारा समय नई फिल्म की शूटिंग में लगा रही हैं।



# अगली फिल्मी की रिलीज तारीख तय

**मुंबई।** मशहूर निर्माता निर्देशक करण जौहर की अगली फिल्म गुंजन सक्सेना – द कारगिल गर्ल का फर्स्ट लुक जारी होने के अगले ही दिन ये साफ हो गया है कि धर्मा प्रोडक्शंस की इस साल की बाकी दो बची फिल्में भी जी स्टूडियोज के बैनर तले ही रिलीज होंगी। जी स्टूडियोज इससे पहले करण जौहर की दो और फिल्में धड़क और केसरी भी रिलीज कर चुका है और दोनों फिल्मों ने हिंदी पट्टी में औसत से बेहतर कारोबार किया। इसके साथ ही धर्मा प्रोडक्शंस का फॉक्स स्टार स्टूडियोज से नाता कमजोर होता दिख रहा है, जिसके बैनर तले रिलीज हुईं करण जौहर की इस साल रिलीज हुई दोनों फिल्में कलंक और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 सुपर फ्लॉप रहीं। जी स्टूडियो इस साल के आखिर तक फिल्म इंडस्ट्री में अपनी स्थिति मजबूत करने की पूरी कोशिश कर रहा है।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

बंगाल का जादू करेगा चमत्कार
हमसे पहले काम करने वाले को मुँह मांगा ईनाम
2 घंटे में समाधान
गोल्ड मेडलिस्ट
बाबा खान बँगाली
9872207873
कारोबार, गृहक्लेश जादू टोना वशीकरण करवाओ/तुड़वाओ खोया प्यार पाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ, मूठकरनी
आपका प्यार दूंगा नहीं दूंगा My Promise
सभी जटिल समस्याओं का समाधान गारन्टी स्टाम्प लिखित
मिलें : जी.टी. रोड, पुल के नीचे (समालखा, पानीपत)

अद्भुत चमत्कार वर्ल्ड फेमस
3 घण्टो में
घर बैठे तुरन्त समाधान पायें (गारन्टीड) जादू-टोना, स्पेशलिस्ट वशीकरण, मनचाहा प्यार सौतन/दुश्मन से छुटकारा किया कराया कारोबारी रुकावट, मूठकरनी, प्यार में धोखा खाये प्रेमी-प्रेमिका इधर उधर ना भटके काम होगा इधर रूहानी एवं काले इल्म के माहिर
सूफी हसन जी
9917255848

भारत के नं. 1 पहले जानो फिर मानो
तान्त्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरणी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहू में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधान
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**ज्योतिष**

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299

**टावर**

☞ AMERICAN TOWER GOVT.REG.COMPANY DUARA APNI KHALI , JAMEEN, KHET PAR 4G DIZITAL TOWER LAGVAYE, 50 LAKH ADVANCE, 40000 KIRAYA+1 NOKRI. 20 YR COURT AGREEMENT. EJENT AMANTRIT. MOB 8887219311

**लोन**

☞ श्रीराम फाइनेंस नेशनल अवार्ड विजेता मुद्रा योजना अंतर्गत 500000 से 50,00,000 तक प्रॉपर्टी, मार्कशीट, पर्सनल, आधारकार्ड लोन 2% ब्याज 40% छूट (काम हमारा विश्वास आपका) महिलाओं हेतु छूट 94078-89327

17 सालों से एक स्थान पर
मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में निश्चित समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
9997322441
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**टावर**

☞ गैलक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G, टॉवर लगवायें। आईडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टॉवर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 50 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगों को नौकरी। सम्पर्क करें। 76689-16707

**आवश्यकता**

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-63349

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 74286-36972, 96397-45866

**ज्योतिष**

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**टॉवर**

☞ अग्रवाल टॉवर (Regd) अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत पर Idea / Airtel / Jio 4G के डिजिटल टॉवर लगवायें एडवांस 70 लाख, किराया 45000/- + 1 नौकरी सैलरी 25000/- (Reg. fees 1100/-) # 095480-94986, 093686-30997

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं गुरुओं के महागुरु
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी
3 घंटे में घर बैठे समाधान।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नही होगी।


# क्या केएल राहुल को डेट कर रही आथिया...?



**मुंबई।** क्रिकेट और बॉलीवुड का लंबा नाता रहा है। अक्सर बॉलीवुड की हसीनाओं का दिल क्रिकेट प्लेयर्स पर आता रहा है। ऐसे में बॉलीवुड और क्रिकेट का यह नया कनेक्शन बना है सुनील शेट्टी की बेटी और एक्ट्रेस आथिया शेट्टी और केएल राहुल के बीच। यूं तो अक्सर ऐसी खबरें अफवाहों में सामने आती है, लेकिन आथिया शेट्टी के एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर फैशन डिजाइनर विक्रम फणनवीस के एक कमेंट ने इस अफवाह को सोशल मीडिया पर हवा दी है। पहले अर्जुन कपूर के साथ नाम जुड़ने के बाद अब खबर है कि आथिया शेट्टी क्रिकेटर केएल राहुल को डेट कर रही हैं। पहले केएल राहुल का नाम एक्ट्रेस निधि अग्रवाल के साथ जोड़ा जा रहा था। लेकिन इन खबरों की कोई पुष्टि नहीं हो पाई थी, पर अब आथिया और केएल राहुल के कनेक्शन की बात आथिया के सोशल मीडिया पोस्ट पर ही सामने आ गई है। गुरुवार को आथिया ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, 'ट्रस्ट द टाईमिंग आफ योर लाइफ'।

# 'प्रस्थानम' मूल फिल्म की पूरी तरह से कॉपी नहीं



नई दिल्ली। अभिनेता संजय दत्त ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'प्रस्थानम' इसकी मूल तेलुग फिल्म की हर शॉट की रिमेक नहीं है। उन्होंने कहा कि फिल्म को उत्तर भारत के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। फिल्म निर्माता देवा कट्टा ने 2010 में तेलुगू फिल्म बनाई थी और उन्होंने ही इसकी हिंदी रिमेक का भी निर्देशन किया है। इस फिल्म में एक नेता की दो उत्तराधिकारियों के बीच पारिवारिक राजनीति दिखाई गई है। दत्त ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हमारे निर्देशक ने इस फिल्म के साथ बढ़िया काम किया है। दक्षिण भारत से होने पर भी वह उत्तर भारत को अच्छी तरह से समझते हैं। यह फिल्म मूल फिल्म की पूरी तरह से नकल नहीं है। बहरहाल, पूरी कहानी वही है।' वह इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर बोल रहे थे। इस फिल्म में मनीषा कोइराला, जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे, अली फजल, सत्यजीत दुबे और अमायरा दस्तुर हैं। निर्देशक कट्टा ने कहा कि उत्तर भारत की कुछ खास संस्कृति है और हमने उसी हिसाब से चीजें की है। यह फिल्म 20 सितंबर को रिलीज होगी।

# हिमेश रेशमिया ने रिकार्ड किया रानू मंडल का दूसरा गाना



**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की रानू मंडल लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। जब से रानू मंडल ने लता मंगेशकर का फेमस गाना 'एक प्यार का नगमा है' गाया है जबसे उनकी किस्मत बदल गई। इस गाने के बाद रानू मंडल सोशल मीडिया पर ऐसे छाई की बॉलीवुड के म्यूजिक डायरेक्टर और सिंगर हिमेश रेशमियां भी रानू की आवाज के फैन हो गए। इतना ही नहीं रानू के मधुर स्वर से प्रभावित हिमेश ने अपनी फिल्म 'हैप्पी होर्डि एंड हीर' का हिस्सा बनाने का ऑफर भी दे दिया। इस बात का खुलासा खुद हिमेश रेशमियां ने अपने सोशल अकाउंट से 'तेरी मेरी कहानी' गाना गाते हुए रानू मंडल का एक वीडियो शेयर करते हुए किया। इसके बाद चारो तरफ हिमेश रेशमियां के इस नेक काम के लिए उनकी तारीफ होने लगी।

टीवी मसाला



# इलेक्ट्रिशियन ने जीते 25 लाख ज्ञान से इम्प्रेस हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति का गुरुवार का एपिसोड खास रहा। इस एपिसोड में गुरुग्राम के एक इलेक्ट्रिशियन रंजीत कुमार हॉट सीट पर बैठे। रंजीत के अलग-अलग विषय (करंट अफेयर हो या माइथोलॉजी) में ज्ञान से अमिताभ बच्चन भी खासी इंप्रेस हुए। अमिताभ भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाए। शो में रंजीत ने बताया कि जब भी उन्हें चांस मिलता है वो कोई भी किताब चुनते हैं और पढ़ते हैं। उन्हें पढ़ने का बहुत शौक है। शो में रंजीत ने कहा कि मान लीजिए कि अगर यहां किताब रखी है और मैं पढ़ा-लिखा हूं और एक अनपढ़ है तो वो किताब पढ़ नहीं सकता और अगर मैं भी इसे ना पढ़ूं तो हम दोनों में क्या फर्क रह जाएगा। ऐसा सुनते ही अमिताभ भी बेहद खुश हो जाते हैं। वो ताली बजाकर कहते हैं क्या बात है। बता दें कि रंजीत कुमार बिहार के रहने वाले हैं। अपना घर चलाने के लिए वो एक टेलिफोन कंपनी में इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं। काम के चलते वो अपने परिवार से दूर रहते हैं।

# मैरिज प्रपोजल का दिया मजेदार जवाब



**मुंबई।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बेहतरीन ऑलराउंडर जिम्मी नीशाम पर पाकिस्तानी अभिनेत्री सेहर शेनवारी ऐसे फिदा हुईं है कि उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी फीलिंग को सरेआम कर दी। सेहर ने जिम्मी नीशाम को शादी का प्रपोजल देते हुए एक ट्विट किया। हद तक हो गई जब एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा कि भविष्य में जिम्मी ही उनके बच्चों के पिता बनेंगे। जिम्मी नीशाम ने सेहर शेनवारी के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा है कि बाकी सब तो ठीक है लेकिन कमेंट के आखिरी में जो इमोजी दिए हैं वो जरूरी नहीं थे। जिम्मी का रिप्लाई आते ही पाकिस्तानी एक्ट्रेस बेहद उत्साहित हो गई और उन्होंने जिम्मी का ये ट्वीट अपने फैंस के साथ शेयर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### आश्रम ध्वस्त करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग बाधित किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में महिलाओं सहित सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग का एक हिस्सा बाधित कर दिया। ये लोग विरार इलाके की तुंगारेश्वर पहाड़ी पर बने आश्रम को ध्वस्त किए जाने का विरोध कर रहे थे। ठाणे जिला ग्रामीण पुलिस सूत्रों ने बताया कि यहां से करीब 15 किलोमीटर दूर, व्यस्ततम राजमार्ग पर प्रदर्शन की वजह से सैकड़ों वाहन फंस गए और जाम की स्थिति पैदा हो गई। ये प्रदर्शनकारी उच्चतम न्यायालय के आदेश पर तुंगारेश्वर पहाड़ी पर बने बालयोगी श्रीसदानंद महाराज आश्रम को धवस्त करने का विरोध कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल को घटनास्थल पर भेजा गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभी तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने एक गैर सरकारी संस्था की याचिका पर यह फैसला दिया है। याचिकाकर्ता ने पर्यावरण और वन नियमों का उल्लंघन कर आश्रम बनाने का आरोप लगाया था।

### मोदी जी, अगर बाढ़ के बाद केरल का दौरा करते तो अच्छा होता: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बाढ़ प्रभावित केरल का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य विशेष पैकेज का इंतजार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के एक ट्वीट को रिट्वीट करते हुए उन्होंने ट्वीट कर कहा कि प्रिय मोदी जी, आपकी गुरुवयूर यात्रा के बाद एक भीषण बाढ़ भी केरल पहुंची थी, जिससे मौतें हुईं, तबाई हुईं। उस समय यात्रा करते, तो अच्छा होता। केरल तकलीफ में है और अब तक राहत पैकेज का इंतजार कर रहा है, जैसे अन्य बाढ़ प्रभावित राज्यों को दिए गए हैं। यह उचित नहीं है। इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय के एक ट्वीट के मुताबिक मोदी ने कहा, व्यक्तिगत रूप से केरल भी मेरे लिए खास है। मुझे केरल की यात्रा के कई अवसर मिले हैं। जब लोगों ने मुझे बड़ी ज़िम्मेदारी देकर एक बार फिर आशीर्वाद दिया, मैं सबसे पहले गुरुवयूर श्रीकृष्ण मंदिर में गया।

### सीएसएमटी स्टेशन पर 'बफर' से टकराई ट्रेन

**मुंबई।** मध्य रेलवे की एक उपनगरीय ट्रेन शुक्रवार को मुंबई के सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन के अंत में 'बफर' से टकरा गई। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब ढाई बजे हुई। यात्रियों को चोटें आने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने कहा कि ट्रेन की गति कम थी क्योंकि उसे प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर रुकना था। वह 'बफर' से मामूली सी टकराई। इस कारण घटना का थोड़ा सा असर हुआ। रेलवे के कुछ उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के समय पर इस घटना का कोई असर नहीं पड़ा और अधिकारी यह देखेंगे कि इस घटना की जांच की जरूरत है या नहीं।

### सुप्रिया सुले ने सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता की मौत की जांच कराने की मांग की

**मुंबई।** राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने भाजपा नीत महाराष्ट्र सरकार पर महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनहीन होने का शुक्रवार को आरोप लगाते हुए कथित सामूहिक बलात्कार के बाद एक महिला की मौत की एसआईटी से जांच की मांग की। बारामती से राकांपा सांसद ने विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की और कहा कि इस मामले की जांच सही ढंग से नहीं की जा रही है। उनके साथ राकांपा मुंबई के प्रमुख नवाब मलिक और विधान पार्षद विद्या चव्हाण भी थे। राकांपा ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। पार्टी ने यहां उपनगर चेंबूर में लाल डोंगर इलाके से चूनाभट्टी थाने तक विरोध मार्च निकाला। मुंबई में जुलाई के पहले सप्ताह में 19 साल की एक महिला के साथ उसके चार दोस्तों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया था।

---

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा

# आरएसएस की ट्रेनिंग से सिक्योरिटी गार्डों की शारीरिक क्षमता में सुधार होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रेल मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि निजी सुरक्षा गार्डों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में प्रशिक्षण से उनकी मानसिक और शारीरिक क्षमताओं में सुधार होगा। प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव-2019 में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान लोखों लोग पहली बार देश के "चौकीदार" बने और जो गरिमा अब तक सशस्त्र बलों और पुलिस को मिलती थी वो निजी सुरक्षा गार्डों को दी गई। उन्होंने कहा कि मैं अनुरोध करता हूं कि प्रशिक्षण को व्यापक रूप में देखें...संघ की शाखाओं में हमें जो प्रशिक्षण मिला वो मुझे लगता है कि कुछ सुरक्षा गार्डों को मिले प्रशिक्षण से कहीं ज्यादा उच्चकोटि का है। यह इसलिये नहीं है कि आप इन सभी को शाखाओं में भेज दें, लेकिन ये बुरा नहीं होगा, वे कुछ सीखेंगे।

### उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विस्तार करना चाहिए

गोयल ने कहा कि वे आपकी मानसिक और शारीरिक क्षमता दोनों में सुधार करेंगे। मैं सिर्फ यह कहने की कोशिश कर रहा हूं कि आप जिस उद्योग में काम कर रहे हैं वहां काम में प्रशिक्षण बेहद अहम हिस्सा है। गोयल ने कहा कि उद्योग को देश के अंदर 20 फीसद बढ़ोतरी पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विस्तार करना चाहिए।

---

अयोध्या मामला

# शिया बोर्ड ने मंदिर बनाने का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई में शनिवार को शिया वक्फ बोर्ड हिंदू पक्ष के समर्थन में सामने आया। शिया बोर्ड के वकील ने कहा कि हाई कोर्ट ने एक तिहाई हिस्सा मुस्लिम पक्ष को देने का आदेश दिया था। हम वो हिस्सा हिंदुओं को ही सौंप देना चाहते हैं। हालांकि, यहां यह समझ लेना जरूरी है कि मामले में मुख्य पक्षकार सुन्नी वक्फ बोर्ड है, जो कि सोमवार से अपनी जिरह शुरू करेगा। इसके बाद बारी आई शिया वक्फ बोर्ड की. बोर्ड की तरफ से वकील एम सी ढींगरा ने हिंदू पक्ष का खुल कर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अब तक हिंदू पक्ष ने जो कहा है, हम उसका विरोध नहीं करते। हम चाहते हैं कि वह पूरी जगह हिंदुओं को सौंप दी जाए। ढींगरा ने अपनी बात को मजबूती देते हुए कहा कि मस्जिद बनवाने वाला मीर बाकी शिया था। इसलिए, शुरू से ही वह इमारत शिया वक्फ की संपत्ति थी। वहां जब तक नमाज पढ़ी गई, जगह शिया मुतवल्ली के नियंत्रण में थी। शिया के साथ सुन्नी भी नमाज पढ़ते थे। हमने सुन्नियों की सुविधा का ख्याल करते हुए वहां सुन्नी इमाम को नियुक्त किया। बाद में सुन्नी इमाम की मौजूदगी को देखते हुए 1946 में कोर्ट ने जगह को सुन्नी वक्फ मान लिया। उन्होंने आगे कहा कि हम ने फैज़ाबाद कोर्ट के 70 साल पुराने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है। हाई कोर्ट के फैसले में भी यह नहीं लिखा कि ज़मीन सुन्नी बोर्ड को मिलेगी।

### हिंदू पक्ष की जिरह पूरी

6 अगस्त से सुप्रीम कोर्ट में शुरू हुई सुनवाई का शनिवार को 16वां दिन था। हिंदू पक्ष ने अपनी बहस आज खत्म कर ली। हिंदू पक्षकारों की तरफ से राम जन्मभूमि पुनरुद्धार समिति के वकील पीएन मिश्रा ने दावा किया कि इस्लामी नियमों के मुताबिक विवादित इमारत मस्ज़िद थी ही नहीं। उन्होंने कहा कि 8 वीं सदी के विख्यात इस्लामी विद्वान इमाम अबू हनीफा ने कहा था कि जिस इमारत में कम से कम दो वक्त की अजान न हो, उसे मस्जिद नहीं माना जा सकता। विवादित इमारत में 70 साल से नमाज नहीं पढ़ी गई है। उससे पहले भी वहां सिर्फ शुक्रवार को नमाज हो रही थी। मिश्रा ने आगे कहा कि इस्लामिक विद्वान यह भी मानते हैं कि कब्रों से घिरी इमारत मस्जिद नहीं हो सकती। अयोध्या की विवादित इमारत के आसपास कब्रगाह थी। पैगंबर मोहम्मद ने खुद यह कहा था कि दूसरे के घर को गिराकर मस्जिद नहीं बनाई जा सकती।

---

भाजपा सांसद सनी देओल ने कहा

# मैं शोहरत की तलाश में रहने वाला व्यक्ति नहीं हूँ

एजेंसी ▶▶ मुंबई।

अभिनेता एवं भाजपा सांसद सनी देओल ने कहा कि वह लोगों की टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देते हैं और चुपचाप अपना काम करने में विश्वास रखते हैं। देओल गुरदासपुर से सांसद निर्वाचित हुए हैं और लोकसभा में कम उपस्थिति की वजह से उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। अभिनेता ने आलोचनाओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि वह बिना शोर के अपने क्षेत्र के लिए काफी कुछ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा दायित्व क्षेत्र में काम करना है न कि अपनी डफली बजाना। मेरा काम यह नहीं है कि वहां जाकर फोटो खिचवाऊं ताकि लोग कहें कि कितना अच्छा आदमी है, दान देता है। देओल ने कहा कि वह शोहरत की तलाश में रहनेवाले व्यक्ति नहीं हैं।



### जो कुछ मेरी क्षमता में होगा वह मैं जरूर करूंगा

अभिनेता से जब यह पूछा गया कि वह राजनीति, अभिनय और निर्देशन के बीच संतुलन कैसे बैठाते हैं तो उन्होंने कहा कि वह सभी जगह में अपना बेहतरीन देंगे। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में इसलिए आया क्योंकि मेरी कुछ मान्यताएं हैं, जो कुछ मेरी क्षमता में होगा वह मैं जरूर करूंगा। मुझे उसकी चिंता नहीं है।

---

मनी लॉडरिंग मामला

# ईडी के सामने पेश हुए कर्नाटक के कांग्रेसी नेता शिव कुमार

नई दिल्ली। कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी.के. शिवकुमार धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने बताया कि शिवकुमार शाम करीब 6:30 बजे यहां खान मार्केट स्थित एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे। उनके साथ उनके समर्थक भी थे। अधिकारियों के मुताबिक कर्नाटक के पूर्व मंत्री का बयान धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जाएगा। ईडी ने पिछले साल सितंबर में शिवकुमार, नयी दिल्ली के कर्नाटक भवन के कर्मचारी हनुमंतैया और कुछ अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था।

## येदियुरप्पा पर लगाया बदले की राजनीति का आरोप

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बी एस येदियुरपपा राज्य में बदले की राजनीति के बीज बो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले में शिवकुमार को ताजा समन जारी किए हैं। पूर्व गठबंधन सरकार के कार्यकाल में घोषित विभिन्न परियोजनाओं को रोके जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री ने येदियुरप्पा को धमकी दी कि यदि ''इस तरह के आदेश वापस नहीं लिए जाते और परियोजनाएं बहाल नहीं की जातीं तो वह धरना देंगे। शिवकुमार ने कहा कि मैं श्री येदियुरपपा को बधाई देना चाहता हूं जो मेरे महान मित्र हैं, जो अब राज्य के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में उन्होंने (येदियुरप्पा) कहा था कि वह बदले की राजनीति नहीं करेंगे, मुझे खुशी है, मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने बदले की राजनीति के बीज बो दिए हैं।



---

### मां-बेटे की सियासी खींचातानी में विजयी हुई मां

**हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली।** एकबार फिर मां-बेटे की सियासी खींचातानी में मां विजयी होकर दिल्ली से रायपुर लौटी। बात हो रही है दंतेवाड़ा से कांग्रेस की ओर से घोषित प्रत्याशी देवती कर्मा और उनके पुत्र छविंद्र कर्मा की। राजनीति के आड़े-तिरछे चालों में शहीद महेंद्र कर्मा की पत्नी देवती कर्मा न केवल टिकट की चाह रखने वाले अपने पुत्र को लगातार दूसरी बार शिकस्त देने में कामयाब रहीं, बल्कि पूरी दिल्ली लॉबी को भी अपनी तरफ करने में कामयाबी हासिल की। आठ महीना पहले हुए छग विधानसभा चुनाव में दंतेवाड़ा सीट पर भाजपा के भीमा मंडावी से भिड़ने पूर्व में भी छविंद्र कर्मा टिकट चाहते थे। तब स्क्रीनिंग कमेटी के कुछ सदस्यों ने भी युवा होने के कारण उनकी तरफादारी की थी। मगर, अंतिम समय में देवती कर्मा टिकट झटकने में कामयाब रहीं। भाजपा नेता भीमा मंडावी पूर्व के चुनाव में देवती कर्मा को हराया था। विधायक बने। लेकिन नक्सलियों ने उनकी वीभत्स हत्या कर दी। दंतेवाड़ा सीट खाली हुई तो उपचुनाव का ऐलान हुआ। कर्मा परिवार से फिर छविंद्र कर्मा 'एक्टिव' हुए। वे रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रभारी पीएल पुनिया से बात-मुलाकात करते रहे, इधर उनकी मां पूर्व विधायक देवती कर्मा ने दिल्ली में कैंप किया। मंगलवार को दिल्ली पहुंची। शीर्ष नेतृत्व में मिलकर पहली बार दिल्ली में अकेले अपने दम पर खुद के लिये लॉबिंग की। उधर, रायपुर में दंतेवाड़ा से प्रत्याशी तय करने के लिये बैठक होती रही, इधर सभी एआईसीसी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद दिल्ली के छत्तीसगढ़ भवन के कमरा नंबर 109 में शहीद महेंद्र कर्मा के कुछ पुराने साथियों के साथ देवती कर्मा रणनीति को अंतिम रूप देती रहीं। कमरे के बाहर सुरक्षा में तैनात एक राइफलधारी जवान आगंतुकों को, मैडम व्यस्त है, नहीं मिल पायेंगी..ये कहकर टरकाता रहा। गुरुवार देर रात जब आलाकमान ने उन्हें टिकट के लिये आश्वस्त कर दिया तो उन्होंने शुक्रवार की सुबह की पहली फ्लाइट रायपुर के लिये ली। सुबह साढे आठ बजे रायपुर पहुंची तो उन्हें बता दिया गया कि उनके नाम की घोषणा हो रही है। दंतेवाड़ा पहुंचकर औपचारिकता पूरी करने की तैयारी करें। मां के शह और मात के आगे पुत्र छविंद्र कर्मा की उम्मीदें फिर धरी रह गईं।

---

## रविशंकर प्रसाद ने तिरुमला में की पूजा-अर्चना...



**तिरुपति।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने शुक्रवार को तिरुमला में भगवान वेंकेटेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय कानून एवं न्याय, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने सुबह के समय पत्नी के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। वह बृहस्पतिवार की शाम यहां पहुंचे थे। उन्होंने तिरुमला में रात्रि विश्राम किया। रविशंकर प्रसाद के पहुंचने पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के शीर्ष अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। देवस्थानम इस मंदिर का प्रबंधन संभालता है। अधिकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिहन एवं प्रसादम दिया गया।

### आदिवासी विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में करेगी तब्दील: उइके

**यवतमाल।** महाराष्ट्र में आदिवासी बच्चों से जुड़े सरकारी आश्रम विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में बदला जाएगा। जनजातीय विकास मंत्री अशोक उइके ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक अवसर सुनिश्चित करने के लिए आश्रम शालाओं (विद्यालयों) को अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में बदलने का काम चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 50 ऐसे सरकारी आश्रम शालाओं को अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय के रूप में बदला जाएगा और कक्षा पहली में प्रवेश दिया जाएगा।

---

जबरदस्ती और धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन पर रोक

# हिमाचल विधानसभा में जबरन धर्मांतरण के खिलाफ बिल पारित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने जबरन, प्रलोभन देकर और शादी करके धर्मांतरण करने के खिलाफ शुक्रवार को विधेयक पारित किया. विपक्ष ने हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक 2019 का समर्थन किया और यह विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ। चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि नया कठोर कानून इसलिए जरुरी हो गया था क्योंकि खासकर रामपुर और किन्नौर में जबरन धर्मांतरण बढ़ता जा रहा है। यह विधेयक हिमाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2006 का स्थान लेगा। नये कानून के तहत सात साल तक की कैद का प्रावधान है जबकि पुराने कानून में तीन साल की कैद की सजा की व्यवस्था थी। विधेयक के अनुसार अगर कोई शख्स अपना मजहब बदलना चाहता है तो उसे कम से कम एक महीने पहले जिलाधिकारी को लिखकर देना होगा कि वह अपनी मर्जी से धर्मांतरण कर रहा है।



### 13 साल पुराना कानून इतना प्रभावी नहीं: जयराम

यह विधेयक बहकाने, जबरन, अनुचित तरीके से प्रभावित करने, दबाव, लालच, शादी या किसी भी धोखाधड़ी के तरीके से धर्म परिवर्तन पर रोक लगाता है. अगर कोई भी शादी बस धर्मांतरण के लिए होती है तो वह इस विधेयक की धारा पांच के तहत अमान्य माना जाएगी.
इस विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस विधायक आशा कुमारी, सुखविंदर सुखु, जगत सिंह नेगी और एकमात्र माकपा विधायक राकेश सिंह ने कुछ प्रावधानों में बदलाव की मांग की।

---

एक अध्ययन से हुआ खुलासा

# भारतीय महिलाओं में पुरुषों के मुकाबले दोगुनी बेरोजगारी दर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश में समान योग्यता रखने के बावजूद महिलाओं की बेरोजगारी दर पुरुषों के मुकाबले दोगुनी है। यह खुलासा एक अध्ययन में हुआ है। जेंडर इंक्लूजन इन हायरिंग इंडिया' (भारत में नियुक्ति में लैंगिक समावेश) शीर्षक से यह अध्ययन हार्वर्ड विश्वविद्यालय के दो छात्रों रशल लेवनसन और लायला ओ केन ने किया है। इसके मुताबिक शहरों में काम करने योग्य शिक्षित महिलाओं में से 8.7 प्रतिशत बेरोजगार हैं जबकि इसकी तुलना में केवल चार प्रतिशत पुरुषों के पास काम नहीं है। अध्ययन में दावा किया गया है कि महिलाओं के फैसले और काम करने की योग्यता को कई कारक प्रभावित करते हैं। बेरोजगारी दर में लैंगिक अंतर और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के शोध से पता चलता है कि महिलाओं को खासतौर पर अधिक शिक्षित को नौकरी पाने में पुरुषों के मुकाबले अधिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। भारतीय कार्यबल में विविधता लाने के उपायों को सुझाने के लिए अध्ययन में तीन स्तरीय बाधा पर गौर किया गया जिसका सामना महिलाएं करती हैं, ये योग्यता और अनुभव, भर्ती और आवेदन करने में रुचि और आवेदन प्रकिया। अध्ययन में उच्च स्तर का प्रदर्शन और नवोन्मेष के जरिये कार्यस्थल को लैंगिक रूप से समावेशी बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया कि भारतीय कार्यबल में बढ़ती हिस्सेदारी की वजह से उनकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी बढ़कर 27 प्रतिशत हो जाएगी। अध्ययन में अधिक प्रभावी और लैंगिक आधार पर संवेदनशील भर्ती प्रक्रिया बनाने के लिए योग्यता आधारित मूल्यांकन, भर्ती में व्यवहार को सीमित करने और नौकरी की स्पष्ट जानकारी देने का सुझाव दिया गया है।

### नियुक्ति में होता है लैंगिक भेदभाव

लेवनसन और ओ केन का विश्लेषण 200 भारत आधारित नौकरियों पर किया गया जिसके लिए रोजगार मंच प्रदान करने वाली कंपनी शॉर्टलिस्ट ने 2016 और 2017 में भर्ती प्रक्रिया की। 2,11,004 आवेदकों के 2,86,991 आवेदनों (कुछ लोगों ने एक से अधिक नौकरियों के लिए आवेदन किया) पर भी संज्ञान लिया गया जो कंपनी के पास आए थे। अध्ययन के मुताबिक नियुक्ति प्रबंधकों और श्रम बाजार विशेषज्ञों से बातचीत में खुलासा हुआ कि वे नियुक्ति में लैंगिक भेदभाव होता है, जैसा कि पूरी दुनिया में होता है।

---

टीएमसी पर आरोप

# प. बंगाल में भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष पर हमला



कोलकाता। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष पर लेक टाउन में शुक्रवार सुबह कथित रूप से उस वक्त हमला हुआ जब वह रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक और चाय पे चर्चा के लिए जा रहे थे। दिलीप घोष ने घटना के लिए टीएमसी समर्थकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके साथ मौजूद दो भाजपा कार्यकर्ता इस हमले में घायल हो गए हैं। दिलीप घोष ने कहा कि तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने उनको लक्ष्य कर गोबैक के नारे लगाए। उनके हमले में दो भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए है। भाजपा के झंडे, बैनर भी फाड़ दिए गए। आरोप है कि पुलिस के सामने ही तृणमूल के कार्यकर्ता गली गलौज कर रहे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार तय कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज सुबह करीब सात बजे अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक चाय दुकान पर पहुंचे। वहां पहले से तृणमूल कार्यकर्ता मौजूद थे जिन्होंने घोष को देखते ही उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। जवाब में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भारत माता की जय, दिलीप घोष जिंदाबाद के नारे लगाए। इसी बीच दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वहां से दिलीप घोष के निकलने के बाद स्थिति शांत हुई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमत्री ममता बनर्जी के 'दीदी के बोलो' कार्यक्रम के मुकाबले दिलीप घोष ने 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम शुरू किया है।

### जिलों में प्रदर्शन करेगा भाजयुमो

'चाय पर चर्चा' के दौरान पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा अध्यंक्ष दिलीप घोष पर हुए हमले की भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कड़ी निंदा की है। घटना के खिलाफ मोर्चा ने आज राज्य के सभी सांगठनिक जिलों में प्रदर्शन का निर्णय किया है। यह विरोध प्रदर्शन अपराञ्ह 3 से 3.30 बजे तक चलेगा। हमले के खिलाफ प्रदेश भाजपा मुख्यालय से भी विशाल रैली निकली है।

---

### राकांपा छोड़ने वाले नेता को रिश्तेदार कहने पर नाराज हुए पवार

अहमदनगर। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार शुक्रवार को उस वक्त नाराज हो गये जब एक पत्रकार ने उनसे इन खबरों के बारे में पूछ लिया कि उनके रिश्तेदार एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री पदम सिंह पाटिल पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। पार्टी छोड़ने वाले राकांपा नेताओं के लिए 'रिश्तेदार' शब्द का इस्तेमाल किये जाने से पवार नाराज हो गये और उन्होंने पत्रकार से माफी मांगने तथा मीडिया ब्रीफिंग से चले जाने को कहा। श्रीरामपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पवार के सामने उनकी पार्टी के कुछ नेताओं के देर-सवेर भाजपा या शिवसेना में शामिल होने का सवाल आया। ये नेता 'विकास' के नाम पर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 10-15 साल से उनका विकास केवल इसी पार्टी में हुआ था। अब शायद वे और विकास चाहते हैं तथा भाजपा और शिवसेना ने उन्हें यह हासिल करने का कोई रास्ता बता दिया होगा। पवार ने कहा कि हालांकि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है कि यह किस तरह का विकास है।

# 13 साल बाद फिर से भारतीय सड़कों पर दौड़ेगा बजाज का 'चेतक' स्कूटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सड़कों पर लंबे समय तक राज कर चुका बजाज ऑटो का हमारा चेतक इस बार स्कूटर के बाजार के ट्रेंड के मुताबिक ऑटो गियर वाला होने की संभावना ज्यादा है। बजाज ऑटो ने अपने स्कूटर ब्रांड 'चेतक' को दोबारा रजिस्टर कराया था, तभी से चेतक के आने की खबरें हैं। खबर यह भी है कि स्कूटर का नया अवतार ई-स्कूटर के रूप में हो सकता है।

- स्कूटर्स सिंगमेंट में इलेक्ट्रिक स्कूटर उतारेगी कंपनी

स्कूटर्स की बढ़ती डिमांड को देखते हुए बजाज एक बार फिर इस सेगमेंट में वापसी की तैयारी में है और वह भी इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ। यह स्कूटर बजाज ऑटो के इलेक्ट्रिक डिविजन बजाज अर्बनाइट के जरिए बाजार में उतारा जाएगा। बजाज अर्बनाइट स्कूटर को देश में टेस्टिंग के दौरान कई बार देखा गया है। हाल में भी इस स्कूटर की टेस्टिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें और विडियो ऑनलाइन लीक हुए हैं। यह स्कूटर सितंबर 2019 में लॉन्च करने की तैयारी है। हालांकि, लॉन्च डेट अभी रिवील नहीं की गई है।

### ट्रेंड के मुताबिक होगा चेतक

बाजार के ट्रेंड को देखते हुए बजाज ने चेतक को फिर से उतारने की तैयारी की है। हालांकि, कंपनी ने अभी यह खुलासा नहीं किया है कि उसका नया चेतक पारंपरिक होगा या फिर आज की पीढ़ी के

## बजाज सितंबर 2019 में स्कूटर लांच करने की तैयारी में

### पुराने स्कूटर जैसा होगा लुक

बजाज के नए इलेक्ट्रिक स्कूटर की ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसी संभावना है कि इसकी स्टाइलिंग कुछ हद तक कंपनी के पुराने स्कूटर जैसी होगी, जो रेट्रो लुक वाले स्कूटर्स की याद दिलाएगा। चौड़े फ्रंट ऐप्रन, कर्व साइड पैनल और बड़े रियर व्यू मिरर के साथ स्कूटर का ओवरऑल लुक दमदार होगा। हालांकि, रेट्रो और मॉडर्न के बीच बैलेंस बनाने के लिए कंपनी स्कूटर में अलॉय वील्ज, फ्रंट व रियर डिस्क ब्रेक और एलईडी हेडलैम्प व टेल लाइट दे सकती है।

### बजाज क्रिस्टल था आखिरी स्कूटर



बजाज चेतक कंपनी का आखिरी और पॉपुलर स्कूटर है जो हेंडल में गियर बॉक्स के साथ आया था। हालांकि, बाद में होंडा, हीरो और टीवीएस जैसी कंपनियों के ऑटोमेटिक गियरबॉक्स वाले स्कूटर आने के बाद इसकी सेल घटती गई और कंपनी ने इसे बनाना बंद कर दिया। चेतक के बाद बजाज ऑटो ने क्रिस्टल नाम से अपना ऑटोमेटिक स्कूटर क्रिस्टल भी लॉन्च किया था। लेकिन, ज्यादा डिमांड न होने के चलते यह भी फेल हो गया।

### बाइक के मुकाबले स्कूटर की बिक्री बढ़ी

बजाज ऑटो ने अपना स्कूटर ब्रांड 'चेतक' को दोबारा रजिस्टर कराया था, ताकि उसका उत्पादन शुरू किया जा सके। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में चार पहिया वाहनों की तुलना में दो पहिया वाहनों की बिक्री हमेशा ज्यादा रही है। दो पहिया वाहनों में भी हाल के वर्षों में मोटरसाइकिल की तुलना में स्कूटर्स की बिक्री बढ़ी है।

## हिंदुजा समूह का हिस्सा बनेंगे विपिन सोंधी

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह ने जेसीबी इंडिया के प्रमुख विपिन सोंधी को अपनी वैश्विक नेतृत्व टीम से जोड़ने की घोषणा की। वह दिसंबर 2019 तक हिंदुजा समूह के साथ जुड़ेंगे। समूह ने फिलहाल यह नहीं बताया है कि उन्हें कौन - सा पद दिया जाएगा। हिंदुजा समूह ने कहा कि सोंधी समूह के वैश्विक वाहन पोर्टफोलियो के लिए भविष्य की रणनीति बनाने और वृद्धि पर ध्यान देंगे।

### विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट और कृषि सेक्टर में सुस्ती के चलते धीमी हुई विकास की रफ्तार

# सात साल के निचले स्तर पर जीडीपी पहली तिमाही में दर पांच फीसदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की आर्थिक वृद्धि दर 2019-20 की अप्रैल-जून तिमाही में घटकर पांच प्रतिशत रह गई। यह पिछले सात साल का न्यूनतम स्तर है। विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट और कृषि उत्पादन की सुस्ती से जीडीपी वृद्धि में यह गिरावट आई है। जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

- आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई

इससे पहले वित्त वर्ष 2012-13 की अप्रैल- जून अवधि में देश की आर्थिक वृद्धि दर सबसे निचले स्तर 4.9 प्रतिशत पर रही थी। एक साल पहले 2018-19 की पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के उच्च स्तर पर थी। देश में घरेलू मांग में गिरावट तथा निवेश की स्थिति अच्छी नहीं रहने से पहले से ही उम्मीद जताई जा रही थी कि जून तिमाही में विकास दर का आंकड़ा पहले से ज्यादा बदतर रहेगा।

### खास बातें

- विनिर्माण क्षेत्र की गिरावट और कृषि उत्पादन में सुस्ती का असर
- वित्त वर्ष 2012-13 जून तिमाही में जीडीपी दर 4.9 फीसदी रही




### अर्थव्यवस्था साल दर साल पांच फीसदी की दर से आगे बढ़ी

वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था साल दर साल आधार पर महज पांच फीसदी की दर से आगे बढ़ी है। विकास दर का यह आंकड़ा बाजार की 5.7 फीसदी की उम्मीद से काफी कम है। साल 2013 के बाद जीडीपी ग्रोथ का यह सबसे बुरा दौर है।

### निजी उपभोग में था गिरावट का संकेत

जीडीपी ग्रोथ में गिरावट पहली तिमाही में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुकूल है, जो महज 3.6 फीसदी रही थी, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह आंकड़ा 5.1 फीसदी था। बार-बार आने वाले आर्थिक सूचकों, जैसे वाहनों की बिक्री, रेल फ्रेट, डॉमेस्टिक एयर ट्रैफिक एंड इंपोर्ट्स (नॉन ऑइल, नॉन गोल्ड, नॉन सिल्वर, नॉन प्रेसियस और सेमी प्रेसियस स्टोन्स) ने उपभोग खासकर निजी उपभोग में गिरावट का संकेत दिया था, जबकि महंगाई दर कम रही थी।

### अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टर्स की हालत

**मैन्युफैक्चरिंग:** सेक्टर पिछले वित्त वर्ष (2018-19) के 12.1 फीसदी की तुलना में महज 0.6 फीसदी की दर से आगे बढ़ा।
**एग्रीकल्चर:** फॉरेस्ट्री तथा फिशिंग सेक्टर पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 5.1 फीसदी की तुलना में दो फीसदी की दर से आगे बढ़ा।
माइनिंग सेक्टर पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 0.4 फीसदी की तुलना में 2.7 फीसदी की दर से आगे बढ़ा।
**इलेक्ट्रिसिटी:** गैस, वाटर सप्लाई तथा अन्य यूटिलिटी सेक्टर पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 6.7 फीसदी की तुलना में 8.6 फीसदी की दर से आगे बढ़ा।
**कंस्ट्रक्शन:** सेक्टर पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 9.6 फीसदी की तुलना में 5.7 फीसदी की दर से आगे बढ़ा।
**ट्रेड, होटेल्स:** ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन तथा सर्विसेज पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 फीसदी की तुलना में 7.1 फीसदी की तुलना में आगे बढ़ा।
**फाइनैंशल:** रियल एस्टेट तथा प्रफेशनल सर्विसेज पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 6.5 फीसदी की तुलना में 5.9 फीसदी की दर से आगे बढ़ा।
**पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन:** डिफेंस तथा अन्य सेवाएं पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के7.5 फीसदी की तुलना में 8.5 फीसदी की दर से आगे बढ़ा।

# कोयला खनन के लिए अलग कंपनी बनाई

## एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के गठन की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने कोयला खनन के लिए अलग कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के गठन की घोषणा की है। इससे एनटीपीसी का वाणिज्यिक कोयला खनन में कदम रखने का मार्ग प्रशस्त होगा। एनटीपीसी की कोयला अनुषंगी कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने की भी योजना है। कंपनी ने बंबई शेयर बाजार को बताया, एनटीपीसी ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के नाम से 29 अगस्त 2019 को कंपनी रजिस्ट्रार, दिल्ली के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी का गठन किया है। एनटीपीसी ने खनन कारोबार करने के लिए यह इकाई बनाई है।/" एक अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि एनटीपीसी की योजना एक कोयला अनुषंगी स्थापित करने की है। यह इकाई एनटीपीसी की सभी कोयला खदानों का परिचालन करेगी और एक कोयला कंपनी के रूप में काम करेगी। एनटीपीसी को अपनी ईंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 कोयला खदान आवंटित किए गए हैं। पांच खदानों में परिचालन शुरू हो चुका है। नीति आयोग ने पिछले साल कोयला खनन कारोबार के लिए अलग अनुषंगी स्थापित करने की मंजूरी दी थी।

- अनुषंगी कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने की योजना

### कोयला मंत्रालय ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

अधिकारी ने कहा कि कोयला मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद से ही एनटीपीसी ने कोयला खनन कारोबार के लिए अलग इकाई स्थापित करने का काम शुरू कर दिया था। हालांकि, अधिकारी ने एनटीपीसी की कोयला खनन इकाई के शेयर बाजार पर सूचीबद्ध होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है।

दक्षिण केन्द्रीय रेलवे
Follow us on @SCRailwayindia
दक्षिण केन्द्रीय रेलवे की निविदा सूचनाओं का विवरण हमारी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।
website : www.scr.indianrailways.gov.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(https://ireps.gov.in के माध्यम से)**

कृते व भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीएओ (निर्माण), दक्षिण केन्द्रीय रेलवे सिकंदराबाद निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है :-

**क्र. सं. : 1. एनआईटी सं. 91-सीएओ-सी-एससी-2019** मद सं. 1 दिनांक 26.08.2019 **कार्य का नाम** : डीवाई. सीई/सीआईवी/एससी के तहत एएक्सईएन/सी/जीआर (अब एएक्सईएन/सी/गुंटाकाल) के उपयोग हेतु 1 अदद चार पहिया मल्टीयूटिलिटी रोड वाहन (एमयूवीएस) को गुंटाकाल और गुंटाकाल की लिंगानेनीडोडी के बीच डबलिंग कार्य हेतु साइट के निरीक्षण हेतु ड्यूटी पर अथवा दक्षिण केन्द्रीय रेलवे के तहत किसी अन्य स्थान पर डबलिंग अथवा किसी अन्य कार्य के निरीक्षण हेतु 9 माह की अवधि के लिये किराये पर लेना। विवरण - **अनुमानित लागत** : रु. 3,51,000/-, **ईएमडी** : रु. : 7,000- **पूर्णता की अवधि** : 09 (नौ माह), **खुलने की तिथि** : 27.09.2019 को 15:00 बजे

**क्र. सं. : 2. एनआईटी सं. 92-सीएओ-सी-एससी-2019** मद सं. 2 दिनांक 26.08.2019 **कार्य का नाम** : सिकंदराबाद मंडल-बीदर- सुल्तानपुर सैक्शन की बीदर-गुलबर्गा स्टेशनों के बीच नई बीजी लाइन-सीएच-36500 मी. से सीएच-96000 मी. हुमनाबाद (आईएनसीएल) तथा सुल्तानपुर (ईएक्ससीएल) स्टेशनों लूपलाइन / साइडिंग, प्वाइंट्स और क्रॉसिंग हुमनाबाद, हाल्लीखेड़ (के), कुरुकोटा और कमलापुर यार्ड्स इत्यादि के बीच नये बिछाये गये बीजी टैक का रखरखाव। विवरण - **अनुमानित लागत** : रु. 1,28,43,300/-, **ईएमडी** : रु. : 2,14,200- **पूर्णता की अवधि** : 12 (बारह माह), **खुलने की तिथि** : 27.09.2019 को 15:00 बजे

**क्र. सं. : 3. एनआईटी सं. 993-सीएओ-सी-एससी-2019** मद सं. 3 दिनांक 27.08.2019 **कार्य का नाम** : उप मुख्य अभियंता / सीओएन/काजी पेट की मूवमेंट हेतु एससी रेलवे के क्षेत्राधिकार में कहीं भी कार्यालय उद्देश्य हेतु एक चार पहिया नॉन एसी मल्टी यूटिलिटी सड़क वाहन जैसे डस्टर / बुलेरो / तवेरा / स्कोर्पियो / इनोवा / जाइलो अथवा इसी प्रकार का वाहन 12 माह की अवधि हेतु किराये पर लेने हेतु प्रस्तावित है। विवरण - **अनुमानित लागत** : रु. 4,68,000/-, **ईएमडी** : रु. : 9,400- **पूर्णता की अवधि** : 12 (बारह माह), **खुलने की तिथि** : 27.09.2019 को 15:00 बजे

**क्र. सं. : 4. एनआईटी सं. 94-सीएओ-सी-एससी-2019** मद सं. 4 दिनांक 27.08.2019 **कार्य का नाम** : डीवाई.सीई/सीओएम/एजेडजे के तहत कार्य करने वाले एसएसईएस/जेईएस और स्टाफ के कार्यालय उपयोग हेतु 2 अदद पिकअप ट्रक / वैन जैसे टाटा-497 एसपी/कार्पो-किंग महिन्द्रा-640डीपी (नॉन एसी) अथवा इसी प्रकार के वाहन को उपकरणों, सामग्री की ढुलाई, सर्वे का निरीक्षण स्वाइल एक्सप्लोनेशन व भूमि अधिग्रहण और सर्वे इत्यादि के लिये 12 माह हेतु किराये पर लेना प्रस्तावित है। विवरण - **अनुमानित लागत** : रु. 5,40,000/-, **ईएमडी** : रु. : 10,800- **पूर्णता की अवधि** : 12 (बारह माह), **खुलने की तिथि** : 27.09.2019 को 15:00 बजे

**क्र. सं. : 5. एनआईटी सं. 95-सीएओ-सी-एससी-2019** मद सं. 5 दिनांक 27.08.2019 **कार्य का नाम** : नादीकुडी - श्री कालाहस्ती न्यू बीजी लाइन प्रोजेक्ट - 24 माह की अवधि के लिये 2 माह में एक बार आंध्र प्रदेश राज्य में दक्षिण केन्द्रीय रेलवे के नाजीकुडी - श्रीकालाहस्ती सैक्शन में कुंडलाकाम्मा - कानीगिरी स्टेशनों के बीच मानवरहित एरियल व्हीकल (यूएवी-ड्रोन) द्वारा एरियल वीडियोग्राफी। विवरण - **अनुमानित लागत** : रु. 43,64,280/-, **ईएमडी** : रु. : 87,300- **पूर्णता की अवधि** : 24 (चौबीस माह), **खुलने की तिथि** : 27.09.2019 को 15:00 बजे

i) बोली दस्तावेज और अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट https://ireps.gov.in लॉग ऑन करें।
ii) धरोहर राशि जमा और निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान केवल आईआरईपीएस में ऑनलाइन उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं नेट बैंकिंग / पेमेंट गेटवे के माध्यम से किया जाना चाहिए।
iii) निविदक अपनी पेशकश निविदा जमा करवाने की अवधि जोकि निविदा बंद से पूर्व 15 दिन के अवधि है, के दौरान ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं।
iv) निविदकों को किन्हीं शुद्धिपत्रों (केवल ऑनलाइन जारी) के लिये निविदा जमा करवाने की अवधि के प्रारम्भ से अद्यतन रहना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / सिकंदराबाद

**खुली ई-निविदा सूचना सं. व तिथि : C/E.221/ELS/LGD/RC/241E/19-20/05, Dt.28.08.2019**

निम्नलिखित कार्यों हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभव ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

क्र. सं. 1. निविदा सं. व तिथि : सीई. 221/ईएलएस/एलजीडी/आरसी/241 ई, दि. 28.08.2019.
कार्य का वर्णन : पिट व्हील लेथ की रिकंडीशनिंग के पश्चात् एक वर्ष की वारंटी अवधि और उसके पश्चात् 2 वर्ष का एएमसी। **निविदा मूल्य रु.** : 55,87,231. **ईएमडी रु.** : 1,11,750. **निविदा प्रपत्र की कीमत** : 5000/- **पूर्णता अवधि** : 3 वर्ष , **बंद होने व खुलने की तिथि व समय** : 30.09.2019 को 15:00 बजे और 30.09.2019 को 15.15 बजे

**प्रस्ताव की वैधता** : निविदा के खुलने की तिथि से 63 दिन।
**निविदा दस्तावेज जमा करवाना** : "www.ireps.gov.in" पर आईआरईपीएस वेबसाइट के माध्यम से
वरिष्ठ मण्डलीय वैद्युत अभियंता, ईएलएस, लाल्लागुडा
A1447

निविदा शर्तों / विवरण और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने हेतु अधिक विवरण के लिये कृपया वेबसाइट पर पधारें : https://www.ireps.gov.in or www.scr.indianrailways.gov.in

# 2017 में 27 सरकारी बैंक थे अब 12 रह गए : वित्त मंत्री

- बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक का किसी के साथ मर्जर नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2017 में देश में 27 सरकारी बैंक थे, अब सिर्फ 12 सरकारी बैंक रह गए। उन्होंने देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शुक्रवार को सरकारी बैंकों के विलय और गवर्नेंस सुधार की अहम घोषणा की। वित्त मंत्री की घोषणा के मुताबिक बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक पहले की तरह स्वतंत्र तरीके से काम करते रहेंगे। सीतारमण ने कहा कि देश को 2024 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मजबूत बैंक जरूरी हैं। विलय पूरा होने के बाद देश के सरकारी बैंकिंग क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। देश में 12 सरकारी बैंक बचे रहेंगे।

### बैंकों के विलय के बाद कर्मियों की नौकरी पर नहीं होगा कोई संकट

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों के विलय का ऐलान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेसवार्ता में इन बैंकों के विलय की घोषणा की। बैंकों के विलय के ऐलान के बाद जानकारी देते हुए वित्त सचिव राजीव कुमार ने कहा कि इससे इन बैंकों के कर्मचारियों की नौकरी पर कोई संकट पैदा नहीं होगा। इस विलय से किसी भी बैंक के कर्मचारी की नौकरी नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़े बैंकों को फोकस ग्लोबल बाजार पर रहेगा। मंझले बैंक राष्ट्रीय स्तर पर और छोटे बैंक स्थानीय स्तर पर फोकस करेंगे।

### बैंक बोर्ड तय करेंगे बैंकों के विलय की तारीख

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को 10 बैंकों के विलय की घोषणा की गई। लेकिन इस बात की घोषणा नहीं की गई इन बैंकों का विलय कब तक हो जाएगा। वित्त मंत्रालय के सचिव राजीव कुमार ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के विलय की घोषणा कर दी है अब बैंक बोर्ड इस बात को तय करेंगे कि यह विलय कब होगा।

## सोना 500 रु. टूटकर 40,000 के स्तर से नीचे हुआ बंद



**नई दिल्ली।** वैश्विक घटनाक्रमों के कारण दिल्ली सराफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की मांग प्रभावित हुई। इस वजह से सोना 500 रुपए की गिरावट के साथ 40,000 रुपए के रिकॉर्ड स्तर से नीचे आकर 39,720 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक सोना 250 रुपए की तेजी के साथ 40,220 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। औद्योगिक इकाइयों एवं सिक्का विनिर्माताओं के कम उठाव के कारण चांदी की कीमत भी 450 रुपए की हानि के साथ 48,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के बीच घरेलू हाजिर बाजार में आभूषण विक्रेताओं की मांग घटने के कारण मुख्यतः सोने की कीमतों में गिरावट आई।

- सोना घटकर 39,720 रुपए प्रति दस ग्राम

# राजकोषीय घाटा 5.48 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** कम टैक्स कलेक्शन के कारण देश का राजकोषीय घाटा बढ़ गया है। जून माह की तिमाही में चालू वित्त वर्ष का राजकोषीय घाटा 5.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सरकार के साल 2019-20 के अनुमानित बजट का करीब 77 प्रतिशत है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़े के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष में जुलाई अंत तक सरकार के पास कुल 5,47,605 करोड़ रुपये राजस्व के रुप में आए, जबकि कुल खर्च 9.47 लाख करोड़ रुपये का रहा है। एक साल पहले राजकोषीय घाटा साल 2018-19 के अनुमानित बट का 86 प्रतिशत था। सरकार की तरफ साल 2019-20 के लिए अनुमानित घाटा 7.03 लाख करोड़ रुपये रखा गया था। बता दें कि राजकोषीय घाटा सरकार की कुल कमाई और उसके खर्च का अंतर होता है। तो राजकोषीय घाटा बढ़ता जाता है। इस स्थिति में सरकार को बाजार से अतिरिक्त राशि को उधार लेना पड़ती है। यह राशि जो सरकार उधार लेती है वह राजकोषीय घाटे के बराबर होती है। साधारण शब्दों में सरकार अपनी कमाई से ज्यादा खर्च करती है।

## सैमसंग फोल्डेबल स्मार्टफोन 6 सितंबर को लांच करेगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई टेक्नोलॉजी की दिग्गज कंपनी सैमसंग अपने बहुप्रतीक्षित फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी फोल्ड को दक्षिण कोरिया में 6 सितंबर को लॉन्च किया जाएगा। जीएसएम एरेना की रिपोर्ट में कहा गया कि इस डिवाइस को पहले सितंबर के अंत में लॉन्च किया जाना था, लेकिन कंपनी ने इसे पहले ही लॉन्च करने का फैसला किया है और सबसे पहले इसे दक्षिण कोरिया में लॉन्च किया जाएगा। सैमसंग डिस्प्ले के वाइस प्रेसिडेंट किम सियंग-चेओल ने हाल ही में पुष्टि की थी कि गैलेक्सी फोल्ड की समस्या को दूर कर लिया गया है और जल्द ही इसे बाजार में उतारा जाएगा। इस डिवाइस में 7.3 इंच का प्राइमरी फ्लेक्सिबल एमोलेड डिस्प्ले और एक सेकेंडरी 4.6 इंच स्क्रीन है। इसकी कीमत 1980 अमेरिकी डॉलर से शुरू होगी। भारतीय रुपए में यह करीब 1.41 लाख रुपए के आस-पास होगी। यह एक प्रीमियम स्मार्टफोन है, जिसमें 7एनएम क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 855 ऑक्टा-कोर एसओसी के साथ 12 जीबी रैम और 512 जीबी स्टोरेज दिया गया है।

# सेंसेक्स में 264 अंक का उछाल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से नए उपाय किए जाने की उम्मीदों के बीच बैंकिंग, एफएमसीजी और धातु कंपनियों के शेयरों में तेजी से बीएसई सेंसेक्स 264 अंक चढ़कर बंद हुआ। कारोबारियों ने

- बैंकिंग, एफएमसीजी शेयरों में रहा लिवाली का जोर



कहा कि सकारात्मक वैश्विक रुख और रुपए में मजबूती से भी बाजार को बल मिला। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 कंपनी शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 263.86 अंक यानी 0.71 प्रतिशत बढ़कर 37,332.79 अंक पर बंद हुआ।

### ये शेयर बढ़े

सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज करने वालों में यस बैंक , सन फार्मा , इंडसइंड बैंक , टाटा स्टील , हिंदुस्तान यूनिलीवर , वेदांता , टाटा मोटर्स , आईसीआईसीआई बैंक , आईटीसी , एचडीएफसी और बजाज आटो रहे। इनमें 3.75 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई।

# अमेजन इंडिया ने देश में आर्थिक सुस्ती को नकारा

एजेंसी ▶▶| इंदौर

ऑनलाइन खुदरा बाजार पर आर्थिक सुस्ती के असर को एक तरह से नकारते हुए दिग्गज ई-वाणिज्य कंपनी अमेजन इंडिया के एक आला अधिकारी ने कहा कि कंपनी भारत में अपनी कारोबारी वृद्धि को लेकर 'बेहद आशावादी' है। अमेजन इंडिया के निदेशक (श्रेणी प्रबंधन) कवीश चावला ने कहा, देश की कुल खुदरा बिक्री में समूचे ई-वाणिज्य क्षेत्र की हिस्सेदारी फिलहाल तीन प्रतिशत से भी कम है। इसलिए पूरी अर्थव्यवस्था से जुड़े कारकों का सीधा असर ऑनलाइन खुदरा बाजार पर नहीं पड़ता है। अगर मैं इस हिसाब से देखूं, तो ऑनलाइन खुदरा बाजार में किसी तरह की आर्थिक सुस्ती नहीं है। चावला ने कहा, हम भारत में अपने कारोबार की वृद्धि को लेकर बेहद आशान्वित हैं और आगे भी रहेंगे। देश के लोगों की शिक्षा, आय और पेशेवर उत्पादता जैसे संकेतकों में लगातार वृद्धि हो रही है। लिहाजा निराश होने का कोई कारण ही नहीं है। कंपनी के निदेशक ने कहा कि केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिये हाल ही में कुछ अहम कदम उठाये हैं और इन उपायों से कारोबारी जगत में भरोसा बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने विस्तृत आंकड़े दिए बगैर बताया कि देश में जनवरी से अगस्त के बीच अमेजन इंडिया के जरिए वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर जैसे बड़े घरेलू उपकरणों की बिक्री पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 50 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ी है।

- कंपनी भारत में कारोबारी वृद्धि को लेकर आशावादी




### कंपनी प्लास्टिक का उपयोग घटा रही

चावला ने कहा, हम किसी हफ्ते या महीने के बिक्री के आंकड़े देखकर योजनाएं नहीं बनाते। हम देख रहे हैं कि भारत में हमारी बिक्री में वृद्धि के नए रुझान किस तरह सामने आ रहे हैं। हमारी निगाहें देश के अगले पांच, 10 या 15 सालों में होने वाले विकास पर टिकी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील के मद्देनजर अमेजन इंडिया अपनी पैकेजिंग में प्लास्टिक के उपयोग को घटाने की हरसंभव कोशिश कर रही है।

### 8.65 प्रतिशत की ब्याज दर जल्द अधिसूचित होगी: गंगवार

# 2018-19 के लिए पीएफ पर मिलेगा 8.65% ब्याज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रम मंत्रालय 2018-19 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर 8.65 प्रतिशत की ब्याज दर को जल्द अधिसूचित करेगा। श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय को इस ब्याज दर पर किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं है। भविष्य निधि खाताधारकों के खाते में ब्याज का पैसा जमा करने के लिए श्रम मंत्रालय की अधिसूचना की जरूरत होती है। मंत्रालय ब्याज दर को लेकर अधिसूचना जारी करता है।

- श्रम मंत्री गंगवार ने दी यह जानकारी



### तीन साल में पहली बार वृद्धि

ईपीएफओ की निर्णय लेने वाली संस्था केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने 2018-19 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर बढ़ाकर 8.65 प्रतिशत करने का निर्णय लिया था। ईपीएफ की ब्याज दर में तीन साल में यह पहली वृद्धि है। वित्त वर्ष 2017-18 में ईपीएफ पर ब्याज की दर 8.55 प्रतिशत थी।

### छह करोड़ अशंधारकों को होगा फायदा

इसके बाद ही भविष्यनिधि के छह करोड़ से ज्यादा अंशधारकों को इसका फायदा होगा। इसके अलावा, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) इस ब्याज दर पर भविष्य निधि कोष की निकासी के दावों का निपटान कर सकेंगे। फिलहाल, भविष्य निधि निकासी दावों के तहत ईपीएफओ 2018-19 के लिए 8.55 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान कर रही है।

### 2015-16 में 8.8 फीसदी थी ब्याज दर

ईपीएफओ ने 2016-17 में ब्याज दर को घटाकर 8.65 प्रतिशत किया था जो कि 2015-16 में 8.8 प्रतिशत थी। अप्रैल में, वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 2018-19 के लिए ईपीएफ पर 8.65 प्रतिशत का ब्याज देने के ईपीएफओ के फैसले पर अपनी सहमति दी थी।

### कर्ज का मुद्दा सुलझाने मिला आश्वासन

इस बीच, निजी सुरक्षा उद्योग पर फिक्की की समिति के अध्यक्ष ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि अर्थव्यवस्था में मौजूदा सुस्ती के बीच निजी सुरक्षा क्षेत्र में वृद्धि और रोजगार सृजन जारी है। जीएसटी, वेतन संहिता, छोटी कंपनियों के लिए कर्ज पहुंच से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों से आश्वासन मिला है।

## खबर संक्षेप



### शरण-नीस की जोड़ी पहले दौर में बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के दिविज शरण और मोनाको के हुगो नीस की जोड़ी यहां अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में रोबर्ट कारबालेस बाएना और फेडरिको डेलबोनिस की जोड़ी से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। शरण-नीस की जोड़ी को शीर्ष 100 के बाहर की रैंकिंग वाले खिलाड़ियों की जोड़ी से 4-6, 4-6 से हार का मुंह देखना पड़ा। शरण और नीस को 72 मिनट तक चले मुकाबले में कोई ब्रेक प्वाइंट नहीं मिला जबकि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने दोनों सेट में एक एक बार ब्रेक किया और अगले दौर में प्रवेश किया।

### बीसीसीआई ने जडेजा पूनम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने अर्जुन पुरस्कार पाने वाले क्रिकेटर रविंद्र जडेजा और स्पिनर पूनम यादव को बधाई देते हुए लगातार अच्छे



प्रदर्शन के लिए उनकी तारीफ की है। बीसीसीआई का संचालन कर रही तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति के प्रमुख विनोद राय ने कहा कि दोनों क्रिकेटरों ने अपने प्रदर्शन से नए मानक कायम किए हैं। महिला टीम की पूर्व कप्तान और सीओए सदस्य डायना एडुल्जी ने कहा, 'पूनम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने 2018 में टी20 क्रिकेट में 35 विकेट लिए जो एक रिकार्ड है। मैं रविंद्र जडेजा को भी उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए बधाई देती हूं।'

### अदिति ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां 2019 कैम्बिया पोर्टलैंड क्लासिक में पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला।



अदिति इस कार्ड से संयुक्त रूप से 52वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि मि जंग हुर और हना ग्रीन ने आठ अंडर 64 का कार्ड खेलकर संयुक्त बढ़त बना ली। अदिति ने अंत में 15वें और 16वें होल में दो बर्डी से अंडर पार का कार्ड हासिल किया।

### ओलंपिक क्वालीफायर से पहले बढ़ेगा आत्मविश्वास

**नई दिल्ली।** अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि ओलंपिक क्वालीफायर से पहले दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम के



खिलाफ खेलने से भारतीय हाकी टीम का मनोबल बढ़ेगा। भारतीय टीम ने हाल ही में टोक्यो में ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को हरा खिताब जीता। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय टीम सितंबर में बेल्जियम का दौरा करेगी जबकि ओलंपिक क्वालीफायर नवंबर में खेले जाने हैं। श्रीजेश ने कहा कि बेल्जियम दौरा अहम है। वह दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और हम उनके खिलाफ अच्छा खेल सके तो हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा।'

### बीसीसीआई ने आगामी सत्र के लिए 17 नये अंपायरों को पैनल में शामिल किया

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने आगामी सत्र (2019-2020) के लिए अपने मौजूदा पैनल में 17 नये अंपायरों को शामिल किया है जिससे अब उनकी कुल संख्या 126 हो गई हैं। बीसीसीआई के पैनल में 126 अंपायरों के साथ 71 मैच रेफरी भी हैं। बीसीसीआई ने हाल ही में नागपुर में नेशनल एकेडमी फॉर अंपायर्स (एनएयू) में छह से 23 अगस्त तक आईसीसी अंपायरों के प्रशिक्षक डेनिस बर्न्स के मार्गदर्शन में सत्र पूर्व कार्यशाला का आयोजन किया था। इस कार्यशाला में एस रवि, अनील चौधरी, सी शमशुद्दीन, नीतिन मेनन जैसे वरिष्ठ अंपायरों ने भी भाग लिया।

# विश्व कप : अभिषेक ने जीता साल का छठा स्वर्ण पदक, सौरभ को कांसा

एजेंसी ▶▶| रियो डि जिनेरियो

एशियाई खेलों के पदकधारी अभिषेक वर्मा ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि युवा निशानेबाज सौरभ चौधरी ने कांसा जीता।

अभिषेक ने गुरुवार को आठ निशानेबाजों के फाइनल में 244.2 अंक जुटाए जबकि 17 साल के सौरभ ने 221.9 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। सौरभ इस साल पांच स्वर्ण पदक जीत चुके हैं और यह साल में छठा आईएसएसएफ विश्व कप पदक है। रजत पदक तुर्की के इस्माइल केलेस के नाम रहा जिन्होंने 243.1 अंक हासिल किए। भारत अब तालिका में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक से शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने इस स्पर्धा में देश को मिलने वाले ओलंपिक कोटे हासिल कर लिए हैं। अभिषेक और सौरभ ने पिछली क्वालीफाइंग स्पर्धा में कोटे सुरक्षित कर लिए थे। सौरभ ने 584 अंक से चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जबकि अभिषेक ने 582 अंक से पांचवें स्थान से आठ निशानेबाजों के साथ पहुंचे। गौरव राणा 571 अंक से 44वें स्थान पर रहे।

**खास बातें**

- 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 244.2 अंक से रहे शीर्ष पर
- 17 साल के सौरभ ने 221.9 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया
- भारत तालिका में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक से शीर्ष पर




**चिंकी 10वें स्थान पर रहीं**

चिंकी यादव फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंची लेकिन वह 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा के अंतिम क्वालीफाइंग मार्क से एक अंक पीछे रह गईं। वह 584 से 10वें स्थान पर रहीं। भारतीय टीम में वापसी कर रही अनु राज सिंह 579 अंक से 25वें जबकि अभिदन्य अशोक पाटिल 572 अंक से 53वें स्थान पर रहीं। भारतीयों में चैन सिंह और पारूल कुमार ने पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशन में क्रमशः 49वां और 57वां स्थान हासिल किया।

### राही, मनु का शानदार प्रदर्शन

प्रतिस्पर्धा के इतर न्यूनतम क्वालीफिकेशन स्कोर वर्ग में भारतीयों का दिन शानदार रहा। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में राही सरनोबत और मनु भाकर ने क्रमशः 580 और 583 अंक जुटाए। दोनों ही ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी हैं। स्वप्निल कुसाले और ऐश्वर्य सिंह तोमर ने पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशन एमक्यूएस वर्ग में क्रमशः 1166 और 1165 अंक बनाए।

### इलावेनिल, संजीव ने जीते हैं स्वर्ण और रजत

युवा इलावेनिल वलारिवान ने बुधवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर भारत के लिए खाता खोला था। संजीव राजपूत ने इसके बाद पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशन फाइनल में रजत पदक जीतकर भारत के लिए ओलंपिक कोटा सुरक्षित किया। पिछले साल जकार्ता एशियाड में कांस्य पदक जीतने वाले अभिषेक और सौरभ ने टूर्नामेंट के दूसरे दिन पदक जीतकर भारत को शीर्ष पर पहुंचाया।

## अमेरिकी ओपन : वाकओवर के साथ तीसरे दौर में पहुंचे नडाल

# 112 रैंक नीचे की टाउनसेंड से हारीं वर्ल्ड नंबर-4 हालेप, कोको भी जीतीं

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में गुरुवार देर रात वर्ल्ड नंबर 4 रोमानिया की सिमोना हालेफ महिला एकल से हारकर बाहर हो गई। हालेप को 112 रैंक नीचे की अमेरिका की टेलर टाउनसेंड के खिलाफ बड़े उलट फेर का सामना करना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में टाउनसेंड ने चौथी वरीय हालेप को 2-6, 6-3, 7-6 से शिकस्त दी जो 2017 और 2018 में भी शुरुआती दौर में बाहर हो गई थीं। मौजूदा विम्बलडन चैंपियन सिमोना हालेप लगातार तीसरे साल अमेरिकी ओपन के शुरुआती दौर में ही बाहर हो गईं। वह तीन सेट तक चले मुकाबले में 116वीं रैंकिंग की टेलर टाउनसेंड से हारकर उलटफेर का शिकार बनीं।

शीर्ष वरीय ओसाका ने पोलैंड की 53 रैंकिंग की माग्डा लिनेटे को 6-2, 6-4 से पराजित किया। आंद्रिया पेतकोविच ने चेक गणराज्य की छठी वरीय पेत्रा क्वितोवा को 6-4, 6-4 से मात दी। 15वीं वरीय बियांका आंद्रेस्कू और दो बार की उप विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने भी अगले दौर में जगह सुनिश्चित की।

**खास बातें**

- हालेप लगातार तीसरे साल शुरुआती दौर में ही बाहर
- कोर्निकोवा के बाद गौफ अंतिम 32 में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी




### नडाल का हियोन से भिड़ंत

तीन बार के अमेरिकी ओपन चैंपियन नडाल ने आस्ट्रेलिया के थानासी कोकिनाकिस के चोट के कारण हटने से अगले दौर में प्रवेश किया। अब 18 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए दक्षिण कोरियाई क्वालीफायर चुंग हियोन से होगा। बिग थ्री के दो खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर ड्रा के दूसरे हाफ में हैं। उनके हाफ में छठे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी हैं जिन्होंने अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो को पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 6-3, 3-6, 6-2, 2-6, 6-3 से पराजित किया।

### ओसाका से भिड़ेंगी 15 साल की कोको



पंद्रह साल की अमेरिकी खिलाड़ी कोको गौफ तीसरे दौर के मुकाबले में गत चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी जबकि पुरुष वर्ग में राफेल नडाल वाकओवर मिलने से अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचे। कोको गौफ ने हंगरी की क्वालीफायर टिमिया बाबोस को 6-2, 4-6 6-4 से शिकस्त दी जिससे वह 1996 में अन्ना कोर्निकोवा के बाद अमेरिकी ओपन के अंतिम 32 में पहुंचने वाली युवा खिलाड़ी बन गईं।

### वावरिंका और जोकोविच करेंगे दो-दो हाथ

पुरुषों में पांचवें वरीय दानिल मेदवेदेव ने बोलिविया के हुगो डेलिन को 6-3, 7-5, 5-7, 6-3 से मात दी जबकि 2016 अमेरिकी ओपन चैंपियन स्टान वावरिंका ने जेरेमी चार्डी को चार सेट में हराकर जोकोविच से भिड़ने का हक पाया। आस्ट्रेलिया के 28वें वरीय निक किर्गियोस ने 104वीं रैंकिंग के फ्रांस के वाइल्डकार्ड एंटोइन होआंग को 6-4, 6-2, 6-4 से पराजित किया।

# वर्ल्ड चैंपियन सिंधू ने वेंकटेश्वर मंदिर में की पूजा अर्चना



एजेंसी ▶▶| तिरूपति

हाल में विश्व बैडमिंटन चैम्पियन बनी पी वी सिंधू ने शुक्रवार को वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। वह भगवान वेंकटेश्वर में काफी आस्था रखती हैं और रविवार को स्विट्जरलैंड में विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनने वाली सिंधू ने आने के बाद गुरुवार को मंदिर में पूजा की।

मंदिर के अधिकारी ने कहा कि त्रिचूर में स्थित देवी श्री पद्मावति मंदिर में गुरुवार की शाम को प्रार्थना करने के बाद उन्होंने रात यहीं बिताई और अगले दिन वह अपने माता पिता के साथ तिरूमला पहाड़ी पर स्थित वेंकटेश्वर मंदिर में पहुंची।

# त्वेसा ने जीता हीरो महिला पीजीटी में तीसरा खिताब

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 13वें चरण में रोमांचक जीत के साथ तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। इस तरह वह हीरो महिला इंडिया ओपन के लिए अच्छी तरह तैयार हैं जो इसी कोर्स में तीन से छह अक्टूबर तक खेला जायेगा।

त्वेसा अंत के दो होल में बीती रात शीर्ष पर चल रही दीक्षा डागर से एक शाट से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने कोई गलती नहीं की और खिताब जीतने में सफल रही।



त्वेसा ने अंतिम दिन दो ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर 217 रहा। उनके अलावा रिद्धिमा दिलावड़ी ही इस साल तीन खिताब जीत पायी हैं। रिद्धिमा और दीक्षा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं।

# पेशेवर मुक्केबाजों को घर में खेलने की मिली अनुमति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने विश्व संस्था एआईबीए द्वारा उठाए गए कदम के अनुकूल खुद को ढालते हुए पेशेवर मुक्केबाजों को बीएफआई से मान्यता प्राप्त एमेच्योर टूर्नामेंट में शिरकत करने की अनुमति देने का फैसला किया। यह फैसला बीएफआई की गुरुवार को हुई कार्यकारी समिति की बैठक में लिया गया और यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

पुरुषों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप अक्टूबर में होनी है जिसके बाद महिलाओं का टूर्नामेंट होगा। इससे दोनों प्रतियोगिताओं में पहली बार पेशेवर मुक्केबाजों की भागदीरी देखने को मिल सकती है। बीएफआई के महासचिव जे कोवली ने सभी



सदस्य राज्यों और इकाईयों को लिखे पत्र में कहा, 'हाल में समाप्त कार्यकारी समिति की बैठक में चर्चा के बाद फैसला किया गया कि अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) ने इस तरह की रियायत देने की अनुमति दी है तो बीएफआई भी इसी का अनुकरण करेगा और इन पेशेवर मुक्केबाजों को राज्य/राष्ट्रीय या अंतर विभागीय टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति देगा।'

### मानसी की नजरें पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर

**मुंबई।** पैरा बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी मानसी जोशी अगले साल पैरालंपिक खेलों में मिश्रित युगल वर्ग में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं। मानसी एकल में एसएल तीन वर्ग में खेलतीं है और यह 2020 तोक्यो में होने वाले खेलों का हिस्सा नहीं है। मानसी ने रविवार को बासेल में विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में गत चैम्पियन पारूल परमार को महिला एकल के एसएल तीन वर्ग में 21-12, 21-7 हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस भारतीय खिलाड़ी को हालांकि पता है कि एकल में एसएल तीन वर्ग तोक्यो पैरालंपिक के कार्यक्रम में शामिल नहीं है। इसलिए वह मिश्रित युगल वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना चाहती है। मानसी ने पीटीआई से कहा, '' दुर्भाग्य से पैरालंपिक में एकल वर्ग का मेरा मुकाबला नहीं है।

# प्रो कबड्डी: दिल्ली ने पटना को 38-35 से हराया

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग 2019 के 66वें मुकाबले में दबंग दिल्ली ने पटना पाइरेट्स को 38-35 से हरा दिया। दबंग दिल्ली के नवीन कुमार ने लगातार नौवां सुपर 10 लगाते हुए परदीप नरवाल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वहीं उन्होंने पीकेएल में सबसे तेज 300 प्वाइंट भी पूरे किए। इस जीत के साथ ही दबंग दिल्ली अंक तालिका में टॉप पर बनी हुई है। उन्होंने अपने होम लेग में 4 में से चारों मुकाबले जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। वहीं पटना की टीम एक और हार के साथ सबसे निचले पायदान पर है। परदीप नरवाल ने 18 प्वाइंट लिए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। दबंग दिल्ली ने पहले हाफ की शुरूआत से ही 7 प्वाइंट की एक बड़ी बढ़त बना ली।



### पुनेरी पलटन ने तेलुगु टाइटंस को दी शिकस्त

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी के 65 वें मुकाबले में पुनेरी पलटन ने तेलुगु टाइटंस को 34-27 से शिकस्त दी। पुणे की इस सीजन में यह सिर्फ चौथी ही जीत है और वो अंक तालिका में 25 अंकों के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। दूसरी तरफ तेलुगु टाइटंस अब 11वें स्थान पर आ गई है। पुणे के लिए इस मैच में रेडिंग में नितिन तोमर (8) और मंजीत (9) ने बेहतरीन काम किया। डिफेंस में अमित कुमार (4) और सागर कृष्ण (4) का प्रदर्शन अच्छा रहा। तेलुगु ने इस मैच में कुल मिलाकर 7 सुपर टैकल किए। पहले हाफ के बाद पुनेरी पलटन ने 16-14 की बढ़त बनाई। नितिन तोमर ने पुणे को बेहतरीन शुरुआत दिलाई।

## दूसरा टेस्ट/ पहला दिनः राहुल और पुजारा सस्ते में निपटे

# लंच तक भारत के दो विकेट पर 72 रन

भाषा ▶▶| किंग्स्टन

सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल की मुश्किल परिस्थितियों में खेली गयी नाबाद 41 रन की पारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को लंच तक 30 ओवर में दो विकेट पर 72 रन बना लिए। भारत ने इस दौरान बल्लेबाजों के लिए मुश्किल घसियाले पिच पर लोकेश राहुल (13) और चेतेश्वर पुजारा (छह) का विकेट गंवाया। लंच के समय मयंक अग्रवाल 99 गेंद में 41 रन



और कप्तान विराट कोहली 30 गेंद में पांच रन बनाकर खेल रहे थे। अग्रवाल ने अब तक की अपनी पारी में पांच चौके लगाए हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने टास जीत कर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। राहुल और अग्रवाल ने मुश्किल पिच पर पहले आधे घंटे बिना कोई जोखिम उठाए बिताया। वेस्टइंडीज के शुरूआती गेंदबाजों केमार रोच और शेनोन गैब्रियल पिच से ज्यादा फायदा नहीं उठा सके। कप्तान होल्डर ने सातवें ओवर में खुद मोर्चा संभाला और उन्होंने राहुल का विकेट लेकर पहले विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी को तोड़ा। गेंद पिच पर टप्पा खाकर बाहर की तरफ निकल रही थी और राहुल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए स्लिप में खड़े रकहीम कोर्नवाल के हाथों में चली गई। राहुल ने 26 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। ड्रिंक्स ब्रेक के समय टीम का स्कोर 13 ओवर में एक विकेट पर 36 रन था। राहुल के आउट होने के बाद मैदान पर उतरे पुजारा एक बार फिर संघर्ष करते हुए दिखे। उन्होंने 15वीं गेंद पर खाता खोला और 25 गेंद में छह रन बनाकर आउट हुए। पुजारा पदार्पण कर रहे 26 साल के कोर्नवाल की गेंद को शमारा ब्रूक्स के हाथों में खेल गए। कप्तान कोहली ने इसके बाद अग्रवाल का अच्छे से साथ निभाया और दोनों ने 13.1 ओवर में 26 रन की अटूट साझेदारी कर ली है।

# अंतिम दिन अविनाश और श्रीशंकर को स्वर्ण पदक

**राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

**लखनऊ।** स्टीपलचेज धावक अविनाश सेबल और लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने शुक्रवार को 59वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के समापन दिवस पर स्वर्ण जीतने के साथ इस महीने के आखिर में होने वाले विश्व चैम्पियनशिप के लिए तैयारियों को दुरुस्त किया।

शुक्रवार को पुरुषों के चार गुणा 400 मीटर रिले फाइनल के दौरान उस समय हास्यास्पद स्थिति बन गयी जब एएफआई-ए का प्रतिनिधित्व कर रहे मुहम्मद अनस ने गलती से एएफआई-बी टीम के खिलाड़ी से बेटन ले लिया। अनस की टीम में शामिल एलेक्स एंथोनी 200 मीटर की दौड़ के बाद तीसरे चरण के दौरान मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हो गये। अनस ने एएफआई-बी टीम के सदस्य साजिन से बेटन लेकर दौड़ना शुरू कर दिया। एएफआई-ए की टीम ने अमोज जैकब, नूह टाम, एंटनी और अनस ने चार गुणा 100 मीटर रिले में अपने समय में सुधार के लिए भाग लिया था। यह टीम 28 सितंबर से छह अक्टूबर तक दोहा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में 16वें और अंतिम पायदान पर है।

## खबर संक्षेप

### जापान, द.कोरिया जाएंगे राजनाथ सिंह

**हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आगामी 2 से 6 सितंबर तक जापान और दक्षिण-कोरिया की यात्रा करेंगे। इसका उद्देश्य दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय सैन्य सामरिक संबंधों को मजबूती प्रदान करना है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा अगस्त महीने की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटाए जाने के बाद सिंह की यह महत्वपूर्ण विदेश यात्रा होगी। जिसमें वह इस कवायद के पीछे भारत की सोच और नीति को स्पष्ट करेंगे। इस दौरे की शुरुआत 2 सितबर (2 से 3 सितंबर) को जापान से होगी और इसका समापन 6 सितंबर (5 से 6 सितंबर) को द. कोरिया में होगा।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति के सलाहकार व डोभाल ने रणनीतिक वार्ता की

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के राजनयिक सलाहकार एमैनुएल बोन ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं के साथ ही प्रमुख क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ व्यापक बातचीत की। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों पर जी 7 की प्राथमिकताओं के बारे में भी चर्चा की। फ्रांसीसी दूतावास ने एक बयान में बताया कि बोन बृहस्पतिवार को दिल्ली पहुंचे।

### हांगकांग में प्रमुख लोकतंत्र कार्यकर्ता जोशुआ वांग गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग में प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता जोशुआ वांग को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया । उनकी पार्टी डेमोसिस्टो ने यह जानकारी दी। वांग को ऐसे समय में गिरफ्तार किया गया है जब एक दिन बाद ही शहर में पार्टी की रैली करने की योजना थी जिस पर पुलिस से प्रतिबंध लगा दिया है। डेमोसिस्टो ने ट्वीट किया कि हमारे महासचिव जोशुआ वांग को आज सुबह करीब साढ़े सात बजे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें दिन दहाड़े सड़क से जबरन एक मिनीवैन में बैठाया गया। हमारे वकील अब इस मामले को देख रहे हैं। हांगकांग में पिछले तीन महीनों से राजनीतिक अशांति का माहौल है।

### घाटी में 26 वें दिन भी रहा जनजीवन प्रभावित

# जुमे की नमाज के मद्देनजर घाटी में एहतियाती तौर पर फिर लगे प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶श्रीनगर

कश्मीर घाटी में जुमे की नमाज के मद्देनजर एहतियाती तौर पर फिर से प्रतिबंध लगाए गए। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण रही। घाटी में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगाए गए हैं। लोगों से बाहर ना जाने को कहा गया है और अवरोधक भी लगा दिए गए हैं। शहर के अंदरूनी हिस्सों और घाटी में स्थित मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण रही लेकिन घाटी में लगातार तीसरे हफ्ते प्रमुख मस्जिदों में कहीं नमाज अदा नहीं की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नमाज शांतिपूर्ण रही और घाटी में कहीं भी किसी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है। कश्मीर घाटी में बाजार बंद रहने और सार्वजनिक वाहनों के सड़कों से नदारद रहने के चलते जनजीवन आज लगातार 26वें दिन भी प्रभावित रहा।



### कुपवाड़ा जिले में मोबाइल सेवाएं आंशिक रूप से बहाल

कश्मीर घाटी के कुपवाड़ा जिले में 'पोस्ट-पेड' उपभोक्ताओं के लिए 'इनकमिंग' मोबाइल सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती जिले में राज्य के सभी 'पोस्ट-पेड' बीएसएनएल, जियो और वोडाफोन उपभोक्ताओं को फैसले का लाभ मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार 'आउटगोइंग' मोबाइल सेवाओं की अनुमति देने में तकनीकी मुद्दा है और समस्या से निपटने में कुछ समय लगेगा। उन्होंने कहा कि 'प्री-पेड' उपभेक्ताओं के लिए सेवाएं अभी नहीं खोली गई हैं। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के केंद्र के पांच अगस्त के फैसले के बाद राज्य में लैंडलाइन, मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं।



### कश्मीर में पाबंदियां लगातार हटायी जा रही हैं: जावडेकर

कोच्चि। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर घाटी में पाबंदियां हर रोज लगातार हटायी जा रही हैं। उन्होंने 'पूर्ण सामान्य नये कश्मीर' का वादा भी किया। उन्होंने कश्मीर की स्थिति पर 'फर्जी खबरें' प्रसारित करने को लेकर कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया संगठनों की आलोचना भी की और कहा कि वे रोजाना बेनकाब हो रहे हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने यहां मलयाला मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव में श्रोताओं से संवाद करते हुए इस बात को खारिज कर दिया कि घाटी में मीडिया ब्लैकआउट है। उन्होंने कहा कि अखबारों और टीवी चैनलों के प्रतिनिधि क्षेत्र में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीरी अखबार सभी भाषाओं में रोज प्रकाशित हो रहे हैं और श्रीनगर रेडियो एवं खबरिया चैनल लोगों तक पहुंच रहे हैं।



### सेना प्रमुख ने की घाटी में सेना की तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने जम्मू कश्मीर की अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन शुक्रवार को नियंत्रण रेखा पर सैन्य बलों की तैयारियों की समीक्षा की। गत पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद राज्य में पाबंदियां लगाए जाने के उपरांत जनरल रावत की यह पहली जम्मू कश्मीर यात्रा है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यहां पहुंचने के तुरंत बाद जनरल रावत नियंत्रण रेखा के अग्रिम क्षेत्रों के लिए रवाना हो गए। अधिकारी के अनुसार सेना प्रमुख ने कमांडरों और सैनिकों से बातचीत की जिन्होंने उन्हें सेना की तैयारियों, खासकर नियंत्रण रेखा पर तैयारियों के बारे में बताया।



## अब रात के अंधेरे में सेना करेगी आतंकियों का काम-तमाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 के हटने के बाद से सूबे की सीमाओं से लेकर घाटी में पूरी तरह से मुस्तैद सेना अब रात में आतंकियों का सफाया करती हुई नजर आएगी। इसके पीछे की मुख्य वजह सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी किया गया वह ताजा निर्देश है, जिसमें उन्होंने सेना को कहा है कि कश्मीर घाटी के अंदर आतंकियों के खिलाफ चलाए जाने वाले अलग-अलग प्रकार के सैन्य अभियानों को रात के अंधेरे में ही अंजाम दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय में मौजूद सेना के सूत्रों ने यह जानकारी दी है।



### पथराव, प्रदर्शन से बचाव

सूत्रों का कहना है कि आतंकियों की किसी भी गतिविधि के बारे में खुफिया इनपुट मिलने के बाद रात में ही उनके सफाए के लिए अभियान चलाने जाएं। क्योंकि इससे फौज को ही फायदा होगा। क्योंकि रात के अंधेरे में आतंकवादियों के समर्थक स्थानीय लोगों द्वारा सेना पर किया जाने वाला पथराव, विरोध-प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा और ऑपरेशन को उसके मुक्कमल अंजाम तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। गौरतलब है कि धारा-370 को हटाए जाने के बाद से लेकर अब तक वहां पर कर्फ्यू जैसे हालात हैं। लेकिन आतंकियों की हरकतों पर कोई लगाम नहीं लगाई जा सकी है।

### जारी किया दहशत का पोस्टर

जम्मू-कश्मीर में लश्करे तैयबा के डिवीजनल कमांडर अबू हैदर और जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर ने आतंकवाद से सबसे ज्यादा ग्रस्त दक्षिण-कश्मीर के शोपियां और कुलगाम में बीते 29 अगस्त को जगह-जगह पर कुछ पोस्टर चस्पा किए हैं। जिसमें इलाके में रहने वाले आम लोगों से लेकर वहां मौजूद सरकारी-निजी कार्यालयों, स्कूलों, यातायात के साधनों, फल-अनाज मंडी और दुकानों को बंद रखने करने को कहा गया है। ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। इन पोस्टरों में केंद्र द्वारा बीते दिनों धारा-370 हटाए जाने के परिपेक्ष्य का जिक्र करते हुए यह भी कहा गया है कि हम अपनी आजादी के बेहद करीब हैं और उसे लेकर रहेंगे।

## हथियारों का आधुनिकीकरण करना नहीं बंद करेंगे: किम

**संयुक्त राष्ट्र।** उत्तर कोरिया ने ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी पर आरोप लगाया है कि वे आत्मरक्षा के लिए हथियारों के आधुनिकीकरण के उसके कदमों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने कहा कि ऐसा सोचने से बड़ी और कोई गलती नहीं होगी कि प्योंगयांग हथियार रखने के अपने अधिकारों को छोड़ देगा। प्योंगयांग का कहना है कि शांति सुनिश्चित करने के लिए हथियार जरूरी है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने किम सोन ग्योंग की ओर से एक बयान जारी किया है। ग्योंग कोरिया-यूरोप एसोसिएशन के सलाहकार हैं। दरअसल अमेरिका के इन तीन महत्वपूर्ण सहयोगियों ने मंगलवार को प्योंगयांग द्वारा ''उकसावे के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों के लगातार परीक्षण'' की निंदा की थी। इन यूरोपीय देशों का आरोप है कि उत्तर कोरिया संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा है। वहीं इन्होंने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से अमेरिका के साथ निरस्त्रीकरण को लेकर हुई बातचीत में प्रगति लाने को कहा। उनका कहना था कि उत्तर कोरिया में सुरक्षा और स्थिरता को सुनिश्चित करने का यही एक मात्र उपाय है।



## भारत, पाकिस्तान के अधिकारियों ने करतारपुर गलियारे पर की तकनीकी वार्ता

**इस्लामाबाद/गुरदासपुर।** जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के अधिकारियों ने करतारपुर गलियारे के तकनीकी पहलुओं पर शुक्रवार को चर्चा की। केंद्र सरकार की ओर से जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली बैठक है। अधिकारियों ने बताया कि यह बैठक 'जीरो प्वाइंट' पर हुई। 'जीरो प्वाइंट' वह बिंदु है, जहां गलियारे का भारतीय हिस्सा और पाकिस्तानी हिस्सा मिलेंगे। इस बैठक में प्रत्येक पक्ष के 15 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में भाग लेने वाले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यह बैठक दो घंटे तक चली जिसमें गलियारे संबंधी विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर बातचीत की गई। बैठक स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और परिसर के निकट किसी भी मीडिया कर्मी को जाने की अनुमति नहीं थी। भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी इस बैठक में भाग लिया। यह प्राधिकरण अत्याधुनिक यात्री टर्मिनल इमारत का निर्माण कर रहा है।



### भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा मुक्त आवाजाही की सुविधा प्रदान होगी

पाकिस्तान की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह गलियारा पाकिस्तान के करतारपुर में स्थित दरबार साहिब को गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे से जोड़ेगा और भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा मुक्त आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगा। सिख तीर्थयात्रियों को करतारपुर साहिब जाने के लिए केवल अनुमति लेनी होगी। करतारपुर साहिब की स्थापना गुरू नानक देव ने 1522 में की थी। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान पांच अगस्त को निरस्त कर दिए थे और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में







## वतन लौटे हज यात्री...



अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को हज यात्रा से लौटकर अपने परिजनों से मिलकर भावुक होते लोग।

### अमरिंदर सिंह ने की विदेश मंत्री से अपील

## सिख लड़की का जबरन मामला पाकिस्तान सरकार के समक्ष उठाएं

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से शुक्रवार को अपील की कि वह पाकिस्तान में एक सिख लड़की के जबरन धर्मांतरण का मुद्दा पाकिस्तान सरकार के समक्ष उठाएं। सिंह ने ट्वीट किया कि पाकिस्तान के ननकाना साहिब में एक सिख लड़की के अपहरण और इस्लाम में जबरन धर्मांतरण की स्तब्धकारी घटना। उन्होंने इस ट्वीट में एक वीडियो भी टैग किया। इस वीडियो में लड़की के परिवार वाले दावा कर रहे हैं कि लड़की का अपहरण हुआ और जबरन इस्लाम में उसका धर्मांतरण किया गया। परिवार ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की मदद मांगी है। मुख्यमंत्री ने इमरान खान से इस मामले में तत्काल और दृढ़ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से यह मामला कड़ाई से अपने समकक्ष के समक्ष जल्द से जल्द उठाने को कहा है।






### भारत विराधी बयान दे रहे थे इमरान के मंत्री

# मोदी का नाम लेते ही पाक रेल मंत्री को लगा करंट

एजेंसी ▶▶इस्लामाबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के समय की घोषणा करने वाले पाकिस्तान के बड़बोले रेल मंत्री शेख रशीद बिजली के जोरदार झटके का शिकार हो गए। करंट लगने से पहले रशीद पीएम मोदी की आलोचना कर रहे थे। बिजली झटका लगते ही शेख रशीद डर गए और अपना भाषण रोक दिया। बाद में उन्होंने स्थिति को संभालते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी उनके जलसे को नाकाम नहीं कर सकते हैं।

रशीद को तब करंट लगा जब वे कह रहे थे कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने दो बड़ी गलती की है। पहला 5 परमाणु धमाके किए और हमने उसके जवाब में 6 धमाके कर दिए। कश्मीर में भारत ने दूसरी सबसे बड़ी गलती की है। उसी समय उनको करंट लग गया। करंट लगने से डर गए फिर किसी तरह खुद को संभाला। उन्होंने कहा कि बहुत तगड़ा करंट लगा। दरअसल, शेख रशीद पाकिस्तान के उन मंत्रियों में शामिल हैं जो लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी करते हैं। शुक्रवार दोपहर को जब वह भाषण दे रहे थे, तभी उनके माइक में झटका लगा। वह जब भारत के खिलाफ बयान दे रहे थे, तभी ऐसा हुआ और वह अचानक डर गए।



## शेख रशीद पहले भी कई बार दे चुके हैं विवादित बयान

शेख रशीद इससे पहले भी कई बार भारत के खिलाफ युद्ध की धमकी देते आए हैं, ये वहीं हैं जिन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि अक्टूबर-नवंबर में भारत-पाकिस्तान के बीच जंग हो सकती है। बता दें कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने देश के लोगों से अपील की थी कि वह कश्मीर के मसले पर हर शुक्रवार को दोपहर 12 से 12.30 के बीच सड़कों पर आएं और संदेश दें। शुक्रवार को भी ऐसा हुआ, पाकिस्तान के कई शहरों में लोग इमरान की अपील पर बाहर निकले। खुद इमरान खान ने भी एक जनसभा को संबोधित किया और एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला। हर बार की तरह इस बार भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने युद्ध की धमकी दी और कहा कि कश्मीरियों के लिए वह आखिरी सांस तक लड़ेंगे। इतना ही नहीं इमरान खान ने कहा कि अगर भारत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर हमला करता है, तो पूरी दुनिया को नुकसान देने वाली जंग होगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा इस 'कश्मीर ऑवर' की अपील पर वहां के पत्रकार ही विरोध कर रहे हैं। कई पत्रकारों ने ट्वीट कर लिखा है कि कुछ प्रदर्शनकारियों की वजह से हजारों लोगों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि सड़कों पर जाम लगा है, सरकार को बताना चाहिए कि इससे क्या हासिल हुआ?

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109